


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रात:नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 3, अंक : 60 रांची, सोमवार, 09 फरवरी, 2026 (फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये, email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com




## संक्षिप्त

### झारखंड में आज से छाएंगे आंशिक बादल

**रांची।** राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में 10 फरवरी से आंशिक बादल छाने की संभावना है। इसके प्रभाव से राज्य में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल राज्यभर में पछुआ हवाएं (उत्तर-पश्चिम दिशा से) चल रही हैं, जिसके कारण तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। वहीं सोमवार से हिमालयी क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिसका असर आने वाले दिनों में झारखंड के मौसम पर पड़ सकता है। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में दिनभर मौसम साफ रहा। ठंडी हवाएं मध्यम गति से चलती रहीं, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ, हालांकि धूप में हल्की गर्मी भी महसूस की गई। पछुआ हवा के प्रभाव से रांची सहित कई जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से कम दर्ज किया गया।

### तीन मंजिला इमारत ढहने से कोचिंग छात्र समेत दो की मौत, कई घायल

**जयपुर।** राजस्थान के शिक्षा नगरी कोटा के तलवंडी इलाके में शनिवार देर रात एक हृदय विदारक हादसा हुआ, जिसने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। यहाँ स्थित एक तीन मंजिला इमारत अचानक ताश के पत्तों की तरह ढह गई, जिसमें दबने से पश्चिम बंगाल के 20 वर्षीय कोचिंग छात्र आर्यन और एक अन्य व्यक्ति की दुखद मौत हो गई। हादसे के समय इमारत के भूतल पर संचालित एक रेस्टोरेंट में कई लोग भोजन कर रहे थे, जो मलबे के नीचे दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने मौके पर पहुँचकर रात भर सघन रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।

### 180 करोड़ की हेरोइन जब्त, पंजाब के दो जिलों में बड़ी ड्रग कार्रवाई

**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर और गुरदासपुर जिलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 180 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। इसके साथ ही 5.75 लाख रुपये की ड्रग मनी, 2 पिस्टल, 4 मैगजीन और 60 कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस को आशंका है कि जब्त की गई हेरोइन पाकिस्तान से तस्करी कर भेजी गई थी। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गुरदासपुर जिले से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी भारत में अपने हैंडलरों के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे और सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और तस्करी के पूरे नेटवर्क, फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की गहन जांच की जा रही है।

# आंतक पर कोई दोहरा मापदंड और समझौता नहीं : पीएम मोदी

**मलेशिया में प्रधानमंत्री मोदी ने द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक रोडमैप को किया रेखांकित**

एजेंसी

**कुआलालंपुर।** भारत और मलेशिया के बीच सदियों पुराने संबंधों को समकालीन वैश्विक संदर्भ में नई दिशा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिवसीय मलेशिया यात्रा के दौरान द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक रोडमैप को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी की वर्ष 2026 की यह पहली विदेश यात्रा है, जो इस क्षेत्र में भारत की प्राथमिकता और मलेशिया के साथ बढ़ते रणनीतिक महत्व को दशार्ती है। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ आयोजित एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल बैठक के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत और मलेशिया की सभ्यताएं न केवल सांस्कृतिक विरासत से, बल्कि साझा लोकतांत्रिक मूल्यों से भी मजबूती से जुड़ी हुई हैं।

दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों में संबंधों की गहराई का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, डिजिटल अर्थव्यवस्था और बायोटेक जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। रक्षा और



सुरक्षा के मोर्चे पर, आतंकवाद के खिलाफ भारत के सख्त रुख को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनानी होगी। इसके तहत खुफिया जानकारी साझा करने, समुद्री सुरक्षा और काउंटर-टेररिज्म में सहयोग को और अधिक विस्तार दिया जाएगा। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी दोनों देश मिलकर काम करेंगे, जिससे दक्षिण-पूर्व एशिया में एक नया तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो सके।

आर्थिक मोर्चे पर, प्रधानमंत्री ने सीईओ फोरम के माध्यम से उभर रहे निवेश के अवसरों को भारत-मलेशिया रणनीतिक बदलाव की धुरी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आसियान- भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा को जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए, ताकि व्यापारिक बाधाएं दूर हों और आर्थिक लाभ जन-जन तक पहुंच सके। इसके अतिरिक्त, मलेशिया में भारत का एक नया वाणिज्य दूतावास (कांसुलेट) खोलने का निर्णय दोनों देशों के बढ़ते संबंधों को प्रशासनिक मजबूती प्रदान करेगा।

### दोनों देशों के बीच हुए 11 महत्वपूर्ण समझौते

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2026 की पहली विदेश यात्रा भारत और मलेशिया के बीच 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली साबित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री महामहिम दातो सेरी अनवर इब्राहिम के बीच रविवार को पुत्राजाया स्थित पदार्ना पुत्र परिसर में प्रतिनिधिमंडल स्तर की सार्थक वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं की मौजूदगी में कुल 11 महत्वपूर्ण दस्तावेज और समझौतों का आदान-प्रदान किया गया। इनमें डिजिटल भुगतान और सुरक्षा सहयोग, सेमी कंडक्टर विकास और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, भ्रष्टाचार निवारण और आपदा प्रबंधन, भारतीय कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा तथा तकनीकी शिक्षा और मलेशिया का अंतरराष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होना है। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी का आज मलेशिया के प्रधानमंत्री महामहिम दातो सेरी अनवर इब्राहिम ने पदार्ना पुत्र परिसर में औपचारिक स्वागत किया।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील ऐतिहासिक : शिवराज सिंह

**केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा- किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह डील ऐतिहासिक है और पूरी दुनिया को यह संदेश देती है कि भारत की नीति समझौते की है, झुकने की नहीं। उन्होंने दो टूक कहा कि किसानों के हितों पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी और इस समझौते में ऐसा कोई भी उत्पाद शामिल नहीं है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चौहान ने साफ किया कि भारत में किसी भी प्रकार के आनुवंशिक रूप से संशोधित यानी जीएम कृषि उत्पादों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने इसे भारतीय कृषि के लिए बेहद अहम फैसला बताया और कहा कि इससे हमारी मिट्टी, हमारे बीज और कृषि की शुद्धता सुरक्षित रहेगी। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड डील में सभी संवेदनशील कृषि उत्पादों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे अनाज, पोल्ट्री, डेयरी, केले, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग, तिलहन, इथेनॉल और तंबाकू जैसे उत्पादों पर किसी भी तरह की टैरिफ छूट नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि



सबसे ज्यादा चिंता हमारे प्रमुख अनाजों को लेकर थी और ये सभी सुरक्षित रखे गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि अमेरिका के लिए भारत ने अपने प्रमुख अनाज, फल और डेयरी उत्पादों का कोई द्वार नहीं खोला है। छिलका रहित अनाज, आटा, गेहूं, मक्का, चावल, बाजरा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, दलहन, फ्रोजन सब्जियां, संतरे, अंगूर, नींबू और स्ट्रॉबेरी जैसे अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत में नहीं आएंगे। इसके अलावा मिक्स डिब्बाबंद सब्जियों को भी भारत में अनुमति नहीं दी जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि दुग्ध उत्पादों में भी भारत ने अपनी सीमाएं स्पष्ट कर दी हैं। अमेरिका से लिक्विड दूध, मिल्क पाउडर, क्रीम, योगर्ट, बटरमिल्क, मक्खन, घी, बटर ऑयल, पनीर और चीज को भारत में प्रवेश नहीं मिलेगा।

# कमीशनखोरी की चेन खंगालने में जुटी ईडी

**ग्रामीण विकास विभाग के दर्जन भर इंजीनियरों को ईडी का समन**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

रांची। झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में कथित कमीशनखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विभाग के दर्जन भर इंजीनियरों को सम्मन जारी किया है। इनमें कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनीय अभियंता शामिल हैं। ईडी ने इन अधिकारियों को अलग-अलग तिथियों पर पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी अब विभाग में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी कमीशन वसूली की पूरी श्रृंखला (चेन) को उजागर करने में जुटी है। अब तक की जांच में यह सामने आया है कि टेंडर प्रक्रिया के दौरान ठेकेदारों से अवैध वसूली कर रकम ऊपर तक पहुंचाई जाती थी, जिसमें कई स्तरों पर अधिकारी और अन्य लोग शामिल थे। इसी नेटवर्क की तह तक पहुंचने के लिए ईडी ने पूछताछ की प्रक्रिया को तेज किया है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में अब तक पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में तीन आरोप पत्र दायर किए जा चुके हैं, जिनमें 22 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जांच के दौरान विभाग के तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल, उनके करीबी जहांगीर आलम, तत्कालीन मुख्य अभियंता बिरेंद्र राम और आलोक रंजन सहित कई अन्य की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपितों की सूची में संजीव लाल की पत्नी रीता लाल, बिरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी, पिता गेंदा राम, साथ ही मामले से जुड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट और हवाला कारोबारी भी शामिल हैं। ईडी अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के आधार पर आगे और सम्मन व कार्रवाई संभव है।

**केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव**

# झारखंड को मिलेगी विकास की नई रफ्तार : रूडी

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और सांसद राजीव प्रताप रूडी ने केंद्रीय बजट 2026-27 को आत्मनिर्भर और विकसित भारत को सशक्त आधार प्रदान करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से झारखंड को विकास की नई गति मिलेगी। वे रविवार को रांची स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। राजीव प्रताप रूडी ने बताया कि इस बजट में झारखंड के लिए कर हस्तांतरण और अनुदान में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य को 51,236 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण प्रस्तावित है, जबकि वर्ष 2014 से अब तक झारखंड को कुल 3.14




लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर हस्तांतरण मिल चुका है। इसके अतिरिक्त, 2014-26 के दौरान अनुदान के रूप में 1.04 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं, जो सहकारी संघवाद की नीति का स्पष्ट प्रमाण है।

सांसद रूडी ने बताया कि 2020-21 से जनवरी 2026 तक झारखंड को 50 वर्षों की ब्याज-मुक्त विशेष पूंजीगत सहायता योजना के तहत कुल 11,567 करोड़ रुपये मिले हैं। इससे राज्य में सड़क, सिंचाई, शहरी अवसंरचना और औद्योगिक परियोजनाओं को गति मिली है। रेलवे क्षेत्र में हुए सुधारों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड अब 100 प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण वाला राज्य बन चुका है। रेलवे बजट आवंटन 2009-14 के औसत 457 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 7,302 करोड़ रुपये हो गया है। राज्य में 57 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा रांची-पटना, रांची-वाराणसी सहित 7 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि देवघर एम्स, नए मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना और जनजातीय योजनाओं को भी गति मिली है।

# कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई पर मुख्यमंत्री सरमा ने लगाया पाकिस्तानी लिंक का आरोप

एजेंसी

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई से जुड़े पाकिस्तान लिंक के आरोपों को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि किसी वर्तमान सांसद का नाम सामने आने से यह मामला सामान्य जांच से कहीं आगे निकल जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ गोगोई से जुड़े आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा और राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब संसद का एक सदस्य,




वह भी विपक्ष का वरिष्ठ नेता, ऐसे मामलों में नामजद होता है, तो इसकी गंभीरता कई गुना बढ़ जाती है। डॉ. हिमंत बिस्व सरमा राजधानी दिसपुर के लोक सेवा भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मामले की शुरूआती जांच असम पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने की थी, जिसके बाद सीआईडी पुलिस थाने में औपचारिक मामला दर्ज किया गया।

# नये आयकर कानून के लिए मसौदा नियम और फॉर्म जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने नये आयकर अधिनियम, 2025 के तहत मसौदा नियम और फॉर्म जारी कर दिए हैं। इसका उद्देश्य करदाताओं के लिए अनुपालन प्रक्रिया को सरल, स्पष्ट और सहज बनाना है। नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा, जो आयकर अधिनियम 1961 का स्थान लेगा। आयकर विभाग ने मसौदा आयकर नियम, 2026 और संबंधित फॉर्म पर सभी हितधारकों से 22 फरवरी तक सुझाव और टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। इसके बाद नये अधिनियम के तहत




नियम और फॉर्म को अंतिम रूप देकर अधिसूचित किया जाएगा। वर्तमान में लागू आयकर नियम 1962 के तहत 511 नियम और 399 फॉर्म मौजूद हैं।

नये मसौदा नियमों के तर्कसंगतीकरण के बाद 333 नियम और 190 फॉर्म प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे अनुपालन बोझ में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार, नये आयकर फॉर्म को करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सरल भाषा में तैयार किया गया है। सामान्य जानकारी का सभी फॉर्म में मानकीकरण किया गया है, जिससे बार-बार विवरण भरने की आवश्यकता कम होगी और रिटर्न फाइलिंग अधिक आसान व कम त्रुटिपूर्ण हो सकेगी। फॉर्म में पहले से ही आवश्यक जानकारियां शामिल रहेंगी, जिससे फाइलिंग प्रक्रिया अधिक सुगम बनेगी। साथ ही, भाषा को स्पष्ट और सरल रखा गया है ताकि प्रशासनिक, परिचालन या कानूनी अस्पष्टता से बचा जा सके। नये मसौदा नियमों और फॉर्म के साथ दो नेविगेटर भी जारी किए गए हैं।

# 11 साल बाद सरकारी वकीलों की फीस में हुई बढ़ोतरी

**केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, अब प्रति केस मिलेंगे 21,600 रुपये तक**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के लिए अदालतों में पैरवी करने वाले वकीलों के लिए राहत भरी खबर है। करीब 11 साल के लंबे इंतजार के बाद केंद्र सरकार ने सरकारी वकीलों की फीस में बढ़ोतरी कर दी है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने इस संबंध में 5 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। नयी व्यवस्था के तहत ग्रुप ए के वकीलों को नियमित अपील और अंतिम सुनवाई वाले मामलों में अब प्रति केस प्रति दिन 21,600 रुपये का भुगतान किया जाएगा। वहीं ग्रुप बी और सी के वकीलों को 14,400 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। इससे पहले ग्रुप ए वकीलों को 13,500 रुपये और ग्रुप बी व सी को 9,000 रुपये प्रति दिन का भुगतान होता था। सरकारी वकीलों की फीस में अंतिम बार अक्टूबर 2015 में संशोधन किया गया था। लंबे समय से फीस बढ़ाने की मांग को लेकर वकील संगठन आवाज उठा रहे थे, जिसके बाद अब यह फैसला लिया गया है।

# समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है : डॉ. मोहन भागवत

**कहा- स्वातंत्र्यवीर सावरकर को भारत रत्न मिला तो उस सम्मान का सम्मान ही बढ़ेगा**

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को मुंबई में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई विरोध नहीं है। यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर को भारत रत्न मिला तो उस सम्मान का सम्मान ही बढ़ेगा। संघ प्रमुख डॉ. भागवत आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुंबई में आयोजित नए क्षितिज कार्यक्रम के दूसरे दिन के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे।



### संघ प्रमुख बोले - बुद्ध ने अपने धर्म को भी कहा है सनातन धर्म

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि बुद्ध ने अपने धर्म को भी सनातन धर्म ही कहा है। हिन्दू अपने आप में कोई धर्म नहीं है। सनातन धर्म की दो शाखाएँ-वैदिक धर्म और बौद्ध धर्म हैं। आज जो इस्लाम का स्वरूप दिख रहा है, वह मोहम्मद साहब का इस्लाम नहीं है। आज जो ईसाइयत है, वह ईसा मसीह की ईसाइयत नहीं है। आज का इस्लाम और ईसाइयत उनकी आध्यात्मिक अवधारणा को छोडकर राजनीतिक वर्चस्व के रास्ते पर चल निकले हैं। वे सच्चे इस्लाम और सच्ची ईसाइयत की ओर लौटें, इसकी आवश्यकता है। हिंदू को सबको अपनेपन और शांति की बात करनी है। हिंदू के बारे में बस इतना हो जाए कि इनका कोई बाल-बांका नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कोई एकाकी नहीं रह सकता, अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर डील करनी ही पड़ती है।

संघ प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार अच्छा है। विविधता में भी हमारा कोई विरोध नहीं है। यदि समानता से देश की एकता मजबूत होती है तो हमारा उसे समर्थन है। उसके लिए संघर्ष की स्थिति पैदा न हो। उत्तराखंड राज्य ने समान नागरिक संहिता के संबंध में पहले प्रस्ताव किया, फिर लोगों के सुझाव मांगे, तीन लाख सुझाव आए। उसके बाद उन्होंने कानून बनाया। कानून बन जाना पर्याप्त नहीं है। कानून का पालन होना चाहिए। इस सबके बावजूद हम विविधता में एकता के पक्षधर हैं। हम एक समाज है, हमें अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक मानकर विचार नहीं करना चाहिए। अलग-अलग होने पर हम सब अल्पसंख्यक ही हैं।

**सिंधु जल संधि सस्पेंड होते ही बड़ा कदम**

# चिनाब नदी पर सावलकोट हाइड्रो प्रोजेक्ट को मोदी सरकार की हरी झंडी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने चिनाब नदी पर एक बड़े ऊर्जा और बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाते हुए निर्णायक कदम उठाया है। सरकारी उपक्रम एनएचपीसी (ठल्हढउ) ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में प्रस्तावित सावलकोट जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। एनएचपीसी द्वारा जारी टेंडर के अनुसार, यह परियोजना 5129 करोड़ रुपये की लागत से एकल



पैकेज में विकसित की जाएगी। पैकेज के तहत डाइवर्जन टनल, कोफर डैम, एडिट व एक्सेस टनल, राइट बैंक स्पाइरल टनल, मांडिया नाला से जुड़े कार्य, सड़क निर्माण सहित डैम से संबंधित सभी सहायक कार्य शामिल हैं। टेंडर प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च तक चलेगी, जबकि बोली की वैधता अवधि 180 दिन निर्धारित की गई है। परियोजना के निर्माण की समयसीमा 3285 दिन तय की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से 1856 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। माना जा रहा है कि इससे न केवल जम्मू-कश्मीर की ऊर्जा आवश्यकताओं को मजबूती मिलेगी, बल्कि देश की राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड भी सशक्त होगी। विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को लेकर बढ़े तनाव के बीच चिनाब नदी पर सावलकोट परियोजना को भारत की रणनीतिक, आर्थिक और जल-सुरक्षा नीति के एक मजबूत कदम के रूप में देखा जा रहा है।

# राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक : नीलकंठ

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा रविवार को लांदुप पंचायत में आयोजित वनभोज कार्यक्रम में शामिल होकर स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और क्षेत्र की वर्तमान परिस्थितियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि आज उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। रोजगार के अभाव, विकास योजनाओं के ठप पड़ने और लगातार बढ़ते पलायन से लोग बेहद परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना था कि सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। नीलकंठ ने कहा कि आदिवासियों और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत नजर आती है। कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है, जिससे आम लोगों में असुरक्षा का भाव बढ़ रहा है। लोगों को आजीविका के लिए पलायन करने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो क्षेत्र के विकास के लिए गंभीर संकेत है। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि धरातल पर कार्य नहीं दिख रहा है। भोली-भाली जनता को आश्वासनों के सहारे रखा जा रहा है, जिससे लोगों में निराशा बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि खूंटी की धरती उलगुलान और आंदोलन की धरती रही है, जहां से हमेशा अधिकारों की आवाज उठती रही है। यहां के लोग अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं और अपनी बात मजबूती से रखना जानते हैं।

# विधायक ने किया चिंचल नाला में एकल चेक डैम का शिलान्यास

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** सदर प्रखंड के डाड़ीगुटु पंचायत अंतर्गत चिंचल नाला में रविवार को एकल चेक डैम निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक राम सूर्या मुंडा ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि चेक डैम के निर्माण से आसपास के किसानों को कृषि कार्यों में बड़ी सहूलियत मिलेगी और सिंचाई की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। ग्रामीणों से उन्होंने अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत गांव के पाहन ने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिससे आयोजन को विशेष सांस्कृतिक स्वरूप मिला। योजना की स्वीकृति से गांव के किसानों में खुशी देखी गई। किसानों ने कहा कि चेक डेम बनने से खेती के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और उनकी आय में इजाफा होगा।

## संक्षिप्त

### दुष्कर्म के फरार आरोपित के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**खूंटी।** सिसई थाना की पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपित गणेश सिंह के धोबी सोसो स्थित घर में ढोल नगाड़े के साथ रविवार को इश्तेहार चिपकाया। इसमें तोरपा थाना की पुलिस ने सहयोग किया। गणेश सिंह के खिलाफ सिसई थाना में नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज है। गणेश के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया। शिबू सिंह के खिलाफ सिसई थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार न्यायालय के निदेर्शानुसार अभियुक्त के घर पर ढोल-नगाड़ा बजाकर सार्वजनिक रूप से इश्तेहार चिपकाया गया, ताकि अभियुक्त को न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना स्पष्ट रूप से मिल सके। इश्तेहार में उल्लेख है कि अभियुक्त एक माह के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण करे। निर्धारित अवधि में आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में न्यायालय के आदेशानुसार आरोपित की संपत्ति की कुर्कीझ्जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक प्रीति लकड़ा, संतोष कुमार और रोशन खाखा शामिल थे।

### बरही के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने रजरप्पा मंदिर में की पूजा अर्चना

**रामगढ़।** बरही के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध माँ छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा पहुंचे और उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। पूजा के दौरान उन्होंने माँ छिन्नमस्तिका से बरही विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड की सुख शांति, समृद्धि, खुशहाली और विकास की कामना की। पूजा अर्चना के पश्चात अरुण साहू ने कहा कि माँ छिन्नमस्तिका की कृपा से क्षेत्र में आपसी भाईचारा बना रहे, युवाओं को बेहतर अवसर मिले और आम जनता का जीवन स्तर और बेहतर हो। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे सेवा और जनकल्याण की भावना मजबूत होती है। मौके पर साबी देवी, नेहा साहू ,शिल्पी साहू ,सुभाष साहू, दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, सतीश कुमार, प्रभात कुमार, रजीत कुमार, बबलू साहू, सजीत साहू, विक्की साहू सहित अन्य थे।

# रामगढ़ में 101 जोड़े का सात फेरों से बंधा जन्मों का बंधन, राज्यपाल सहित कई नेताओं ने दिया आशीर्वाद

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ की धरती एक ऐतिहासिक पल का गवाह बना। 101 जोड़े सात फेरे लेकर सात जन्मों के बंधन में बंध गए। सिद्धू-कान्हु मैदान में अभूतपूर्व सांसद सामूहिक विवाह उत्सव का यह दृश्य लोगों के जेहन में सदैव यादगार रहेगा। खासकर उन 101 जोड़ों को, जिन्होंने और उनके परिजनों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी कि उनके दूल्हे इस कदर सजी-धजी कार में बैंड, बाजा, बारात के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजियों के बीच झूमते-गाते और नाचते उनके साथ सात फेरे लेंगे। राज्यपाल संतोष गंगवार समेत कई गणमान्य हस्तियां उनकी शादी के गवाह बने और सभी नव दंपति को आशीर्वाद दिया। प्रसिद्ध गायक, अभिनेता और सांसद मनोज तिवारी मृदुल एवं झारखंड के प्रसिद्ध लोकगायक सजनी मोर फेम दीपक तिर्की मंच से अपने सुरों से समां बांधा। प्रसिद्ध म्यूजिकल फेरे स्पेशल राघव पंडित और उनकी टीम ने शादी की रस्म अदायगी की। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल इन 101 गरीब की बेटियों के लिए मसीहा बन गए। बेटियों के कन्यादान और फिर शादी के बाद विदाई के दौरान सांसद मनीष जायसवाल विचलित और भावुक हो गए। नव वर-वधू से कहा कि जिंदगी में कभी किसी चीज की जरूरत हो, इस भाई, इस बेटे को जरूर याद कर लेना।

वास्तव में कुछ ऐसे जोड़े जिनके नेत्र की रोशनी चली गई, कई दिव्यांग थे, कुछ ऐसे लोग थे, जिन्हें दो जून की रोटी भी मुश्किल से मयस्सर हो रही है। इन सभी 101 जोड़ों के सुखी दांपत्य जीवन के लिए सांसद मनीष जायसवाल ने गृहस्थ बसाने के साथ जिंदगी चलाने के लिए इलेक्ट्रिक रिक्शा (टोटो) के साथ दर्जनों प्रकार के साजो-सामान के साथ विदाई किया। विवाह समारोह का खास लम्हा रहा जब 101 जोड़ों का जयमाला सितारा आकृति में हुआ और पोपर्स का धमाल एवं जमकर आतिशबाजी हुई। बारात में छऊ नृत्य, झूमर, शहनाई, ढोल वादन, नगाड़े और मांदर के थाप, ताशा की तड़तड़ाहट और बाघ, भालू के साथ हाथों में सर्प प्रदर्शन करते अलग अलग वेश में सजे लोग कतरब दिखा रहे थे।

**मनोज तिवारी अपने क्षेत्र में करेंगे ऐसे काम**

प्रसिद्ध भोजपुरी गायक और सांसद मनोज तिवारी ने सांसद मनीष जायसवाल की सोंच को सलाम किया और उनके इस पहल को खुद भी अपने क्षेत्र में उतारने की बात कही। मनोज तिवारी ने कहा कि मनीष जायसवाल ने असाधारण पुनीत कार्य कर इतिहास रच दिया है। रामगढ़ के फुटबॉल मैदान से 101 दूल्हों की सामूहिक बारात निकली। बाराती बन हजारों की जमात अभूतपूर्व भीड़ सज-धजकर साथ चल पड़ी। बारात का पहला दिव्यांग दूल्हा बीएमडब्ल्यू कार पर पहुंचा, तो सभी की निगाहें उस पर जा टिकीं। इसमें जो दुल्हन बैठी थी वो राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी कोच थी। कोई थार रॉक्स से तो कई अन्य लग्जरी वाहनों से बारात पर सवार दिखें। सांसद मनीष जायसवाल खुद अन्य मेजबानों के साथ बारात में मौजूद मेहमानों के स्वागत की अगुवाई में खड़े थे। बारात का कहीं बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ तो कहीं छतों से फूल वर्षा कर। बारात फुटबॉल मैदान से निकलकर सुभाष चौक, थाना चौक, झण्डा चौक, चट्टी बाजार होते हुए बाजार टांड़ सिद्धू कान्हु मैदान पंहुचा।

## अवैध संबंध में युवक की हत्या



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के डोमाडीह गांव में अवैध संबंध के कारण निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। डोमाडीह गांव निवासी 25 वर्षीय युवक हरिहर महतो का सर कटा शव को कांची नदी किनारे सोनाहातू पुलिस ने बरामद किया।शव की स्थिति बेहद क्रूर थी-प्राइवेट पार्ट कटा हुआ और सिर धड़ से अलग किया हुआ मिला । बरामद शव को पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के परिजनों ने बताया कि हरिहर महतो 31 जनवरी से लापता था। गांव के ही एक महिला सुलोचना देवी से लगभग दो वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका सुलोचना देवी ने प्रेमी युवक हरिहर महतो को 31 जनवरी 2026 शाम को लगभग 6:30 बजे मिलने के लिए बुलाया था।हरिहर महतो घर से शाम लगभग 6.30 बजे निकला था।लेकिन वापस घर नहीं लौटा।घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की,लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया।परिजनों ने 3 फरवरी 2026 को सोनाहातू थाना में युवक हरिहर महतो का लापता होने का मामला दर्ज कराया।पुलिस ने सुलोचना देवी से कड़ाई से पूछताछ किया। मृतक ओर आरोपी सुलोचना देवी के मोबाईल डीटेल्स के आधार पर छानबीन शुरू किया। आरोपी के साथ कई जगहों में छापेमारी किया गया। पुलिस के पूछताछ में आरोपी सुलोचना देवी और उनके पति छत्रपति महतो ने युवक की हत्या करने की बात कबूल की और शव को छुपाने की जगह को भी बताया।डीएसपी ओम प्रकाश,थाना प्रभारी सोनाहातू प्रेम प्रदीप, पुलिस बल के साथ काफी खोजबीन की बाद शव को बरामद किया। मृतक हरिहर महतो का दो साल पहले बिनीता देवी से शादी हुई है। उनका एक माह का एक बेटा भी है। आरोपी सुलोचना देवी का दो बच्चे है। थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार ने कहा किआरोपी के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट और कॉल डिटेल्स के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हत्या में ओर लोग शामिल होने की संभावना है। आरोपी सुलोचना देवी ओर इसकी पति क्षत्रपति महतो फिलहाल पुलिस के कब्जे में हैं। सोनाहातू पुलिस इस निर्मम और क्रूर हत्या की सभी बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

## सिल्ली डीएवी के बच्चे में आईआईटी-आईएसएम धनबाद का किया शैक्षणिक भ्रमण



**सिल्ली।** सिल्ली के डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल के बच्चों का दल शैक्षणिक भ्रमण में आईआईटी धनबाद ( आईएसएम धनबाद) का भ्रमण किया। विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक प्रेम कुमार साहू एवं मोनालिसा सेन गुप्ता ने किया। इस दल में कक्षा 8 वीं, 9 वीं एवं 11वीं शामिल थे। बच्चों ने (आईएसएम) धनबाद में आयोजित इंडियन इंडस्ट्रीज कान्क्लेव 2026 में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्मार्ट माइनिंग, क्रिटिकल मिनरल्स एवं ग्रीन एनर्जी जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए जिज्ञासा बढ़ाने वाला रहा, जबकि कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग एवं जेईई जैसे करियर विकल्पों की स्पष्ट समझ मिली। इस कार्यक्रम में विज्ञान भारती (वीभा) ( एवं टेक्समीन ( टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब) का सहयोग सराहनीय रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका बी शरण इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं आत्मविश्वास विकसित करते हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**खूंटी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिरसा कॉलेज के प्राचार्य चंद्र किशोर भगत रहे। विशिष्ट अतिथियों में आशीष कुमार, पूर्व पुलिस अधिकारी चंद्रकांत मिश्रा, रोजन भेंगरा, बिस्वासी कंडेला तथा छात्र संघ प्रतिनिधि सौरभ साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें दौड़, सैक रेस और रिले रेस प्रमुख रहे। इन प्रतियोगिताओं में आयुष, रिया, मुआजे, पोरोस, निशा, महेश एवं विष्णु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

खेल दिवस की विशेषता यह रही कि अभिभावकों के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में नम्रता सोनी, रंजना कश्यप, रानी कुमारी, गुड़ी मिश्रा एवं सरानी मुंडा विजेता रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. विवेक, प्राचार्या ममता तथा उप-प्राचार्या प्रीथा की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

# सड़क दुर्घटना में घायल केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो से मिलने पहुंचे जेएलकेएम पदाधिकारी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय सचिव एवं झुमरा पहाड़ के चतरोचट्टी प्रखंड के चिलगो निवासी चंद्रदेव महतो और बोकारो जिला के कसमार प्रखंड के हिसिम निवासी ताराचंद महतो दो दिन पहले रामगढ़ जिला के गोला भेंडा पुल के समीप सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के दौरान चंद्रदेव महतो के दाहिने पैर में गंभीर फ्रैक्चर पाए जाने के कारण उन्हें बेहतर इलाज हेतु गुलमोहर हॉस्पिटल बूटी मोड़ रांची रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जेएलकेएम के केंद्रीय महासचिव संतोष चौधरी, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो और जिला महामंत्री मुख्तार अंसारी ने गुलमोहर हॉस्पिटल रांची पहुंचे और चंद्रदेव महतो से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि जेएलकेएम परिवार चंद्रदेव महतो के हर सुख-दुःख में साथ खड़ा है।

# टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल चैनपुर में आईसीटी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**रामगढ़।** टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल चैनपुर में आईसीटी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता, तकनीकी समझ, तार्किक क्षमता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउसों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।? जेआरडी टाटा हाउस के टेक टाइटन्स,महात्मा हंसराज हाउस के डिजिटल डायनेमिक,रानी लक्ष्मीबाई हाउस के साइबर चैंप्स और नारायण दास ग्रोवर हाउस के स्मार्ट कैडर ने अपनी तकनीकी दक्षता और बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग (कक्षा 3 से 5) में कड़ी प्रतिस्पर्धा के उपरांत? प्रथम स्थान महात्मा हंसराज हाउस डिजिटल डायनेमिक,द्वितीय स्थान रानी लक्ष्मीबाई हाउस साइबर चैंप्स, एवं तृतीय स्थान जेआरडी टाटा हाउस टेक टाइटन्स को प्राप्त हुआ। वहीं सीनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8) में प्रथम स्थान जेआरडी टाटा हाउस टेक टाइटन्स,द्वितीय स्थान महात्मा हंसराज हाउस डिजिटल डायनेमिक एवं नारायण दास ग्रोवर हाउस स्मार्ट कैडर,ओर तृतीय स्थान रानी लक्ष्मीबाई हाउस साइबर चैंप्स को मिला। इस अवसर पर महात्मा हंसराज हाउस के प्रभारी भूपेंद्र सहाय एवं जेआरडी टाटा हाउस के प्रभारी दीपक पाठक ने विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। कार्यक्रम का संचालन तूफान हाजरा ने किया और स्कोरर रवि चक्रवर्ती एवं टाइमर सूरज कुमार ने की भूमिका सराहनीय रही। विद्यालय के प्राचार्य तारकेश्वर कुमार ने कहा कि आज के समय में आईसीटी केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन कौशल है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थी तकनीक का सकारात्मक एवं सुरक्षित उपयोग सीखते हैं, जो उन्हें भविष्य के लिए सक्षम बनाता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने ऐसे रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक आयोजनों को आगे भी निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## दो दिवसीय सिल्ली बुरु ठाकुर मेला संपन्न

# क्रिकेट में केसरडीह व फुटबॉल में सिटकाडीह बना चैंपियन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** प्रखंड के लोवादाग पंचायत के सिटकाडीह लेदियाटांड़ मैदान में रविवार को दो दिवसीय सिल्ली बुरु मेला सह खेलकूद प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। समिति के सदस्यों ने सभी अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। क्रिकेट मैच के फाइनल में डोमनडीह को हराकर केसरडीह चैम्पियन बना। वहीं फुटबॉल प्रतियोगिता में माड़दु एफसी को हराकर जगदीश इलेवन सिटकाडीह विजेता बना। मुख्य अतिथि पुर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक आदि ने विजेता टीम को ट्रॉफी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। वहीं उप विजेता टीमों को आजसू पार्टी के केंद्रीय नेता दीपक महतो, राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, श्याम सुन्दर महतो, मुखिया लालसिंह मुंडा, गया राम महतो ने ट्राफी एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया। मौके पर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि यह मेला स्थानीय संस्कृति और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक प्रमुख जरिया रहा है । ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभावों निखारने के लिए इस तरह की आयोजन होना चाहिए। उन्होंने आयोजन समिति को आभार जताते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। वहीं टुसू प्रतियोगिता एवं अन्य सफल प्रतिभागियों को शुकुमार सिंह , शिशुपाल महतो, पंकज महतो, सत्रुघन महतो, विष्णु चरण महतो, गोपाल केडीया, आनंद महतो आदि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दो दिवसीय इस मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिता के अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# स्वर्गीय सुनील महतो स्टेडियम, सिल्ली में दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**सिल्ली।** स्वर्गीय सुनील महतो स्टेडियम, सिल्ली में दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 8 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम पवन इलेवन, रामगढ़ की टीम हुई जिसे 50000/- रुपये की पुरुस्कार प्रदान की गई. उप विजेता गोंझू ब्रदर्स रही जिसे 30000/- रुपये की इनाम राशि प्रदान की गई. सरना यूनाइटेड और लोवादाग फुटबॉल क्लब सेमी फाइनल की विजेता रही. दोनों टीमों को 11000/- रुपये की राशि प्रदान की गई. मुख्य अतिथि सिल्ली के विधायक अमित महतो ने संबोधित करते हुए कहा की स्टेडियम का इस्तेमाल खेल के विकास के लिए करने हेतु मैं प्रतिबद्ध हूँ. खेल का मैदान खिलाड़ियों के लिए है. खेल के विकास के लिए मैं सदा सदा प्रयासरत रहूँगा. विशिष्ट अतिथि ज़िला परिषद्, सिल्ली पूर्वी की सदस्य लक्ष्मी कुमारी और थ्रो बॉल एसोसिएशन, झारखंड के अध्यक्ष वेदान्त कौस्तव थे. लक्ष्मी कुमारी ने कहा खेल का मैदान में खेल भावना होना चाहिए. राजनीति से ऊपर का विषय है. वेदान्त कौस्तव ने कहा इस मैदान में खेल के आयोजन लगातार होना चाहिए।

## प्रफुल्ल राय जयंती सह नागपुरी दिवस 2026 श्रद्धा, गरिमा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ संपन्न

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** नागपुरी साहित्य के युगप्रवर्तक, बहुमुखी प्रतिभा के धनी एवं आधुनिक नागपुरी साहित्य के प्रणेता स्वर्गीय प्रफुल्ल कुमार राय (प्रफुल्ल दा) की जयंती सह नागपुरी दिवस का भव्य एवं गरिमामय आयोजन रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित स्मृति सभागार (शहीद स्मृति भवन) में प्रातः 11:00 बजे से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साहित्यकारों, कलाकारों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों तथा नागपुरी भाषा- प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रफुल्ल दा की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत वक्तव्य में नागपुरी भाषा परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रफुल्ल कुमार राय ने नागपुरी भाषा और साहित्य को नई दिशा, नई चेतना और आधुनिक स्वर प्रदान किया। उन्होंने उस समय नागपुरी गद्य लेखन को सशक्त आधार दिया, जब साहित्य मुख्यतः पद्य तक सीमित था।

वक्ताओं ने स्मरण किया कि एक समय नागपुरी बोलना हीनता का प्रतीक समझा जाने लगा था। ऐसे चुनौतीपूर्ण दौर में प्रफुल्ल दा नवजागरण के पुरोधा बनकर उभरे और नागपुरी भाषा को पुनः सम्मान एवं प्रतिष्ठा दिलाने का संकल्प लिया। उनकी प्रमुख कृतियां- सोनझइर, रिंगचिंगिया, संकर एक ठो जिनगी, पंच, लहरा, बिसाहा, एक चकता रउद, पुस कर राइत-ने नागपुरी साहित्य को समृद्ध किया। उनकी मुक्तछंद कविता बहथी-बोहाथी को नागपुरी साहित्य में मील का पत्थर माना जाता है। इस अवसर पर प्रफुल्ल कुमार राय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विशेष काव्य-पाठ भी प्रस्तुत किया गया। डॉ. संजय कुमार षाडंगी ने उनके साहित्यिक अवदान पर भावपूर्ण काव्य-पाठ किया। वहीं डॉ. राम कुमार ने उनके जीवन-संघर्ष और साहित्यिक चेतना को रेखांकित करती कविता प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथियों ने नागपुरी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।

पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा, नागपुरी भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी आत्मा की अभिव्यक्ति है। जब तक हमारी मातृभाषा जीवित है, तब तक हमारी संस्कृति और अस्मिता भी जीवित रहेगी। उन्होंने अखरा परंपरा को संरक्षित रखने पर बल दिया। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने नागपुरी गीत-संगीत को झारखंड की आत्मा बताते हुए नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का आान किया। पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी डॉ. अरुण उरांव ने कहा कि भाषा किसी समाज की पहचान होती है और नागपुरी का सम्मान करना अपनी सांस्कृतिक जड़ों का सम्मान है।

## कांके डैम बस्ती में बच्चों में पाठ्य सामग्री का वितरण

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** गुरु नानक सेवक जाता ने 8 फरवरी को कांके प्रखंड के टिकरी टोला कांके डैम बस्ती में 110 जरूरतमंद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया। जत्था के सदस्यों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से बच्चों के बीच कॉपी, किताब, पेंसिल,रबर समेत अन्य पाठ्य सामग्री तथा ट्रॉफी का वितरण किया।

बच्चों ने वेलकम गीत गाकर जत्था के सदस्यों का स्वागत किया। बच्चों को उनकी जरूरत के सामान मिलते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने जत्था के सदस्यों को थैंक यू कहा। स्थानीय लोगों ने गुरु नानक सेवक जत्था के इस मानवीय कार्य की प्रशंसा की।

गुरुद्वारा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्था द्वारा इस तरह के समाज सेवा के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं। इसके अलावा अनाथ आश्रम, वृद्ध आश्रम और दूर सुदूर बस्तियों में जाकर जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत की चीज मुहैया कराई जाती है। जत्था द्वारा समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाता है। इस सेवा शिविर में गुरु नानक सेवक जत्था के अमन डावरा,विन्नी अरोड़ा, कृष अरोड़ा, सूरज झंडई, तुषार मुंजाल,करण अरोड़ा, वंश डावरा, छोटू सिंह शामिल थे।

### संक्षिप्त

#### सिविल सर्जन कार्यालय में चिकित्सा पदाधिकारियों का टीकाकरण प्रशिक्षण संपन्न

**रांची।** सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में चिकित्सा पदाधिकारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय टीकाकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता में सुधार, निगरानी प्रणाली को मजबूत करना और सुरक्षित टीकाकरण प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करना था। समापन अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने टीकाकरण कार्यक्रम में सपोर्टिव सुपरविजन एवं प्रभावी मॉनिटरिंग की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित और सुदृढ़ निगरानी से न केवल टीकाकरण की गुणवत्ता बढ़ती है, बल्कि लक्षित आबादी तक सही समय पर सेवाएं पहुंचाना भी संभव होता है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान डॉ. असीम कुमार मांझी ने नेशनल इम्यूनाइजेशन शेड्यूल की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न टीकों की समय-सीमा, डोज और उनके महत्व को सरल तरीके से समझाया, ताकि टीकाकरण के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो।

#### वैलेंटाइन डे पर रिलीज होगा रोमांटिक म्यूजिक वीडियो सावन कर मौसम, टीजर जारी

**रांची।** वैलेंटाइन डे के अवसर पर रिलीज होने वाले रोमांटिक म्यूजिक वीडियो सावन कर मौसम का टीजर रविवार को रांची में आधिकारिक रूप से अर्थ म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया। टीजर के रिलीज होते ही दर्शकों के बीच इसे लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रोजेक्ट के निमार्ता देवपूजन ठाकुर ने बताया कि यह म्यूजिक वीडियो प्रेम, भावनाओं और ग्रामीण परिवेश की सादगी व खूबसूरती को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सावन कर मौसम दर्शकों को एक भावनात्मक और आत्मीय अनुभव देने का वादा करता है। अर्थ म्यूजिक प्रस्तुत इस म्यूजिक वीडियो का निर्देशन सुंदरम ओझा ने किया है। निर्देशक सुंदरम ओझा ने बताया कि वीडियो में मुख्य भूमिकाओं में आशा सिंह और देवा नजर आ रहे हैं, जिनकी केमिस्ट्री टीजर में ही दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। खेतों, हरियाली, प्रकृति और सावन के मनोरम माहौल में फिल्माया गया यह गीत प्रेम की मासूमियत, अपनापन और सादगी को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करता है।

# मनरेगा के संरक्षण के लिए कांग्रेस-सिविल सोसायटी की बैठक, साझा संघर्ष का संकल्प

प्रातः नागपुरी संवाददाता



रांची। मनरेगा को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ कांग्रेस और सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर मोर्चा खोल दिया है। रांची में आयोजित अहम बैठक में मनरेगा के अधिकार-आधारित स्वरूप को बनाए रखने, ग्रामीण रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने और किसी भी तरह के कमजोर करने वाले कदमों का विरोध करने पर व्यापक सहमति बनी। बैठक में सामाजिक संगठनों ने मनरेगा को ग्रामीण सम्मान, आजीविका और आत्मनिर्भरता का आधार बताते हुए इसके संरक्षण के लिए कांग्रेस के प्रयासों को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, कांग्रेस प्रभारी के. राजू, सह प्रभारी भूपेंद्र मरावी, रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप दीक्षित, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक राजेश कच्छप, प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज सहित कई सामाजिक संगठनों और श्रमिक मंचों के प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ने गांवों में रोजगार, समय पर मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा दी है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिला है।

सामाजिक संगठनों ने मांग की कि ग्राम सभा की सहमति के बिना जॉब कार्ड न हटाए जाएं, काम मांगने पर तत्काल काम मिले, भुगतान समय पर हो और सामाजिक अंकेक्षण को और मजबूत किया जाए। इस दौरान मनरेगा के अधिकार-आधारित स्वरूप को कमजोर करने वाले किसी भी प्रस्ताव पर गहरी चिंता जताई गई और उसे वापस लेने के लिए संयुक्त संघर्ष का निर्णय लिया गया। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने घोषणा की कि राज्यभर में ह्यकाम मांगो अभियानह्ण को तेज किया जाएगा, प्रत्येक विधायक अपने क्षेत्र में मॉडल अभियान चलाएगा और जिलावार समन्वयक नियुक्त किए जाएंगे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि हालिया अभियान में लाखों ग्रामीण जुड़े, हजारों नए जॉब कार्ड बने और बड़ी संख्या में काम की मांग दर्ज हुई।

बैठक के अंत में यह स्पष्ट किया गया कि कांग्रेस, सरकार और सामाजिक संगठन मिलकर मनरेगा को बचाने, मजदूरों के अधिकार सुरक्षित रखने और ग्रामीण जीवन को सम्मानजनक आजीविका देने के लिए लगातार साझा प्रयास जारी रखेंगे।

#### शहीद सोमा उरांव की पुण्यतिथि पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर प्रखंड के शकरपदा गांव में शहीद स्वर्गीय सोमा उरांव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने शहीद सोमा उरांव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश की रक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के प्रति समाज को हमेशा विशेष सम्मान और संवेदना रखनी चाहिए। उन्होंने शहीद की पत्नी द्वारा विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही एक सशक्त, जागरूक और विकसित समाज की मजबूत नींव होती है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीद परिवारों और उनके गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।

#### जेसीआई रांची ने दो शिविरों का किया आयोजन

**रांची।** जेसीआई रांची ने 8 फरवरी को नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में 42 सदस्यों ने पंजीकरण कराया। इसमें नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक का सहयोग मिला।



नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। इसमें प्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. रोहित अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने मरीजों की जांच की। ओरल हाइजीन के प्रति जागरूक किया। शिविर में 56 सदस्यों ने अपनी जांच कराई। इन दोनों कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन में अध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव साकेत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन, वीपी कम्युनिटी अनुभव अग्रवाल, निदेशक ब्लड एंड हेल्थ कैंप्स अमन पोद्दार, प्रोजेक्ट चेयरमैन रविश तोदी और सह-प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने भूमिका निभाई। यह जानकारी प्रवक्ता रवि सामौता ने दी।

#### मेगा नेत्र जांच शिविर में 300 लोगों ने कराई आंखों की जांच

**रांची।** झारखंड चित्रांश विचार मंच एवं सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल के संयुक्त प्रयास से दृष्टि नेत्रालय ने स्कूल परिसर में मेगा आई चेकअप कैंप का आयोजन रविवार को किया। इसमें



लगभग 300 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई। जरूरतमंदों को नि:शुल्क चश्मा भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल के डायरेक्टर अमरेश कुमार श्रीवास्तव, शिक्षिका रश्मि भूषण, हरविंदर कौर एवं शिक्षक शुभम अग्रवाल और अमित लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं दृष्टि आई हॉस्पिटल की टीम बंटी बरियार, डॉ. मनोज कुमार, राकेश प्रसाद सिन्हा, स्वाति कच्छप, प्रभा कुजूर, प्रीति कुमारी, विकास कच्छप एवं सुधांशु कुमार ने पूरी तत्परता से नेत्र जांच की। झारखंड चित्रांश विचार मंच के अध्यक्ष संजय पिपरवाल, उपाध्यक्ष राजीव सहाय एवं श्रीकांत शरण, सचिव प्रखर जयपुरियार, कोषाध्यक्ष साकेत बिहारी शरण, सदस्य प्रमोद कुमार सिन्हा, डॉ के पी सिन्हा, आनंद श्रीवास्तव, पंकज पीयूष, अशोक प्रसाद, विकास सहाय एवं मनीष वर्मा ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया।

#### स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान संस्था के तत्वावधान में भारत रत्न, स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि के अवसर पर हरमू



पेट्रोल पंप के निकट उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने लता मंगेशकर के अविस्मरणीय संगीत सफर को याद किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष सह बॉलीवुड अभिनेता देवेश खान ने कहा कि लता मंगेशकर मां सरस्वती का साक्षात स्वरूप थीं। भारतीय सिनेमा और संगीत जगत में उनका योगदान अमर है और आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। संस्था के संस्थापक एवं झारखंड के चर्चित गायक कुमार गहलोत ने कहा कि भारत की संगीत यात्रा लता मंगेशकर की मधुर स्मृतियों के बिना अधूरी है। उनकी आवाज ने हर भाव को शब्द और सुर दिए। संस्था की सचिव एवं सुप्रसिद्ध गायिका कविता होरो ने चार पंक्तियों का गायन प्रस्तुत कर अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, संरक्षक सह छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने कहा कि लता दीदी देश की सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय पार्श्व गायिकाओं में से एक थीं, जिनकी आवाज ने दशकों तक श्रोताओं के दिलों पर राज किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की सह-सचिव सोनी सिंह ने किया। इस श्रद्धांजलि समारोह में संस्था के वरिष्ठ संरक्षक गिरिजा शंकर पेड़ीवाल सहित राजू अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, खलील-उर-रहमान, हमजा रहमान, जमील-उर-रहमान, हबीब रहमान सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में नकली विदेशी व महुआ शराब की खेप जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने तमाड़ और बुंडू थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब, बीयर, देसी शराब और अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस दौरान एक छोटा पिकअप वैन (जेएच-01सीएम-8239) से अवैध शराब की खेप पकड़ी गई, जबकि अलग-अलग स्थानों से कुल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर तमाड़ एवं बुंडू थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में परासी रोड पर एक पिकअप वैन को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। इस मामले में मौके से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जब्त शराब में 38.13 लीटर नकली विदेशी शराब, 15.6 लीटर बीयर, 5.7 लीटर देसी शराब, 120 लीटर अवैध महुआ शराब तथा 600 किलोग्राम जावा महुआ शामिल है।

## रिलेशंस ने मां शारदा संगीत संस्थान के कलाकारों को किया सम्मानित

प्रातः नागपुरी संवाददाता




**रांची।** रिलेशंस की ओर से हरमू रोड स्थित मां शारदा संगीत संस्थान में सम्मान समारोह रविवार को आयोजित किया गया। इसमें गणतंत्र दिवस परेड में पंचायती राज मंत्रालय की झांकी में शानदार प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। सभी कलाकार मां शारदा संगीत संस्थान (न्यास) के थे। पंचायती राज मंत्रालय की ओर से टीम लीडर अजय कुमार के नेतृत्व में श्वेता रानी,रुचि, संगिनी श्रेया, नीतीश भारद्वाज, प्रगति, अलीशा, रितु, स्निग्धा, अमन गुप्ता, प्रवीण पटकता, आकाश, मनप्रीत, आदित्य, अमन, अभिजीत, गौतम और पीयूसर गुरु ने प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मां शारदा संगीत संस्थान के संस्थापक मणिकांत निराला, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, रांची महानगर महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष श्रीमती नीतू देवी, अशोक कुमार, राजू दुबे समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जेसीआइ रांची पुरुषोत्तमपुर की नई टीम ने संभाला पदभार, अध्यक्ष बने मनोज

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** जेसीआइ रांची पुरुषोत्तमपुर का तीसरा इंस्टॉलेशन सेरेमनी 8 फरवरी को मनाई गई। इसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष उत्तम ओझा ने नए अध्यक्ष को पदभार सौंपा। शुभम टंडन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपनी टीम के सदस्यों को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्षभर में किए जाने वाले सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। संस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा के महासचिव बिदेंश्वर बेक ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। संस्था को नई पहचान दिलाएं।

विशिष्ट अतिथि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि सेवा और समर्पण से ही संगठन मजबूत बनता है। युवाओं में नेतृत्व क्षमता और सेवा भाव संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। कार्यक्रम में जेसीआइ की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राखी जैन, जोनल अध्यक्ष गौरव सेठ और जेडवीपी शुभम टंडन ने भी अपने विचार साझा किए। मंच संचालन सोनल अग्रवाल ने किया। धन्यवाद सचिव राजीव रंजन ने दिया। इस मौके पर संजीव कुमार पोद्दार, सज्जन अग्रवाल, नामेश्वर ओझा, नीतिन सिंह, श्वेता ओझा, अरविंद राजगढ़िया, अरुण कुमार झा, विनायक गुप्ता, तन्वी अग्रवाल, अयांश अग्रवाल, विशाल पाडिया, अमित शर्मा, प्रिया लाखोटिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बीसीआइ प्लेटिनम-टाइटेनियम चैप्टर की बैठक में उपलब्धियों की समीक्षा

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** बीसीआइ प्लेटिनम और टाइटेनियम की संयुक्त बैठक रविवार को स्थानीय होटल में हुई। इसमें दोनों चैप्टर के साल भर में सदस्यों की ओर से किये गये कार्यो का लेखा जोखा सदस्यों के समक्ष रखा गया। इसमें प्लेटिनम चैप्टर के सदस्यों ने रेफरेंस के माध्यम से 27 करोड़ रुपये का कारोबार किया। प्लेटिनम चैप्टर के सदस्यों ने छह करोड़ से अधिक का व्यापार किया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले दोनों चैप्टर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों को सम्मनित किया गया। इसके अलावा टीम लीडर के लिए शिल्पी केजरीवाल हुई। सात गोल्डेन सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। बैठक में मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि बीसीआइ के तीन वर्ष पूरे हो गये है। अभी इस बीसीआइ परिवार से 130 से अधिक सदस्य जुड़ चुके हैं। यह कारंवां लगातार आगे बढ़ रहा है। मिलजुल कर एक दूसरे के सहयोग से अपने व्यापार को बढ़ा रहे हैं। बीसीआइ के निदेशक धीरज ग्रोवर, शिव कुमार, रमेश कुमार एवं अजय कुमार ने रिश्ते बनाएं, व्यापार बढ़ाएं के मूल मंत्र के साथ सभी सदस्यों को पुरा सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि रांची के बाहर भी बीसीआइ का दायरा बढ़ाते हुए नये चैप्टर का गठन करेंगे। बैठक का संचालन संयम जैन और धन्यवाद डॉ सजीत कुमार ने दिया। मौके पर हिमानी गुप्ता, शिप्रा साह, अनुज अग्रवाल, संतोष सोनी, राजेश अग्रवाल, रोहन साहा, अमर बाजोरिया समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## शैक्षणिक भ्रमण : लोक भवन का एक अनुभव



सुषमा कुमारी

मुझे रांची के लोक भवन (जिसे पहले राज भवन कहा जाता था) के शैक्षणिक भ्रमण का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आम जनता के लिए खुले होने के कारण वहां पर्यटकों का भारी उत्साह और लंबी कतारें देखने को मिलीं। यहां की व्यवस्था अत्यंत कड़ाई और अनुशासन के साथ संचालित थी। प्रवेश के लिए आधार कार्ड होना अनिवार्य था। व्यवस्थित नियमों और प्रशासनिक मुस्तैदी ने मेरा मन मोह लिया।

भीतर प्रवेश करते ही चारों ओर की हरियाली और फूलों की सजावट ने एक अद्भुत शांति का अनुभव कराया। यहां विभिन्न प्रकार के दुर्लभ फूलों को बहुत ही कलात्मक ढंग से सजाया गया था। इस भ्रमण का सबसे विशेष आकर्षण यहां की गौशाला थी। गायों के लिए इतनी स्वच्छ और आधुनिक व्यवस्था मैंने पहले कभी नहीं देखी थी। परिसर में बने सुंदर पार्क, खेल के मैदान और पानी के फव्वारों ने वातावरण को जीवंत बना दिया था।

प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों और बच्चों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा था, यहां तक कि प्यास लगने पर पीने के साफ पानी की भी उचित व्यवस्था थी। इस यात्रा के अंत में मुझे यह गहराई से महसूस हुआ कि झारखंड की यह प्राकृतिक और ऐतिहासिक धरोहर हमारी पहचान है। हमें अपने इन स्थलों के संरक्षण और सम्मान के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए, ताकि भविष्य में भी इसकी सुंदरता और गौरव बरकरार रहे।

**- छात्रा, यूजी सेमेस्टर 1**
**स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन**
**रांची विवि, रांची।**

## महिला कॉलेज चाईबासा इग्नू अध्ययन केंद्र 0525 में मेगा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम (झारखंड), 8 फरवरी 2026: इग्नू के अध्ययन केंद्र 0525, महिला कॉलेज चाईबासा द्वारा एक भव्य करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इग्नू रीजनल सेंटर के सीनियर रीजनल डायरेक्टर डॉ शुभकांत मोहंती रहे। इस मेगा इवेंट में इंटरमीडिएट छात्रों, बी.एड. प्रशिक्षुओं, डीएलएसए पारा लीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) तथा सीआरपीएफ 197 बटालियन के जवानों सहित लगभग 400 लाभार्थी शामिल हुए, जिन्हें इग्नू की लचीली दूरस्थ शिक्षा योजनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ कार्यक्रम की शुरूआत डीपीएस पब्लिक स्कूल एवं इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट छात्रों को संबोधित करने से हुई। डॉ शुभकांत मोहंती ने बताया कि इग्नू 12 वीं के बाद बैचलर डिग्री प्रोग्राम्स जैसे बीए, बीकॉम, बीएससी आदि प्रदान करता है, जो मल्टीपल एंट्री-एक्जिट स्कीम के तहत लचीले हैं। इन कोर्सों से एसएससी, बैंकिंग जैसी सरकारी नौकरियां, रिटेल, होटल मैनेजमेंट जैसी प्राइवेट जॉब्स या पीजी के अवसर खुलते हैं, और इग्नू डिग्री यूजीसी मान्यता प्राप्त होने से प्रतियोगी परीक्षाओं में मान्य है। इसके बाद डीएलएसए पश्चिमी सिंहभूम के पारा लीगल वॉलंटियर्स से भेंटवार्ता हुई। उन्हें प्रशासन एवं विकास में डिप्लोमा कोर्स के बारे में जानकारी दी गई, जो स्थानीय शासन, विकास योजनाओं एवं सामुदायिक भागीदारी पर केंद्रित है तथा उनके कार्यक्षेत्र में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। बी.एड. प्रशिक्षुओं एवं सीआरपीएफ जवानों को मार्गदर्शन बी.एड. छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि इग्नू शिक्षण क्षेत्र में नौकरी, उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास के व्यापक अवसर मुहैया कराता है। अंत में सीआरपीएफ 197 बटालियन के जवानों को इग्नू की विशेष योजनाओं से अवगत कराया गया, जिसमें जवान, अधिकारी एवं उनके परिजन यूजी, पीजी, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। यह पहल कौशल विकास के जरिए पदोन्नति एवं सेवानिवृत्ति उपरांत रोजगार के द्वार खोलेगी। काउंसलर मीट एवं प्रेस मीट कार्यक्रम में इग्नू काउंसलर मीट आयोजित की गई, जिसमें महिला कॉलेज के काउंसलर्स को पाठ्यक्रम, छात्र मार्गदर्शन, मूल्यांकन प्रक्रिया एवं ऑनलाइन संसाधनों की विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न शिक्षार्थियों की विविधताओं को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत फैसिलिटेशन पर बल दिया गया। अंत में प्रेस मीट में इग्नू की गतिविधियों, नई पहलों एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया, ताकि मीडिया के माध्यम से जनता तक यह जानकारी प्रभावी रूप से पहुंचे। आभार एवं आयोजन टीम वक्ता ने डीपीएस प्राचार्य श्री दीपेंद्र कुमार, बी.एड. प्रभारी डॉ. राजीव लोचन नमता, महिला कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रीतिबाला सिन्हा, डीएलएसए सचिव श्री रवि चौधरी, सीआरपीएफ 197 बटालियन कमांडेंट श्री सुरेश कुमार, डॉ राजू ओझा , सभी शिक्षकों, प्राध्यापकों ,विद्यार्थियों, वॉलंटियर्स, जवानों, काउंसलर्स एवं मीडिया का आभार व्यक्त किया।

## वार्ड 29 में चुनावी सरगर्मी तेज, अर्चना सिंह ने घर-घर जाकर मांगा समर्थन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**आदित्यपुर।** नगर निगम चुनाव में प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह मिलते ही सभी वार्डों में चुनावी गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी क्रम में वार्ड संख्या 29 से पार्षद पद की प्रत्याशी अर्चना सिंह ने डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ पति संघ मनमोहन सिंह राजपूत एवं समर्थक मौजूद रहे।

जनसंपर्क के दौरान अर्चना सिंह ने मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए अपने पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि वह अपनी दिवंगत सास राजमणि देवी के अधूरे सपनों को साकार करने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरी हैं। वार्ड के समग्र विकास के लिए पूर्व में तैयार किए गए रोड मैप को आगे बढ़ाना उनकी प्रमुख प्राथमिकता होगी। अर्चना सिंह ने विश्वास जताया कि जनता दिवंगत राजमणि देवी के कार्यों को याद रखते हुए इस बार भी उन्हें अपना समर्थन और आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगी और जनहित में निरंतर कार्य करेंगी।

### संक्षिप्त

#### बलदेव साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ आज

**लोहरदगा।** आईपीएल की तर्ज पर चार दिवसीय बलदेव साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग शुभारंभ 9 फरवरी को होगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन और साहू परिवार के बैनर तले इसका आयोजन हो रहा है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उक्त्ह जानकारी बीएस कॉलेज निकट स्थित राज्य स्तरीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को मीडिया को एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने दी। टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज 9 फरवरी को संध्या 5 बजे से रसियन बैंड के द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा लेजर शो, फायर शो जैसे कई इवेंट आयोजित होंगे। मैच का शुभारंभ 10 फरवरी को सुबह 9 बजे से होगा। शुभारंभ मैच का प्रमुख चेहरा भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह होंगी। मैच 13 फरवरी तक चलेगा। झारखंड के अलग अलग जगहों से आठ टीम बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेलेगी। इस अवसर पर डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, सचिव आलोक राय, वर्किंग प्रेसिडेंट भास्कर दास गुप्ता, आशीष कुमार, सतीश वर्मा, जयजीत चौबे, अमित कुमार सहित आयोजन समिति के पदधारि?यों में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। स्टेडियम में मैच का आनंद उठा नि:शुल्क उठा सकेंगे। मैच के दौरान झारखंड सरकार के चेहरे भी शामिल होंगे। इसे लेकर वार्ता चल रही है। अंतिम दिन 13 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाडी हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग भी शामिल होंगे।

#### आदित्य साहू से भाजपाइयों ने की शिष्टाचार मुलाकात

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू से धनबाद के भाजपा नेताओं ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा धनबाद महानगर जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप मंडल और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के महानगर जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

# मंत्री दीपक बिरुआ की उपस्थित में नितिन प्रकाश के चुनावी कार्यालय का भव्य उद्घाटन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** चाईबासा नगर परिषद के अध्यक्ष पद के सशक्त प्रत्याशी नितिन प्रकाश के चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन मंत्री दीपक बिरुआ (परिवहन, भू एवं राजस्व विभाग, झारखंड सरकार) के मौजूदगी में वरिष्ठ भाजपा नेता विजय अग्रवाल, डॉ. सौम्य सेन गुप्ता, अधिवक्ता अमरेश साव, इरशाद मास्टर, उमाशंकर जयसवाल, मोनिका बोयपाई, निशा केडिया, चाईबासा चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल, पश्चिमी सिंहभूम चैंबर के अध्यक्ष निरंजन गोयल सहित शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने फीता काटकर उद्घाटन किया। घंटा घर स्थित लोक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में नगरवासी, वरिष्ठ नागरिक और युवाओं का हुजूम उमड़ा नारी शक्ति को समर्पित रहा आयोजन नितिन प्रकाश का चुनाव चिन्ह 'चूड़ियाँ' है, जो भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान और शक्ति का प्रतीक है। इसी भावना को सार्थक करते हुए, आज के कार्यक्रम में महिलाओं को अग्रिम पंक्ति में रखते हुए सामूहिक रूप से कार्यालय का शुभारंभ कराया गया। यह इस बात का स्पष्ट संदेश है कि नितिन प्रकाश के विजन में चाईबासा की मातृशक्ति की भागीदारी सर्वोपरि होगी।

**भावुक हुए नितिन प्रकाश, जनता के प्रति जताया आभार**

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए नितिन प्रकाश भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, आप सभी का यह निस्वार्थ प्रेम और समर्थन मुझे भावुक भी करता है और जिम्मेदारी का अहसास भी कराता है। मैं आपके इस आशीर्वाद का सदैव ऋणी रहूँगा।

**'खाता 21': विकास का नया मॉडल**

अपनी कार्ययोजना को साझा करते हुए उन्होंने एक अनूठी पहल 'खाता 21' की के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे केवल खोखले वादों में विश्वास नहीं रखते। क्या है खाता 21 यह एक रजिस्टर होगा जो हर वार्ड के प्रभारी के पास उपलब्ध रहेगा। काम की गारंटी: वार्ड की जनता अपनी समस्याओं को इस खाते में दर्ज करेगी। सीधा संवाद: नितिन प्रकाश स्वयं वार्डों का दौरा कर उन समस्याओं पर 'काम की गारंटी' के तौर पर हस्ताक्षर करेंगे और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरदार जसपाल सिंह, घनश्याम दरबारा, राज कुमार सिंह, दीपक प्रसाद, शिबू लाल अग्रवाल, विकास दोदराजका, मुन्ना शर्मा, ललित शर्मा, गुड्डू रुंगटा, विकास गोयल, सुब्रतो सिन्हा, नरेंद्र पांडेय, संजय चौबे, राजू यादव, रामू राय, लच्छू मुंधड़ा, एमडी किले, रिजवाना परवीन, सबीना साहिन, एमडी तहसीन, एम. डी. आफताब, उदय शंकर, दिनेश लाल, कैलाश कंडेलवाल, प्रदीप विश्वकर्मा, गोलू शर्मा, भैरव शर्मा, पिंटू ठाकुर, अमित यादव, मुकेश मोदी, एमडी अल्ताफ एवं नगर के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ समाजसेवी, युवा और समर्पित कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। मंत्री दीपक बिरुआ ने भी नितिन प्रकाश की कार्यशैली और विजन की सराहना करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएँ दीं।

## जनसेवामुखी नगर के रूप में चाईबासा शहर को विकसित करना है : रमेश खिरबाल



**चाईबासा।** धनबल और बाहुबल की राजनीति के विरुद्ध जनसेवा की भावना को केंद्र में रखते हुए भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रमेश कुमार खिरवाल उर्फ लड्डू खिरवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार को मजबूती देने हेतु पूर्व सांसद श्रीमती गीता कोड़ा ने आज चाईबासा नगर क्षेत्र के अमला टोला, कुम्हार टोली, बड़ी बाजार एवं पुलिस लाइन क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित वार्डों के बूथ प्रभारी एवं वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा की।पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर परिषद क्षेत्र की जनता आज वर्षों से लीज की जटिल समस्या, पेयजल संकट, बिजली की अनियमित आपूर्ति, गंदगी, जलजमाव और बुनियादी सुविधाओं की कमी से त्रस्त है। इन समस्याओं का समाधान केवल वही नेतृत्व कर सकता है जो जमीन से जुड़ा हो, जनता के प्रति जवाबदेह हो और जिसके पास विकास का स्पष्ट विजन हो।उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष प्रत्याशी का विजन चाईबासा को लीज समस्या से मुक्ति, हर घर स्वच्छ पेयजल, निर्बाध बिजली, सुदृढ़ सफाई व्यवस्था, बेहतर सड़क-नाली, गरीबों को आवास, बाजार-तालाब-बस स्टैंड एवं श्मशान घाटों के सुंदरीकरण के साथ एक स्वच्छ, सुरक्षित और जनसेवामुखी नगर के रूप में विकसित करना है।पूर्व सांसद ने बूथ प्रभारी और वार्ड सदस्यों से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर आम जनता को इस विजन से अवगत कराएं, नगर परिषद की वर्तमान समस्याओं के ठोस समाधान को जनता के सामने रखें और भाजपा समर्थित प्रत्याशी रमेश खिरवाल के पक्ष में अधिक से अधिक जनसमर्थन जुटाएं।उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल पद का नहीं, बल्कि नगर के भविष्य का चुनाव है और जनता इस बार सेवा, ईमानदारी और विकास के आधार पर अपना निर्णय लेगी। बैठक में मुख्य रूप से सतीश पुरी, शैलेश प्रसाद , पिंटू प्रसाद एवं दिलीप जी मौजूद रहे साथ ही सैकड़ो की संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समर्थक मौजूद रहे

## भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रमेश खिरवाल के पक्ष में चुनावी अभियान को तेज किया

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** चाईबासा नगर परिषद चुनाव में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रमेश खिरवाल के पक्ष में चुनावी अभियान को तेज करते हुए आज प्रचार वाहन को विधिवत रूप से रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन नगर के सभी वार्डों में पहुंचकर जनता को जनसेवा, विकास और पारदर्शिता के मुद्दों से अवगत कराएगा। प्रचार वाहन रवाना कार्यक्रम में जेबी तुबिद, नगर परिषद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रमेश खिरवाल, जिला अध्यक्ष गीता बालमुचू, नगर अध्यक्ष राकेश पोद्दार सहित कई वरिष्ठ नेता, समाजसेवी, कार्यकर्ता एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी का नहीं, बल्कि ईमानदार नेतृत्व बनाम अवसरवादी सोच का चुनाव है। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि चाईबासा की जनता अब दिखावे की राजनीति, लेन-देन और दबाव की राजनीति से ऊब चुकी है। भाजपा समर्थित प्रत्याशी रमेश खिरवाल ही ऐसा चेहरा हैं, जो बिना भेदभाव के सभी वर्गों को साथ लेकर नगर परिषद को विकास के पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं। रमेश खिरवाल ने कहा कि नगर परिषद को भ्रष्टाचार से मुक्त करना, आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

## जेसीएमयू 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में होगी शामिल

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**धनबाद।** केन्द्र सरकार की कथित किसान विरोधी, रोजगार विरोधी एवं संगठित-असंगठित मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल आयोजित की जाएगी। यह हड़ताल विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए 4 लेबर कोड के विरोध में बुलाई गई है। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने भी इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी का निर्णय लिया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि 4 लेबर कोड से मजदूरों के अधिकारों में कटौती, श्रमिक सुरक्षा में कमी और निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा है, जिसके विरोध में मजदूर वर्ग एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेगा। क्षेत्र संख्या 5 में आम हड़ताल को सफल बनाने की जिम्मेदारी जोनल सदस्य अजित चौहान को सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में विभिन्न कोलियरियों और कार्यस्थलों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मजदूरों को हड़ताल के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## नेशनल शिड्यूल्ड ट्राइब्स एजुकेशन एसोसिएशन का गठन, सुभाष चातर बनाए गए अध्यक्ष



**चाईबासा।** एल्युमिनी एसोशिएशन सभागार टाटा कॉलेज चाईबासा में सुखदेव बारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आदिवासी समाज द्वारा संचालित स्कूलों के संचालकों ने नेशनल शिड्यूल्ड ट्राइब्स एजुकेशन एसोसिएशन का गठन किया। इसके सफल संचालन के लिए निम्नलिखित पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। अध्यक्ष-सुभाष चातर, उपाध्यक्ष -प्रधान बिरुवा,सचिव-सिकन्दर बुड़ीउली,संयुक्त सचिव दिलदार पुरती,संयुक्त सचिव-राजू डांगिल, कोषाध्यक्ष-चुमार सिंह सुरीन,सह कोषाध्यक्ष-फुलचंद पुरती, सलाहकार-डॉ0 अभिषेक कालुण्डिया,विधि सलाहकार-संजय देवगम, सदस्यगण-रामेश्वर देवगम, विजय सिंह पुरती, जेमा गुईया, दिनेश कुमार जोंको, जेवियर तिर्की। बैठक में कहा गया कि एसोशिएशन का उद्देश्य विशेष रूप से आदिवासियों द्वारा संचालित सभी स्कूल का एक समूह होगा जो आपसी समन्वय से सभी स्कूलों को सहायता प्रदान करने का कार्य करेगी और ग्रामीण परिवेश के सभी गांव के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण यह शिक्षा प्रदान कर भविष्य उज्जवल करने का काम करेगी। साथ ही नशा की प्रवृत्ति की ओर बढ़ रहे बच्चों को बचाने का कार्य करेगी। भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ संबंध स्थापित कर शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल , कॉलेज,डिप्लोमा,शिक्षा बोर्ड और काउंसिल जैसा संस्थान स्थापित करने के दिशा में प्रयास करेगी। इस पहल में शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में साहित्यकार सोनू हेस्सा,शिक्षा प्रेमी मंजीत बोयपाई, अशीषन बारला, कुनू बांसिंह आदि उपस्थित थे।

## लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब को पराजित कर एमसीसी चाईबासा क्वार्टर फाईनल में

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** शिवम कुमार (112) एवं अरविंद कुमार (79) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब चाईबासा ने लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर को 61 रनों से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। अब क्वार्टर फाईनल में एम सी सी का मुकाबला फ्रेंड्स क्लब चाईबासा से 13 फरवरी को होगा। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एम सी सी चाईबासा की टीम 28.2 ओवर में 339 रन बनाकर आल आउट हो गई। पारी की शुरूआत करने आए शिवम कुमार ने शानदार बल्लेबाजी का परिचय देते हुए मात्र 44 गेंदों पर पाँच चौके एवं बारह छक्के की मदद से ताबड़तोड़ 112 रन ठोके। पाँचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए विकेटकीपर बल्लेबाज अरविंद कुमार ने भी 38 गेंदों पर दो चौके एवं नौ छक्के की सहायता से आक्रामक 79 रन बनाए। अरविंद की बल्लेबाजी का आलम ये था कि उसने पारी का 21वां ओवर फेकने आए अंकित गुप्ता के एक ओवर में छः छक्के लगाए। एम सी सी की ओर से अन्य बल्लेबाजों में तन्मय तंतुबाई ने नाबाद 42, अजित कुमार सिंह ने 36 तथा कुमार करण ने 34 रन बनाए। लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब चक्रधरपुर की ओर से संजय प्रधान ने 45 रन देकर पाँच विकेट अपने नाम किए। कप्तान विवेक चौरसिया को दो तथा अजय प्रधान, अंकित सिंह एवं अंकित गुप्ता को एक-एक सफलता हाथ लगी। जीत के लिए पहाड़ सा स्कोर का पीछा करने उतरी लक्ष्मण गिलुआ क्रिकेट क्लब की टीम ने भी भरपूर प्रयास किया पर पूरी टीम 28 ओवर में 278 रन बनाकर आल आउट हो गई और जीत से 61 रन दूर रह गई। इस टीम की ओर से उद्घाटक बल्लेबाज ललित सिंह भोज ने पंद्रह चौके की सहायता से 83 रन तथा अजय प्रधान ने चार चौके एवं आठ छक्के की मदद से 71 रन बनाए। कप्तान विवेक चौरसिया ने भी पाँच चौके एवं दो छक्के की सहायता से 43 रन एवं सौरभ गुप्ता ने नाबाद 33 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने का भरसक प्रयास किया पर अंततः अन्य बल्लेबाजों की असफलता ने टीम की लुटिया डुबो दी।

## जनभागीदारी फाइलेरिया उन्मूलन के लिए महत्वपूर्ण : डॉ. बिरेंद्र कुमार

**दवा से होने वाले हल्के प्रतिकूल प्रभाव शुभ संकेत**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** स्वास्थ्य विभाग और ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज ने विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं पीरामल स्वास्थ्य सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं के समन्वय से मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (वीबीडी) डॉ. बिरेंद्र कुमार सिंह ने फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं प्रभावी एमडीए इस लक्ष्य को प्राप्त करने की सबसे महत्वपूर्ण रणनीति है। डॉ सिंह ने बताया कि 10 से 25 फरवरी 2026 तक राज्य बोकारो, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, रामगढ़, रांची, साहिबगंज एवं लोहरदगा जिले में दो दवाओं डी.ई.सी एवं अल्बेंडाजोल और 3 जिलों कोडरमा, पाकुड़ एवं सिमडेगा में तीन दवाओं डी.ई.सी., अल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन के माध्यम से एमडीए अभियान चलाया जाएगा। डॉ सिंह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्यकर्मी बूथों के माध्यम से तथा घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाएंगे। 2 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है तथा आशा कार्यकर्ता अथवा स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति में ही दवा सेवन अनिवार्य होगा। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि दवा सेवन के पश्चात कुछ व्यक्तियों में मितली, चक्कर अथवा हल्का बुखार जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं, जो प्रतिकूल प्रभाव नहीं बल्कि शुभ संकेत हैं। इसका अर्थ यह है कि शरीर में मौजूद फाइलेरिया के परजीवी दवा के प्रभाव से नष्ट हो रहे हैं। ऐसे लक्षणों से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## चाईबासा में कांग्रेस को बड़ा झटका: नगर अध्यक्ष के निलंबन के विरोध में पूरी नगर कमेटी ने दिया सामूहिक इस्तीफा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी में मचे घमासान के बीच आज चाईबासा नगर कांग्रेस कमेटी ने बगावती रुख अपनाते हुए सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। नगर उपाध्यक्ष, महासचिव और कई वार्ड अध्यक्षों सहित दर्जनों सक्रिय कार्यकताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने पदों को त्यागने का पत्र जिला अध्यक्ष रंजन बोइपाई के नाम कार्यालय सचिव सुशील दास जी को सौंप दिया है। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारियों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व द्वारा चाईबासा नगर अध्यक्ष मो. सलीम को निलंबित करना और कार्यकताओं की भावनाओं के विपरीत दूसरे व्यक्ति को प्रत्याशी घोषित करना एक गलत और जमीनी सच्चाई से दूर लिया गया फैसला है। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी के इस निर्णय से समर्पित कार्यकताओं की मेहनत और निष्ठा का अपमान हुआ है। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जमीन स्तर पर काम करने वाले कार्यकताओं को दरकिनार कर दिया है। जब हमारी राय का कोई मोल नहीं है, तो हम इस व्यवस्था का हिस्सा नहीं बने रह सकते।

# महिला कॉलेज के इग्नू अध्ययन केंद्र में मेगा करियर काउंसलिंग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के महिला कॉलेज चाईबासा परिसर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र की ओर से रविवार को एक भव्य मेगा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को उच्च शिक्षा एवं करियर के नए अवसरों से अवगत कराना था। इस अवसर पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के सीनियर रीजनल डायरेक्टर शुभकांत मोहंती मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत डीपीएस पब्लिक स्कूल एवं इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शुभकांत मोहंती ने बताया कि इग्नू 12वीं के बाद बीए, बीकॉम, बीएससी सहित कई स्नातक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है, जो मल्टीपल एंट्रीझएग्जिट प्रणाली पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि इग्नू की डिग्री यूजीसी से मान्यता प्राप्त है, जिससे विद्यार्थियों को सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के साथ-साथ उच्च शिक्षा के व्यापक अवसर मिलते हैं। इसके बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिमी सिंहभूम के पारा लीगल वॉलंटियर्स के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रशासन एवं विकास से संबंधित विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। बताया गया कि ये पाठ्यक्रम उनके कार्यक्षेत्र को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक हो सकते हैं। बीएड प्रशिक्षुओं के लिए आयोजित सत्र में शिक्षण क्षेत्र में रोजगार, उच्च शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं सीआरपीएफ 197 बटालियन के जवानों को इग्नू की विशेष शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनके तहत जवान, अधिकारी और उनके परिजन यूजी, पीजी, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान काउंसलर मीट और प्रेस मीट का भी आयोजन किया गया।

# शिड्यूल्ड ट्राइब्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सुभाष

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** एल्युमिनी एसोसिएशन सभागार, टाटा कॉलेज चाईबासा में सुखदेव बारी की अध्यक्षता में रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में आदिवासी समाज की ओर से संचालित स्कूलों के संचालकों ने मिलकर नेशनल शिड्यूल्ड ट्राइब्स एजुकेशन एसोसिएशन का गठन किया। बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष पद पर सुभाष चातर, उपाध्यक्ष प्रधान बिरुवा, सचिव सिकन्दर बुड़ीउली, संयुक्त सचिव दिलदार पुरती और राजू डांगिल, कोषाध्यक्ष चुमार सिंह सुरीन, सह-कोषाध्यक्ष फुलचंद पुरती को चुना गया। वहीं सलाहकार के रूप में डॉ अभिषेक कालुण्डिया, विधि सलाहकार संजय देवगम और सदस्य के रूप में रामेश्वर देवगम, विजय सिंह पुरती, जेमा गुईया, दिनेश कुमार जोंको और जेवियर तिर्की को शामिल किया गया। बैठक में बताया गया कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य आदिवासियों की ओर से संचालित सभी स्कूलों को एक मंच पर लाकर आपसी समन्वय के साथ सहयोग देना है। इसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही नशे की प्रवृत्ति की ओर बढ़ रहे बच्चों को इससे दूर रखने के लिए भी काम किया जाएगा।

## संक्षिप्त

### फुटबॉल के साथ फाइलेरिया उन्मूलन का संकल्प

**गुमला।** एमडीए राउंड (10 से 25 फरवरी) को सफल बनाने के उद्देश्य से गुमला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। यह आयोजन फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने में प्रभावी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो एवं सिविल सर्जन गुमला डॉ. शंभू नाथ चौधरी ने किया। मैच शुरू होते ही स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक जुट गए।

### नगरपालिका चुनाव की तैयारियों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला में शनिवार को नगरपालिका निर्वाचन की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) कर्ण सत्यार्थी ने विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन से जुड़े कार्यों की प्रगति का विस्तार से जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बंदोबस्त कार्यालय का भ्रमण किया, जहां मतदाता सूची की वर्किंग कॉपी एवं मतदाता पर्ची के मिलान कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी गंभीरता और सावधानी के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए, ताकि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण नगरपालिका चुनाव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची निर्वाचन प्रक्रिया की आधारशिला होती है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी सचिदानंद महतो, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी किकू महतो, कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद सहित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आमजन भी कर सकते हैं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

# सभी मतदान केंद्रों पर रहेगी सुरक्षा की व्यवस्था

**एफएसटी, एसएसटी, चेक पोस्ट, कंट्रोल रूम एक्टिव**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**धनबाद।** धनबाद नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष, शतिपूर्ण एवं त्रुटि रहित तरीके से संपन्न कराने और मतदाताओं को निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। चुनाव के दिन 23 फरवरी को धनबाद नगर निगम के 468 भवनों में 974, चिरकुंडा नगर परिषद के 32 भवनों में 42 मतदान केंद्रों में पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबल रहेंगे।

सभी मतदान केंद्रों में एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी और पीडब्ल्यूडी वॉटर के लिए विशेष व्यवस्था रहेगी। चुनाव में सभी सुविधाओं के साथ हर बूथ मॉडल बूथ होगा। उक्तह बातें उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने चुनाव की तैयारियों को लेकर मीडिया से कही।

श्री रंजन ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम, सीसीटीवी कैमरे, चेक पोस्ट के साथ अनुमंडल दंडाधिकारी के कार्यालय में कंप्लेन मॉनिटरिंग सेल और एक्सपेंडिचर सेल कार्यरत है। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर आमजन कंप्लेंट मॉनिटरिंग सेल के साथ-साथ प्रेक्षकों से शिकायत कर सकते हैं।

उपायुक्त ने बताया कि धनबाद नगर निगम क्षेत्र में 158 सामान्य, 648 संवेदनशील एवं 168 अति संवेदनशील मतदान केंद्र है। चिरकुंडा नगर परिषद में 40 सामान्य एवं दो संवेदनशील मतदान केंद्र है। अति संवेदनशील मतदान केंद्रों में एक्स्ट्रा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

मतदान के दिन 23 फरवरी 2026 को, बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कंपलेक्स से मतदान सामग्री डिस्पैच की जाएगी। वहीं मतदान संपन्न होने के बाद धनबाद पॉलिटेक्निक में मतदान सामग्री रिसीव की जाएगी। 27 फरवरी को पॉलिटेक्निक में ही मतों की गिनती की जाएगी। मतदान को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए 6000 से अधिक मानवबल और 180 बस सहित 500 से अधिक वाहनों की व्यवस्था की गई है।

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि हर मतदान केंद्र पर पुलिस पदाधिकारी रहेंगे। अति संवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान क्विक रिस्पांस टीम भ्रमणशील रहेगी। इसके अलावा एक रशिंग पार्टी रहेगी।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल 24 घंटे कार्यरत है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप इत्यादि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हर सामग्री पर नजर रहेगी।

उन्होंने मीडिया से फेक न्यूज, भ्रामक न्यूज, पक्षपातपूर्ण न्यूज, आपसी सौहार्द और विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाली न्यूज सामग्री से परहेज करने का अनुरोध किया। साथ ही कहा कि प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन देने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस केंद्र में दिवंगत हवलदार शिलास कुजुर को दी गई अंतिम विदाई

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पश्चिमी सिंहभूम।** पुलिस केंद्र चाईबासा में रविवार को लातेहार जिला बल के दिवंगत हवलदार शिलास कुजुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा लातेहार के निदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस परिवार ने उन्हें सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। हवलदार शिलास कुजुर पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव एवं पोस्ट जगन्नाथपुर के निवासी थे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और मुदड़ा अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। श्रद्धांजलि समारोह के दौरान उनके पार्थिव शरीर को पुलिस सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। इस अवसर पर शोक संतप्त परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग स्वरूप दस हजार रुपये प्रदान किए गए। उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कीऔर परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में परिचारी संतोष कुमार और प्रतीक कुमार की उपस्थिति रही। पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा के अध्यक्ष प्रदीप ओलिभर मिंज, सचिव तारा चांद महतो और पदाधिकारी अनुप लाकड़ा सहित कई पुलिस अधिकारी एवं कर्मी मौके पर मौजूद थे। पुलिस अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि हवलदार शिलास कुजुर ने अपने सेवाकाल में कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ किया।

# आनंद मार्ग और पूर्णिमा नेत्रालय की ओर से 20 मोतियाबिंद रोगियों की निःशुल्क फेको सर्जरी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल और पूर्णिमा नेत्रालय के संयुक्त सहयोग से चयनित 20 मोतियाबिंद रोगियों की फेको सर्जरी कर निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया गया। सफल सर्जरी के बाद सभी रोगियों को आवश्यक दवाइयां एवं चश्मा प्रदान कर रविवार को सम्मानपूर्वक विदा किया गया। आनंद मार्ग संस्था पिछले कई वर्षों से आयुष्मान भारत योजना एवं डीबीसीएस (राष्ट्रीय अंधत्व निवारण एवं नियंत्रण कार्यक्रम) के अंतर्गत दृष्टि सेवा महाअभियान का संचालन कर रही है। इस अभियान के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क नेत्र उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे सैकड़ों लोगों को दृष्टि लाभ मिल चुका है। इसी क्रम में आगामी 12 फरवरी को आनंद मार्ग जागृति, गदरा शिव मंदिर के पास नेत्र रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें आंखों से संबंधित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार आगे के उपचार के लिए रोगियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# ओडिशा के अमित ब्रदर्स की टीम ने जीता सारजोम बेडा फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि




**दुमका।** बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में तीन दिवसीय सारजोम बेडा फुटबॉल चैंपियनशिप का विजेता टीम ओडिशा के अमित ब्रदर्स, बोंगामुंडा बनी। फाईनल मैच काफी रोमांचक रहा। खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में ओडिशा की अमित ब्रदर्स, बोंडामुंडा ने लिंडा ब्रदर्स, रांची को 1-0 के मैदानी गोल से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

मैच के दौरान दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन निर्णायक गोल के साथ अमित ब्रदर्स ने जीत सुनिश्चित हुई। विजेता टीम को मुख्य अतिथि जामा विधायिका डॉ. लुईस मरांडी की ओर से पांच लाख की नगदी पुरस्कार राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

उपविजेता लिंडा ब्रदर्स, रांची को चार लाख की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इससे पहले सेमीफाइनल लिंडा ब्रदर्स, रांची ने एसएसबी, तालबान्ध, बीरभूम, पश्चिम बंगाल को 1-0 से हराया। जिसमें मैन ऑफ द मैच सुमित उरांव को दो हजार नगद एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। दूसरे सेमीफाइनल में ओडिशा के अमित ब्रदर्स, बोंडामुंडा ने राइजिंग संथाल एफसी, कोलकाता को 3-1 से पराजित किया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रहे रहीम अली को दो हजार नगद और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मैच के प्लेयर ऑफ द टूनामेंट बने ओडिशा के अमित ब्रदर्स बोंगामुंडा एडविन तिर्की 25 हजार नगद पुरस्कार, बेस्ट गोलकीपर अमित ब्रदर्स बोंगामुंडा के गोलकीपर ऑफ द टूनामेंट विक्की तिर्की को छह हजार रुपए नगद एवं हाईएस्ट स्कोरर ऑफ द टूनामेंट कुलीबुली एवं अब्दुल छह हजार नगदी देकर संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

समापन पर विशेष लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार स्कूटी, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में एलईडी टीवी दिया गया। समापन समारोह में विशिष्ठ अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमों )जिला अध्यक्ष शिव कुमार बास्की सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया । सफल आयोजन के लिए खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस प्रकार खेल भावना, उत्साह और भव्यता के साथ सारजोम बेडा फुटबॉल चैंपियनशिप 2026 का सफल समापन हुआ।

### जेसीएमयू 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में होगी शामिल



**धनबाद।** केन्द्र सरकार की कथित किसान विरोधी, रोजगार विरोधी एवं संगठित-असंगठित मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल आयोजित की जाएगी। यह हड़ताल विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए 4 लेबर कोड के विरोध में बुलाई गई है। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने भी इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी का निर्णय लिया है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि 4 लेबर कोड से मजदूरों के अधिकारों में कटौती, श्रमिक सुरक्षा में कमी और निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा है, जिसके विरोध में मजदूर वर्ग एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेगा। क्षेत्र संख्या 5 में आम हड़ताल को सफल बनाने की जिम्मेदारी जोनल सदस्य अजित चौहान को सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में विभिन्न कोलियरियों और कार्यस्थलों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मजदूरों को हड़ताल के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यूनियन नेताओं ने सभी श्रमिकों से अपील की है कि वे एकजुट होकर 12 फरवरी की आम हड़ताल को सफल बनाएं और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### बसंत उत्सव का आयोजन, चित्रांकन प्रतियोगिता में लगभग 300 बच्चों ने लिया भाग

**पूर्वी सिंहभूम।** बसंत उत्सव समिति के तत्वावधान में रविवार को एग्रिको पोस्ट ऑफिस मैदान में पारंपरिक उल्लास, सांस्कृतिक गरिमा और सामाजिक चेतना के साथ भव्य बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के मुख्य संरक्षक तापस मित्रा, चेयरमैन सौरोज्यति दे, वाइस चेयरमैन पार्थ सारथी सेन, चीफ एडवाइजर अचिन्तम गुप्ता, अध्यक्ष अल्पना भट्टाचार्य, महासचिव स्वपन राय, अनूप चटर्जी, मनोहर सिंह, डॉ. बाणी देव एवं अमिताभ चटर्जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात स्वर्गीय डॉ. तमाल देव, भावेश देव, सुभोदीप मंडल और मृण्मय सुर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बसंत उत्सव की परंपरा विश्वकवि रवींद्रनाथ ठाकुर की ओर से शांतिनिकेतन में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य प्रकृति, कला और मानवीय मूल्यों के माध्यम से समाज में सौहार्द स्थापित करना है। यह उत्सव केवल ऋतु परिवर्तन नहीं, बल्कि सृजनशीलता और संवेदनाओं के जागरण का प्रतीक है। दोपहर में आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। ग्रुप ह्यएह्व में कौस्तव ठाकुर और ग्रुप ह्यबीह्व में अंशिका देवनाथ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सामाजिक सरोकार के तहत प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन और जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 76 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। वहीं बीएनटीसी स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस कॉलेज, गोविंदपुर द्वारा आयोजित नि:शुल्क मेडिकल कैंप में 210 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। सांस्कृतिक संध्या में नृत्यांगना सौमि बोस की टीम की प्रस्तुति और कोलकाता की गायिका केमेलिया दास तथा गायक अनिरुद्ध के गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्सव में लगे कपड़ा, ज्वेलरी और फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के अंत में विधायक पूर्णिमा साहू, सुनंदा गुप्ता, अजीत नायक, सुरेंद्र राय चौधरी, संजय चौधरी, राजा चक्रवर्ती, संजीव दास, रंजन बैनर्जी, सुष्मिता सोम खां, मधुमिता बनर्जी, सब्यसाची चंदा और सुकमल मुखुटी सहित कई विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

### तेज रफ्तार ऑटो ने ट्रेलर को मारी टक्कर

**पूर्वी सिंहभूम।** बमामाईंस थाना क्षेत्र अंतर्गत सुनसुनिया गेट के पास रविवार शाम एक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। स्टेशन से साकची की ओर यात्रियों को लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार पैसेंजर ऑटो अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क पार कर रहे एक मालवाहक टेलर से जोरदार टक्कर मार बैठा। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त ऑटो में कुल तीन यात्री सवार थे। टक्कर के बाद एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की तत्परता से तुरंत एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान साकरी लेंगी (निवासी : मंझारी, चाईबासा और घायल की संदीप पूर्ति (निवासी : कीताडीह) के रूप में हुई है।

# आरपीएफ ने शराब के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम।** आदित्यपुर और गम्हरिया के बीच शनिवार रात टाटा-छपरा एक्सप्रेस में गश्त के दौरान आदित्यपुर आरपीएफ टीम ने शराब की एक बड़ी खेप बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिससे रेलवे परिसर में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सका।

आरपीएफ टीम ट्रेन में नियमित पेट्रोलिंग कर रही थी, इसी दौरान एक संदिग्ध पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। जांच में बैग से 180 एमएल की कुल 30 पैकेट शराब बरामद हुई।

मौके पर ही शराब ले जा रहे युवक को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान जुगसलाई स्थित एलआईसी बिल्डिंग निवासी सुमित कुमार के रूप में हुई।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह इस शराब को बिहार के मोकामा ले जा रहा था। उसने बताया कि होली पर्व के दौरान शराब को ऊंचे दामों पर बेचने की मंशा से वह यह खेप लेकर यात्रा कर रहा था।

आरोपित की स्वीकारोक्ति से यह स्पष्ट हुआ कि त्योहार के मौके पर अवैध कारोबार करने की योजना बनाई गई थी।

इस संबंध में रविवार को आदित्यपुर आरपीएफ प्रभारी अजित कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें पहले से ही शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम को सतर्क किया गया और ट्रेन के कोच में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान आरोपित को पकड़ने में सफलता मिली। उन्होंने कहा कि होली को देखते हुए आरपीएफ ने ट्रेनों में निगरानी और गश्त को और अधिक कड़ा किया है। फिलहाल पकड़े गए आरोपित को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए रेल पुलिस को सौंप दिया गया है। आरपीएफ ने आम यात्रियों को आश्वस्त किया है कि रेलवे मार्गों पर अवैध गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# बेहतर मानगो के निर्माण के लिए लड़ा जाए नगर निगम चुनाव : सरयू राय

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा है कि मानगो नगर निगम का चुनाव किसी सरकार की हार-जीत से नहीं, बल्कि बेहतर मानगो के निर्माण के लक्ष्य से लड़ा जाना चाहिए। बिष्टुपुर स्थित अपने आवास-कार्यालय में जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख कार्यकताओं के साथ रविवार को हुई बैठक में उन्होंने मानगो के विकास, सामाजिक सौहार्द और स्थानीय नेतृत्व को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। सरयू राय ने कहा कि मानगो की बसावट ऐसी है जहां एक ओर हिंदू और दूसरी ओर मुस्लिम आबादी रहती है, इसलिए चुनाव के दौरान भाईचारा और आपसी सौहार्द बना रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस चुनाव का झारखंड सरकार पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि यह तय करेगा कि मानगो को आगे कैसे बेहतर बनाया जाए। उन्होंने अपने पूर्व कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि मानगो में पेयजल संकट दूर करने के लिए उन्होंने परियोजना शुरू करवाई थी, लेकिन उनके यहां से हटने के बाद यह ठप पड़ गई। इंटेकवेल में बालू जमा हो गया।

## संपादकीय

### संसद में शोर...

बजट सत्र के दौरान संसद के भीतर बनी परिस्थितियां एक बार फिर यह सोचने को मजबूर करती हैं कि क्या भारतीय लोकतंत्र में संवाद का स्थान धीरे-धीरे शोर ले रहा है। लगातार स्थगन, नारेबाजी और बहिष्कार ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर होने वाली व्यापक चर्चा को सीमित कर दिया। ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री का राज्यसभा में दिया गया संबोधन राजनीतिक टकराव के बीच वैश्विक संदर्भों पर केंद्रित एक स्पष्ट संदेश के रूप में सामने आया। विपक्ष का आरोप है कि सदन में उनकी आवाज दबाई जा रही है, जबकि सरकार का कहना है कि विपक्ष संसदीय कार्यवाही को बाधित कर रहा है। सच्चाई इन आरोप-प्रत्यारोप के बीच कहीं है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि संसद जैसी सर्वोच्च संस्था संवाद की जगह रणभूमि बनती जा रही है। लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात से तय होती है कि असहमति को किस तरह व्यक्त किया जाता है, न कि उसे किस तरह टाला जाता है। इस राजनीतिक शोरगुल के बीच प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बदलती वैश्विक व्यवस्था की ओर ध्यान खींचा। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद बनी अंतरराष्ट्रीय संरचना आज दबाव में है। वैश्विक संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता और कूटनीतिक तनावों ने एक नई व्यवस्था की पटकथा लिखनी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री का यह दावा कि मौजूदा वैश्विक झुकाव भारत की ओर है, आत्मविश्वास के साथ-साथ बढ़ती जिम्मेदारी की ओर भी इशारा करता है। विशेष रूप से ह्यवैश्विक दक्षिणह्व को लेकर भारत की भूमिका पर दिया गया जोर उल्लेखनीय रहा। हालिया वर्षों में विकासशील देशों की चिंताएं अंतरराष्ट्रीय विमर्श में अक्सर हाशिये पर चली गई थीं। ऐसे समय में भारत का स्वयं को वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में प्रस्तुत करना, उसकी कूटनीतिक रणनीति का अहम हिस्सा माना जा सकता है। प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों का उल्लेख करते हुए यह संकेत दिया कि भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि भरोसेमंद आर्थिक साझेदार के तौर पर देखा जाने लगा है। विकसित देशों की ओर से विकासशील देश के साथ पहल कर समझौता करना, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता को रेखांकित करता है।

## विश्व व्यापार में छलांग, पर जमीन पर बढ़ रही हैं कई चुनौतियां

**ब्रह्मदीप अलूने**



दुनिया भर में विकसित देशों के लिए भारत एक विशाल उपभोक्ता बाजार, निवेश का भरोसेमंद ठिकाना और रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख केंद्र है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने यह समझा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं। इन देशों के लिए भारत का सबसे बड़ा आकर्षण इसका विशाल मध्यम वर्ग, बढ़ती खपत क्षमता और युवा आबादी है, जो आटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स, स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल सेवाओं की मांग को लगातार बढ़ा रही है। दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजारों में शामिल भारत की कम लागत वाली कुशल श्रमशक्ति और विशाल बाजार पूंजीवादी शक्तियों की आर्थिक महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को साकार करने के लिए मुफीद नजर आते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत पर शुल्क कम करने की अचानक घोषणा ने सबको चमत्कृत किया है, वहीं अमेरिकी प्रशासन को चुनौती देकर यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता अभूतपूर्व माना जा रहा है। भारत को यह उम्मीद है कि विकसित देशों के साथ व्यापार से दीर्घकालिक लाभ होंगे। अमेरिका और यूरोप में क्रय-शक्ति अधिक है और वे गुणवत्ता वाले उत्पादों के लिए ऊंची कीमत देने को तैयार रहते हैं।

इससे भारत के दवा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, कपड़ा उद्योग, वाहन पुर्जे, इंजीनियरिंग सामान, रत्न तथा आभूषण और कृषि-प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों को विस्तार मिल सकता है। विकसित देशों के साथ व्यापार और समझौते भारत में विदेशी निवेश बढ़ा सकते हैं, जिससे उत्पादन क्षमता, रोजगार और आधुनिक तकनीक का हस्तांतरण संभव होता है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका मजबूत कर सकता है। विकसित देशों की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और पूंजीवादी समाज के साथ कदमताल मिलाते भारत के विकासशील समाज के लिए चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विकसित देश यानी पूंजी, तकनीक, प्रति व्यक्ति आय, बचत, निवेश और नागरिकों के रहन-सहन जैसी विशेषताओं में उच्च स्तर और मजबूत अर्थव्यवस्था। जबकि विकासशील देशों में प्रति व्यक्ति आय कम होती है, राष्ट्रीय आय के अनुपात में बचत और निवेश का निम्न स्तर होता है। अधिक जनसंख्या होती है, लेकिन वह कम कार्यकुशल होती है। पूंजी निर्माण की दर कम तथा आयात की मात्रा अधिक रहती है। इन देशों में पूंजी और तकनीकी का आमतौर पर दूसरे देशों से आयात होता है। विकासशील देशों में जनसंख्या का अधिकांश भाग कृषि में संलग्न रहता है, फिर भी उत्पादन देश की आवश्यकता से कम बना रहता है। विकसित देशों को कच्चा माल, श्रम-आधारित उत्पाद चाहिए, जबकि विकासशील देशों को पूंजी, तकनीक, मशीनें और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद चाहिए। इसलिए दोनों का व्यापार अक्सर जरूरतों की पूर्ति पर आधारित होता है। ऐसे में भारत द्वारा विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना भविष्य में आर्थिक अवसरों के साथ

> *इससे भारत के दवा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, कपड़ा उद्योग, वाहन पुर्जे, इंजीनियरिंग सामान, रत्न तथा आभूषण और कृषि-प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों को विस्तार मिल सकता है। विकसित देशों के साथ व्यापार और समझौते भारत में विदेशी निवेश बढ़ा सकते हैं, जिससे उत्पादन क्षमता, रोजगार और आधुनिक तकनीक का हस्तांतरण संभव होता है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की भूमिका मजबूत कर सकता है। विकसित देशों की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं और पूंजीवादी समाज के साथ कदमताल मिलाते भारत के विकासशील समाज के लिए चुनौतियां भी कम नहीं हैं। विकसित देश यानी पूंजी, तकनीक, प्रति व्यक्ति आय, बचत, निवेश और नागरिकों के रहन-सहन जैसी विशेषताओं में उच्च स्तर और मजबूत अर्थव्यवस्था। जबकि विकासशील देशों में प्रति व्यक्ति आय कम होती है, राष्ट्रीय आय के अनुपात में बचत और निवेश का निम्न स्तर होता है। अधिक जनसंख्या होती है, लेकिन वह कम कार्यकुशल होती है। पूंजी निर्माण की दर कम तथा आयात की मात्रा अधिक रहती है। इन देशों में पूंजी और तकनीकी का आमतौर पर दूसरे देशों से आयात होता है। विकासशील देशों में जनसंख्या का अधिकांश भाग कृषि में संलग्न रहता है, फिर भी उत्पादन देश की आवश्यकता से कम बना रहता है। विकसित देशों को कच्चा माल, श्रम-आधारित उत्पाद चाहिए, जबकि विकासशील देशों को पूंजी, तकनीक, मशीनें और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद चाहिए। इसलिए दोनों का व्यापार अक्सर जरूरतों की पूर्ति पर आधारित होता है।*

कुछ रणनीतिक जोखिम भी पैदा कर सकता है। विकसित देशों की कंपनियां, तकनीक, पूंजी और ब्रांड के दम पर भारतीय बाजार में तेजी से प्रवेश करेंगी, जिससे छोटे किसान और घरेलू उद्योग दबाव में आ सकते हैं। सस्ते आयात से व्यापार घाटा बढ़ने, स्थानीय उत्पादन कमजोर होने और रोजगार पर असर का खतरा भी रहेगा। इसके अलावा, पेटेंट, डेटा, पर्यावरण और श्रम मानकों जैसी शर्तें भारत की आर्थिक और राजनीतिक निर्णय की स्वतंत्रता सीमित कर सकती हैं। बीते चार दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। इसमें विश्व व्यापार संगठन की नीतियों का भी बड़ा और सकारात्मक लाभ मिला है। वर्ष 1995 में विश्व व्यापार संगठन की स्थापना के बाद वैश्विक व्यापार नियमों में एकरूपता आई, व्यापार बाधाएं कम हुईं और विभिन्न देशों के बीच बाजार तक पहुंच आसान बनी। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह अवसर था कि वह अपनी आर्थिक क्षमता, श्रमशक्ति और सेवा क्षेत्र की ताकत के आधार पर वैश्विक मंच पर अपनी हिस्सेदारी बढ़ाए। विश्व व्यापार संगठन ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में विकसित देशों के कब्जे को रोकने के लिए अनुचित सबसिडी, डंपिंग और व्यापार बाधाओं पर नियम बनाए। इसका लाभ भारत जैसे विकासशील देश को निर्यात विस्तार के रूप में मिला। विश्व व्यापार के तहत आयात शुल्क घटाने और व्यापार को अधिक पारदर्शी बनाने की प्रक्रिया ने भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजार खोले। विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौते वैश्विक व्यापार को बढ़ाने की बात करते हैं, लेकिन इनके स्वरूप, उद्देश्य और प्रभाव में मूलभूत अंतर है। यही अंतर विकसित और विकासशील देशों के बीच व्यापार संबंधों में एक प्रकार का विरोधाभास पैदा करता है। विश्व व्यापार संगठन एक बहुपक्षीय संस्था है, जो नियम आधारित वैश्विक व्यापार व्यवस्था को स्थापित करती है, जबकि मुक्त व्यापार समझौता चुनिंदा देशों के बीच विशेष रियायतों और शर्तों पर आधारित क्षेत्रीय या द्विपक्षीय व्यवस्था है। इस कारण विकसित देशों और विकासशील देशों के बीच व्यापार में समानता से कहीं ज्यादा असंतुलन बढ़ता दिखाई देता है। दूसरी ओर, मुक्त व्यापार समझौते बिल्कुल अलग हैं। मुक्त व्यापार समझौते में कुछ देश आपस में शुल्क घटाकर या समाप्त करके व्यापार को तेज करते हैं। विकसित देशों के लिए मुक्त व्यापार समझौते अक्सर एक रणनीतिक हथियार बन जाते हैं। वे विश्व व्यापार संगठन में जब व्यापक सहमति नहीं बना पाते, तब मुक्त व्यापार समझौते के माध्यम से अपने हितों को आगे बढ़ाते हैं।

विकसित देश मुक्त व्यापार के नाम पर केवल शुल्क घटाने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पेटेंट नियम, डेटा स्थानीयकरण पर रोक, श्रम और पर्यावरण मानकों की कठोर शर्तें, सरकारी खरीद में विदेशी कंपनियों को अवसर तथा निवेश विवाद निपटान जैसी शर्तें जोड़ देते हैं। इन शर्तों का असर यह होता है कि विकासशील देशों की आर्थिक नीतियों को लेकर स्वतंत्रता सीमित होने लगती है। पूंजीवादी शक्तियों का प्रभाव राजनीतिक रूप से भी पड? की संभावना बढ़ जाती है और यह स्थिति भारत जैसे विकासशील और लोकतांत्रिक देश की चुनौतियां बढ़ा सकती है। व्यापार को लेकर नए समझौतों से अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में भारत की पहुंच बढ? से निर्यात में वृद्धि होगी, विदेशी निवेश और तकनीक हस्तांतरण के अवसर भी मिलेंगे। वहीं विकसित देशों की विशाल कंपनियां कम शुल्क के साथ घरेलू बाजार में प्रवेश करेंगी, तो भारत के छोटे और मध्यम वर्ग के उद्योग तथा कृषि क्षेत्र पर दबाव बढ़ सकता है। दरअसल, विकसित देश नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यवस्था की बात करते हुए भी अपने हितों के लिए क्षेत्रीय समझौतों का सहारा लेते हैं। भारत और विकसित देशों की प्राथमिकताओं में गहरा अंतर है। भारत की मुख्य चिंता गरीबी घटाना, रोजगार बढ़ाना, कृषि और ग्रामीण विकास, सस्ती शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं और सामाजिक न्याय की स्थापना है। वहीं विकसित देशों की प्राथमिकताएं उच्च जीवन-स्तर, तकनीकी नवाचार, पर्यावरण मानक, कड़े श्रम नियम और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा से जुड़ी हैं।

**- लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

## चुनौतियों का जवाब देने वाला बजट

**अवधेश कुमार**



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट भारत के सभी समूहों की आकांक्षाओं, आंतरिक और बाह्य चुनौतियों व आवश्यकताओं, राजनीतिक मांग एवं नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा देश के घोषित आर्थिक विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा है या नहीं? पिछले कुछ समय से उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल में भारत को अपनी विकास गति बनाए रखने के साथ नई वैश्विक सांझेदारी, निर्यात बाजार आदि विकसित करने तथा घरेलू उत्पादकों को नीतियों और प्रोत्साहन से समर्थन देने की चुनौती है। बजट में कोई लोक लुभावन घोषणा नहीं, पूरा फोकस इस बात पर कि इस उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के दौर में देश की अर्थव्यवस्था सुरक्षित, मजबूत और स्थिर होने के साथ विस्तारित भी हो, विश्व व्यापार के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हो, किशोर और युवा वर्ग को भारत राष्ट्र के लक्ष्य और रोजगार दिलाने के अनुरूप शिक्षा, रोजगार के अवसर उपलब्ध हों। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में 3 कत्तव्य के नाम पर लक्ष्य और बजट की सैद्धांतिक आधारभूमि स्पष्ट कर दी। पहला, उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा वैश्विक उथल-पुथल के परिदृश्य में लचीलापन लाकर आर्थिक विकास को तेज करना और उसकी गति बनाए रखना। दूसरा, भारत की समृद्धि के पथ में सशक्त सांझेदार बनाने के लिए लोगों की आकांक्षाएं पूरी करना और उनकी क्षमता बढ़ाना तथा तीसरा, सरकार की सबका साथ, सबका विकास के दृष्टिकोण के अनुकूल, यह सुनिश्चित करना कि सार्थक भागीदारी के लिए प्रत्येक परिवार, समुदाय और क्षेत्र को संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच उपलब्ध हो।

वित्त मंत्री ने आर्थिक विकास में तेजी लाने के लिए निम्न क्षेत्रों में पहल शुरू करने का प्रस्ताव रखा। एक, रणनीतिक और अग्रणी क्षेत्रों में विनिर्माण को तेज करना। दो, विरासत के औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना। तीन, चैंपियन एम.एस.एम.ई. का निर्माण करना। चार, आधारभूत संरचना को सशक्त प्रोत्साहन प्रदान करना। पांच, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा छः, शहरों में आर्थिक क्षेत्र विकसित करना। तमाम उथल-पुथल के बीच नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा घोषित लक्ष्यों के अनुरूप राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत तक सीमित रखना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसीलिए इस वर्ष के लिए 4.3 प्रतिशत का लक्ष्य है। पूंजीगत खर्च, जो आधारभूत संरचना पर खर्च होता है, के लिए 12 लाख 20 करोड़ का आबंटन सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करता है। यह कुल बजट का लगभग 23 प्रतिशत है। विनिर्माण, सेवा और कृषि हमारी अर्थव्यवस्था और विकास के मूलाधार हैं। कुशल और दक्ष युवा वर्ग तैयार करना भारत का बड़ा लक्ष्य है, क्योंकि जब हम अन्य देशों से मोबिलिटी समझौता करते हैं तो काम करने वालों के क्षेत्र का भौगोलिक विस्तार हो जाता है। 2047 तक भारत का सेवा क्षेत्र में वैश्विक हिस्सा 10 प्रतिशत तक ले जाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निश्चित है। वैश्विक बायोफॉर्मा निर्माण केन्द्र के रूप में भारत को विकसित करने के लिए कुल 10,000 करोड़ रुपए से बायोफॉर्मा शक्ति की शुरूआत हो रही है जो बायोलॉजिक और बायोसिमिलरों के घरेलू उत्पादन के लिए अगले पांच वर्षों में ईको-सिस्टम का निर्माण करेगी। सैमीकंडक्टर और ए.आई. क्षेत्र में देर से आने के बावजूद अग्रणी देश बनने की दृष्टि से महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं। विश्व में प्रतिस्पर्धा के अनुरूप टिकाऊ वस्त्र और परिधानों को बढ़ावा देने के लिए उद्योग जगत और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से वस्त्र कौशल ईको-सिस्टम के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए समर्थ 2.0 कार्यक्रम की शुरूआत हो गई है। रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर, मानव निर्मित फाइबर और नए युग के फाइबरों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना है तो मशीनरी, प्रौद्योगिकी उन्नयन, परीक्षण एवं प्रमाणन केन्द्रों के लिए पूंजीगत सहायता के साथ पारम्परिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण के लिए वस्त्र विस्तार एवं रोजगार योजना।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को 10,000 करोड़ की विकास निधि का प्रस्ताव है, ताकि भविष्य के चैम्पियनों का निर्माण किया जा सके और निर्धारित विशेषताओं के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जा सके। पर्यावरण रूप से टिकाऊ आवाजाही को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी भारत में डानकूनी से पश्चिमी भारत के सूरत को जोडने.के लिए नए सम?पत माल गलियारे, 5 वर्षों में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्गों (एन.डब्ल्यू.) का संचालन, जलमार्गों और तटीय पोत परिवहन की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 12 प्रतिशत करने के लिए तटीय कार्गोनन, सात उच्च-गति रेल कॉरीडोर विकसित करना, सी-प्लेन के स्वदेशी निर्माण के लिए प्रोत्साहन के लिए योजना आदि प्रमुख हैं। इनके साकार होने के बाद कल्पना करिए कि भारत विश्व स्तरीय यातायात में कहां खड़ा होगा। कुल मिलाकर 2047 के विकसित भारत का लक्ष्य पाने और उसके आगे सतत छलांग लगाते रहने के लिए वर्तमान एवं दूरगामी भविष्य की संभावित आवश्यकताओं और चुनौतियों की दृष्टि से बजट समग्र दृष्टिकोण और योजनाएं प्रस्तुत करता है।

**- (लेखक के अपने निजी विचार हैं।)**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**9 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**सोमवार** 2026 वर्ष का 40 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी अहोरात्र।
**नक्षत्र** विशाखा अहोरात्र।
**योग** वृद्धि 00.52 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 18.13 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 06.53 बजे से | **चन्द्रायु** 21.2 घण्टे |
| चंद्र | तुला में | मीन | 08.26 बजे से | **रवि क्रान्ति** दक्षिण 14° 44' |
| मंगल | मकर में | मेष | 09.56 बजे से | **सूर्य** उत्तरायन |
| बुध | कुंभ में | वृष | 11.36 बजे से | **कलि अहर्गण** 1872615 |
| गुरु | मिथुन में | मिथुन | 13.35 बजे से | **जूलियन दिन** 2461080.5 |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.48 बजे से | **कलियुग संवत्** 5126 |
| शनि | मीन में | सिंह | 18.04 बजे से | **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 |
| राहु | कुंभ में | कन्या | 20.16 बजे से | **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 |
| केतु | सिंह में | तुला | 22.27 बजे से | **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.41 ब.से | **हिजरी सन्** 1447 |
| 7.30 से 9.00 | | धनु | 02.57 बजे से | **महीना** सावान |
| बजे तक | | मकर | 05.03 बजे से | **तारीख** 20 |

**विशेष** सीताष्टमी, जानकी जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8763

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ |
| 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. ओस की बूंदे (उर्दू-4)
3. आसमान, गगन-3
5. निम्न, जो स्तरीय न हो-4
8. रात्रि, निशा-2
10. सिलना, छाती
11. नश, नाड़ी-2
13. एक समाज सुधारक जिनके दोहे काफी प्रसिद्ध हैं-2
15. इसे आंखों में लगाते हैं-3
16. प्रभाव-3
17. समीप, पास, नजदीक-3
19. भगवान, खुदा-2
20. जानवर इसे खाते हैं-2
21. होठ, अधर-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. प्रकार-3
26. बेबस, लाचार-4

### ऊपर से नीचे

1. चिंगारी, अंगारा-3
2. मस्ती में चूर-2
3. इज्जत, साख-2
4. तलवार (उर्दू-4)
6. रसदार, रस से भरा-3
7. मेहंदी, ऋषि कपूर की फिल्म-2
9. सब्जी, भाजी-4
13. कमी-3
14. अकबर के एक हिंदू सलाहकार-4
17. अचरज भरा कार्य-4
18. वायुसेना के एक विमान का नाम-3
20. चाहत, प्रेम-2
22. ऋतुराज, मौज-मस्ती-3
23. रास्ता, डगर-2
24. एक पेड़ जिसकी टहनी से दातुन करते हैं-3

### शब्द पहेली -8762 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | र | ग | द | ■ | स | ■ | ■ |
| ■ | द | ■ | म | ■ | कि | फ़ा | य | त |
| अ | ना | प | ■ | कि | रा | या | ■ | ह |
| ■ | म | र | ना | ■ | ये | ■ | रा | जी |
| प्र | ■ | स | म | झ | दा | र | ■ | ब |
| त्या | ग | ■ | क | ■ | र | स | ना | ■ |
| रो | ■ | ज | मा | त | ■ | म | म | ता |
| प | न | प | ना | ■ | चो | ■ | ची | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | अ | र | मा | न | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

### सूडोकु नवताल- 7700

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7699 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



# बादशाह पर फिदा हुईं परिणीति चोपड़ा

## फोटो देख कह दी यह बड़ी बात



**मशहूर** रैपर, सिंगर और सॉन्ग राइटर बादशाह अपने गानों के साथ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भी सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने गुरुवार को नए प्रोजेक्ट को लेकर फैंस को संकेत दिया। बादशाह ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वे काफी फनी अंदाज में नजर आए। उन्होंने गुलाबी रंग की हुडी पहनी हुई है और सिर पर पहाड़ी टोपी लगाई है। बादशाह ने पोस्ट कर लिखा, 'मुझे बुलाओ, मिस्टर वाइब। आजकल म्यूजिक में इतना दर्द, दुख, टेंशन और स्ट्रेस क्यों है? आराम से रहो, भाई, एंजॉय करो। 8 फरवरी को सब लोग चिल मोड में रहें। ठीक है?' बादशाह का पोस्ट देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। साथ ही, कोई नया गाना, एल्बम या स्पेशल कंटेंट रिलीज होने का कयास भी लगा रहे हैं। अभनेत्री परिणीति चोपड़ा ने कमेंट कर लिखा, 'फोटो कुछ ज्यादा अच्छी है। बहुत प्यारी लग रही है। भारतीय सिंगर और रैपर बादशाह भारत के मशहूर म्यूजिकल आर्टिस्ट्स में गिने जाते हैं। उन्होंने अपनी रैपिंग स्टाइल और सुपरहिट गानों से म्यूजिक इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। उनका असली नाम आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया है, लेकिन म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए उन्होंने अपना नाम बदल लिया। चंडीगढ़ के रहने वाले बादशाह ने सिविल इंजीनयरिंग की और फिर नौकरी भी की थी, लेकिन म्यूजिक की ओर दिलचस्पी होने की वजह से उन्होंने नौकरी को छोड़कर सपनों को पूरा करने की राह चुनी। हालांकि, उस समय रैप के बारे में बहुत कम लोग जानते थे। पैशन को पूरा करने के लिए रैपर ने अपने माता-पिता को रैपिंग के बारे में बताया, तो उन्होंने सबसे पहले पूछा कि रैप क्या होता है। माता-पिता को समझाने के बाद बादशाह ने खूब मेहनत की, और आज वे भारत के मशहूर रैपर्स में गिने जाते हैं।





# रितेश ने अभिषेक के लिए लुटाया प्यार

**अभिनेता** अभिषेक बच्चन आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर उनके दोस्त और साथी कलाकारों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं खास अंदाज में दीं। अभिनेता रितेश देशमुख ने इंस्टाग्राम के जरिए अभिषेक को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक अभिनेता के साथ एक वीडियो शेयर किया। इसमें दोनों एक-दूसरे से बात करते और हंसते दिख रहे हैं। रितेश ने लिखा, 'प्रिय अभिषेक, आप मेरे लिए कितने खास हो, यह मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। आप हमेशा मेरे लिए बड़े भाई की तरह रहे हो। आज तुम्हारे जन्मदिन पर मैं ढेर सारी खुशियां, हंसी, प्यार और अच्छी सेहत की दुआ करता हूं। जन्मदिन मुबारक हो, मेरे भाई।' अभिनेता अजय देवगन ने भी अभिषेक को याद किया। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज में अभिषेक के साथ अपनी पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ अभिनेता ने लिखा, 'जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, अभिषेक बच्चन। वहीं, जैकी श्रॉफ ने भी अभिषेक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीरों का मोंटाज वीडियो शेयर किया। जैकी ने पोस्ट कर लिखा, 'जन्मदिन की बधाई हो, अभिषेक। अभिषेक ने अपने करियर के शुरुआती दिनों में उम्मीदों, असफलताओं और आलोचनाओं का सामना किया था, लेकिन उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अलग पहचान बनाई थी। वहीं, 'युवा', 'धूम' और 'गुरु' में अपनी शानदार एक्टिंग से उन्होंने दर्शकों का दिल जीता और सबको अपना मुरीद बना लिया। अभिषेक जल्द ही रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'राजा शिवाजी' में अहम भूमिका निभाते दिखेंगे। यह फिल्म 1 मई (महाराष्ट्र दिवस) को रिलीज होगी। इसके अलावा, फिल्म 'किंग' में वे विलेन का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आएंगी। वहीं, उनकी बेटी सुहाना खान भी पहली बार उनके साथ काम करती नजर आएंगी। यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी।



# एक खूबसूरत प्रेम कहानी से कहीं ज्यादा है 'दो दीवाने सहर में' : संदीपा धर

**संजय** लीला भंसाली के बैनर तले रोमांटिक ड्रामा 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, भावनात्मक उलझनों और आज की तेज रफ्तार भरी जिंदगी में प्यार की बदलती परिभाषाओं को संवेदनशील तरीके से पेश करती है, जो एक साथ निजी भी हो और बेहद रिलेटेबल भी। ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों में चर्चा का विषय बन गया है। यह फिल्म मुंबई की चमक-दमक वाली जिंदगी में दो ऐसे लोगों की कहानी बताती है जो अपनी कमियों से जूझते हुए प्यार ढूंढते हैं। ट्रेलर में संदीपा धर की छोटी लेकिन प्रभावशाली एंट्री ने खासा ध्यान खींचा है। भले ही उनका स्क्रीन टाइम कम हो, लेकिन हर फ्रेम में उनका कॉन्फिडेंस और मजबूत प्रेजेंस साफ दिखता है।

एक सीन में अभिनेत्री हरे रंग की खूबसूरत ड्रेस में और दूसरे में सिंपल-एलीगेंट लुक में नजर आ रही हैं। संदीपा ने अपने स्क्रीन प्रेजेंस से उत्सुकता का तड़का लगाया है। उनकी मौजूदगी फिल्म के अर्बन और रोमांटिक मूड के साथ अच्छी तरह घुलमिल गई है। उनकी संयमित और सधी हुई एक्टिंग से लगता है कि संदीपा का किरदार भावनात्मक गहराई वाला है, जो फिल्म में आगे चलकर खुलकर सामने आएगा। संजय लीला भंसाली जैसे बड़े फिल्ममेकर के साथ काम करना संदीपा के करियर का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अब तक ऐसे रोल चुने हैं, जो उन्हें एक बेहतर एक्ट्रेस के रूप में आगे ले जाते हैं। इसी कड़ी में 'दो दीवाने सहर में' से उनका जुड़ाव कंटेंट-ड्रिवन और लेयर्ड सिनेमा की ओर उनके सोच-समझकर किए गए कदम को दर्शाता है। संदीपा ने फिल्म को लेकर कहा, 'फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा है। मृणाल, मेरी रोशनी, तुम्हारी परफॉर्मेंस में इतनी ईमानदारी और संवेदनशीलता है कि कई बार मैं भूल जाती थी कि तुम अभिनय कर रही हो। वहीं, रवि उदय सर, आप पलों को ऐसे कैद करते हैं कि मैं उन्हें महसूस करती हूं। अभिरूचि आनंद और पूरी टीम को शुक्रिया। हालांकि, फिल्म में संदीपा के किरदार से जुड़ी जानकारी को गोपनीय रखा गया है, लेकिन ट्रेलर देखकर पता चलता है कि फिल्म में अभिनेत्री को एक फ्रेश, कॉन्फिडेंट और खूबसूरत अंदाज में देखा जाएगा।



## तू या मैं में विजय नांबियार के साथ काम

# करना मेरे करियर का सबसे खास अनुभव रहा : पारुल गुलाटी


**हिंदी** सिनेमा में हर कलाकार के करियर में कुछ ऐसे प्रोजेक्ट आते हैं, जो उनके सीख और आत्मविश्वास का जरिया बन जाते हैं। अभिनेत्री पारुल गुलाटी के लिए उनकी आने वाली फिल्म 'तू या मैं' कुछ ऐसा ही प्रोजेक्ट है। इस फिल्म के जरिए उन्हें मशहूर निर्देशक विजय नांबियार के साथ काम करने का मौका मिला है। इसको लेकर पारुल का कहना है कि यह फिल्म उनके करियर का सबसे खास अनुभव है। इस सफर ने उन्हें एक कलाकार के रूप में और मजबूत बनाया है। फिल्म को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए पारुल गुलाटी ने कहा, ''विजय नांबियार के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा रहा। मैं पहले से ही उनके काम की बड़ी प्रशंसक रही हूं। उनकी फिल्मों में कहानी कहने का तरीका, किरदारों की गहराई और फिल्म का माहौल ऐसा होता है कि फिल्म खत्म होने के बाद भी उसका असर मन पर बना रहता है। ऐसे निर्देशक के साथ काम करना सम्मान की बात है। पारुल ने कहा, ''जिस निर्देशक के काम को आप सालों से देखते और पसंद करते आए हों, उसी के निर्देशन में कैमरे के सामने खड़ा होना बहुत खास एहसास देता है। 'तू या मैं' ने मुझे यही मौका दिया। इस फिल्म ने उन्हें भावनात्मक, मानसिक और अभिनय के स्तर पर खुद को और बेहतर समझने का अवसर दिया। यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास है।' इस फिल्म में पारुल गुलाटी के साथ आदर्श गौरव और शनाया कपूर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए पारुल ने कहा, ''उनके साथ काम करना इस सफर को और भी खूबसूरत बनाता है। आदर्श गौरव बेहद ईमानदार और मेहनती अभिनेता हैं। वह हर सीन में पूरी सच्चाई के साथ काम करते हैं। वहीं शनाया कपूर सेट पर नई ताजगी लेकर आती हैं। उनमें सीखने की काफी लगन है।'' पारुल ने कहा, ''जब आसपास ऐसे कलाकार होते हैं, तो काम को लेकर समर्पण और खुद को बेहतर करने की प्रेरणा अपने आप मिलती है। हर दिन सेट पर कुछ नया सीखने को मिलता है, और यही चीज किसी भी कलाकार को आगे बढ़ने में मदद करती है।''





# 'दो भाषाओं में एक साथ शूट करना आसान नहीं'

**भारतीय** सिनेमा की पैन-इंडिया फिल्मों में काम करना जितना रोमांचक होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। इस कड़ी में अभिनेत्री सई मांजरेकर इन दिनों अपनी आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'द इंडिया हाउस' को लेकर काफी बिजी हैं। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषा में एक साथ शूट की जा रही है। सई का कहना है कि इस तरह की फिल्म में काम करने के लिए कलाकार को हर समय भावनात्मक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना पड़ता है। सई मांजरेकर ने कहा, ''द इंडिया हाउस' मेरे लिए अब तक का अलग अनुभव रहा है। जब एक ही सीन को दो भाषाओं में शूट किया जाता है, तो कलाकार को भाषा की लय, भाव और भावनात्मक गहराई को बारीकी के साथ समझना पड़ता है। कई बार ऐसा होता है कि एक ही सीन पहले एक भाषा में और तुरंत बाद दूसरी भाषा में करना होता है, जिससे कलाकार को हर पल सतर्क रहना पड़ता है।' उन्होंने कहा, ''इस तरह की फिल्मों में अभिनय का तरीका भी थोड़ा बदल जाता है। यहां सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि भावनाओं से कहानी को आगे बढ़ाना होता है। हर भाषा की अपनी एक संवेदना होती है और उसी के अनुसार किरदार की भावनाएं भी बदलती हैं। ऐसे में कलाकार को अपने अभिनय को बार-बार ढालना पड़ता है, ताकि किरदार हर भाषा में उतना ही सच्चा लगे। सई ने कहा, ''मेरी पिछली फिल्म 'मेजर' की शूटिंग का अनुभव इस फिल्म में काफी काम आया। उस फिल्म से मुझे यह समझने में मदद मिली कि द्विभाषी फिल्मों की शूटिंग कैसे होती है और कलाकार को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



# ओवरनाइट ऑडिशन से ओवरनाइट स्टारडम ने कैसे बदली पुलकित सम्राट की ज़िंदगी

**भारतीय** टेलीविज़न में ओवरनाइट सक्सेस बहुत कम लोगों को मिलती है और उन्हीं बेहद कम लोगों में एक नाम पुलकित सम्राट का भी शामिल है। जी हाँ, एक साधारण से टीवी ऑडिशन, जिसे उन्होंने थोड़ी हिचकिचाहट के साथ स्वीकार किया था, वही आगे चलकर ना सिर्फ उनकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, बल्कि उसी ने उन्हें हर घर का चहिता चेहरा भी बना दिया। गौरतलब है कि खुद को वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर देखनेवाले पुलकित सम्राट अपने करियर की शुरुआत टीवी नहीं करना चाहते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि डेली सोप्स ज़्यादातर मेलोड्रामा तक ही सीमित रहते हैं। लेकिन शायद किस्मत को कुछ और मंजूर था और उसी ने उन्हें लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचा दिया। इस सिलसिले में पुलकित सम्राट कहते हैं, 'मुझे याद है मैंने साफ कहा था कि मैं टीवी सीरियल टाइप का काम नहीं करना चाहता, बल्कि मैं कुछ अलग और वर्सेटाइल करना चाहता था। लेकिन फिर कास्टिंग टीम ने मुझे समझाया कि यह किरदार बाकी टीवी रोल्स से अलग है। इसमें गहराई के साथ कुछ नया करने का मौका था और सबसे अहम बात यह थी कि मुझे एकता कपूर से मिलने का अवसर मिलने वाला था। इसी बात ने मुझे मुंबई आने के लिए राज़ी कर लिया और मैं रातों-रात दिल्ली से मुंबई आ गया।' गौरतलब है कि एकता कपूर पहले ही पुलकित की तस्वीरें देख चुकी थीं और उनसे मुलाकात के बाद वे निश्चिंत हो चुकी थी कि उनके सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के लक्ष्य वीरानी वही होंगे। ऐसे में मुंबई आते ही उनकी ग्रूमिंग शुरू हुई। उन्हें नया हेयरकट दिया गया और स्क्रीन टेस्ट कराया गया और फुटेज देखते ही उनके नाम पर मोहर लगाते हुए एकता कपूर ने कहा, 'ओके, डन। रेडी। हालांकि इस बड़ी सफलता के बीच भी पुलकित को रह-रहकर अपना परिवार याद आ रहा था, जिन्हें वे बिना बताए दिल्ली छोड़कर मुंबई चले आए थे। उनसे मिलने की तड़प और अपनी कामयाबी की खबर देने के लिए उन्होंने पीठ दर्द का बहाना बनाते हुए एक रात के लिए दिल्ली लौटने की इजाज़त मांगी और पहुँच गए अपने पैरेंट्स से मिलने। दिल्ली एयरपोर्ट पर अपने पैरेंट्स को देखते ही वे भावुक हो उठे। उस घटना को याद करते हुए पुलकित बताते हैं, 'आंखों में आंसू लिए मैं उनके गले लगा। शब्द बहुत काम थे, बस थी तो भावनाएं। हालांकि कुछ ही घंटों बाद मैं फिर से मुंबई लौट आया लेकिन इस बार एक नए आत्मविश्वास और बदली हुई ज़िंदगी के साथ लौटा था। '

# '8 घंटे की शिफ्ट टीवी के लिए संभव नहीं', लंबे वर्किंग आवर्स पर अर्जुन बिजलानी का खुलासा

टीवी की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार और रंगीन दिखाई देती है, अंदर से उतनी ही दबाव से भरी होती है। दर्शक रोज अपने पसंदीदा कलाकारों को टीवी स्क्रीन पर देखते हैं, लेकिन उनकी मेहनत, थकान और मानसिक तनाव से अनजान रहते हैं। घंटों शूटिंग, लगातार काम का दबाव और निजी जीवन के लिए कम समय, ये सब टीवी कलाकारों की रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा है। इसी मुद्दे पर छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने आईएएनएस से खुलकर बात की है और बताया है कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना कितना कठिन होता है। अर्जुन बिजलानी ने टीवी इंडस्ट्री के लंबे वर्किंग आवर्स को बेहद मुश्किल बताया। उन्होंने कहा, 'कागज पर भले ही 12 घंटे की शिफ्ट लिखी जाती हो, लेकिन असल में कलाकारों का पूरा दिन काम में ही निकल जाता है। शूटिंग के अलावा सेट तक आने-जाने का समय, मेकअप, और कई बार ओवरटाइम भी इसमें जुड़ जाता है, जिससे काम के घंटे और बढ़ जाते हैं। अर्जुन ने उदाहरण देते हुए कहा, ''अगर किसी कलाकार की शूटिंग सुबह 9 बजे से शुरू होती है, तो उसे सुबह 7 बजे उठना पड़ता है। 8 बजे तक घर से निकलना जरूरी होता है ताकि समय पर सेट पहुंचा जा सके। खासकर महिला कलाकारों को कई बार और भी जल्दी बुलाया जाता है, क्योंकि उन्हें मेकअप और तैयार होने में ज्यादा समय लगता है। इस वजह से उनका दिन और भी लंबा हो जाता है। उन्होंने कहा, ''शूटिंग अक्सर रात 9 बजे तक चलती है और कई बार इससे भी देर हो जाती है। शूट खत्म होने के बाद भी कलाकारों को मेकअप उतारने और कपड़े बदलने में समय लगता है। इसके बाद ट्रैफिक में घर लौटना एक अलग चुनौती होती है। कई बार कलाकार रात के काफी देर से घर पहुंचते हैं, जब शरीर पूरी तरह थक चुका होता है। अर्जुन बिजलानी ने कहा, ''सबसे मुश्किल बात यह है कि अगले दिन फिर वही दिनचर्या दोहरानी पड़ती है।

# 'मुझे इस बारे में जानकारी नहीं', एपस्टीन फाइल्स में नाम आने पर अनुराग कश्यप ने दी प्रतिक्रिया

पिछले कुछ दिनों से यौन अपराध के दोषी जेफरी एपस्टीन की आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी बहुचर्चित और विवादास्पद एपस्टीन फाइल्स लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इसमें राजनीति जगत से लेकर सिनेमा तक अलग-अलग क्षेत्रों के कई बड़े नाम शामिल हैं। हालांकि इनमें से कई दावे अभी तक प्रमाणित नहीं हैं। भारतीय फिल्म जगत की कुछ हस्तियों के नाम एपस्टीन फाइल्स में सामने आए हैं। इन्हीं में एक नाम दिग्गज निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप का भी है। अब अनुराग कश्यप ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया भी दी है।



## मैं कभी बीजिंग गया ही नहीं

ऑनलाइन वायरल हो रहे अप्रमाणित दस्तावेजों के अनुसार, अनुराग कश्यप को कथित तौर पर एक ईमेल में बॉलीवुड वाला और प्रसिद्ध बॉलीवुड निर्देशक के रूप में बताया गया है। अनुराग कथित तौर पर 2017 में बीजिंग में होने वाले एपस्टीन से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल थे। इस ईमेल का स्क्रीनशॉट कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल है। अब अनुराग कश्यप ने एपस्टीन से किसी भी तरह के संबंधों से इनकार किया है और इन दावों को निराधार बताया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में किसान पंजीकरण के तृतीय चरण की तिथि 11 फरवरी तक बढ़ी

**पटना।** एग्री स्टैक अभियान के अंतर्गत बिहार में चल रहे किसान पंजीकरण कार्य को गति देने के उद्देश्य से तृतीय चरण के विशेष अभियान की अवधि बढ़ा दी गई है। पहले यह अभियान 02 फरवरी से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित था, लेकिन अब राज्य सरकार ने इसे विस्तारित करते हुए 11 फरवरी 2026 तक संचालित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग और कृषि विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल तथा कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल की ओर से जारी पत्र में बताया गया है कि अब तक राज्य में लगभग 43 प्रतिशत किसानों की फार्मर आईडी तैयार की जा चुकी है। केंद्र सरकार से एससीए (स्टेट कॉम्पोनेंट एग्री स्टैक) योजना की द्वितीय किस्त प्राप्त करने के लिए राज्य में कम-से-कम 50 प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करना अनिवार्य है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अभियान की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भागलपुर।** मालदा मंडल के मंडल रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अशिम कुमार कुल्लू मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ मालदा की देखरेख में मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों पर सुरक्षा, कानून का पालन और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी कर रही है। इसी क्रम में भागलपुर रेलवे स्टेशन पर लक्षित अभियान के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने एक संदिग्ध व्यक्ति, सुजीत कुमार (उम्र 32 वर्ष) को रोककर उसकी सामान की जांच की। जांच में उसके बैग से लगभग 22 बोतल अवैध शराब बरामद हुई, जिनकी अनुमानित कीमत 11,140 रुपये थी। संबंधित व्यक्ति बिहार राज्य में शराब ले जाने का वैध अधिकार प्रस्तुत करने में विफल रहा। बरामद सामान के साथ आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए भागलपुर आबकारी विभाग के हवाले किया गया।

### सीताराम सीताराम से गुंजायमान हुआ समसा

**मंसूरचक/बेगूसराय।** मंसूरचक प्रखंड क्षेत्र के समसा वार्ड संख्या 8 वकहलाद में दुर्गा स्थान सेवा समिति द्वारा अष्टयाम यज्ञ का आयोजन किया गया। अष्टयाम यज्ञ रविवार दोपहर दो बजे से आरंभ होकर सोमवार को दो बजे समापन होगा। पंडित राजेश कुमार झा ने वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए यज्ञ आरंभ करवाया। यज्ञ में लगातार 24 घंटे तक सीताराम सीताराम मंत्र का जाप किया जा रहा था और ध्वनि विस्तारक यंत्र से चारों ओर ये मंत्र गूंज रहा था, जिससे इलाके का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। समापन के बाद आयोजन समिति द्वारा कन्या पूजन और ब्राह्मण भोजन का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर मौजूद कुशेश्वर पासवान ने कहा कि यह अष्टयाम यज्ञ इलाके में सुख शांति और समृद्धि के लिए आयोजित किया गया है। मौके पर नाथो पासवान, मेदनी पासवान, भोला पासवान, शंकर पासवान, लाला पासवान, उमेश पासवान, विश्वेश्वरी पासवान, भोला पासवान आदि मौजूद थे।

### शैक्षिक परिभ्रमण पर नालंदा, राजगीर गए बच्चे

**भगवानपुर/बेगूसराय।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय अतरुआ के छात्र-छात्राओं को रविवार को ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक भ्रमण पर नालंदा, राजगीर और पावापुरी ले जाया गया। उक्त परिभ्रमण यात्रा प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह के नेतृत्व में राजगीर के सफर पर निकला,जिसे स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रकाश पासवान, सहायक शिक्षक सुमित कुमार भारती ने हरी झंडी दिखाकर रविवार की सुबह रवाना किया। उक्त अवसर पर सुमित कुमार भारती ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना है। यात्रा दौरान चलंत दूरभाष से प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह ने भ्रमण के दौरान बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन किया और जाना कि किस प्रकार यह शिक्षा का वैश्विक केंद्र हुआ करता था। राजगीर में छात्रों ने शांति स्तूप, वेणुवन तथा गर्म जल कुंडों का भ्रमण कर उनके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने प्रत्येक स्थल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक महत्व की विस्तृत जानकारी बच्चों को दी और कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में अनुशासन, सहयोग और सामाजिक व्यवहार का भी विकास होता है बच्चों ने बताया कि पुस्तकों में पढ़े गए ऐतिहासिक स्थलों को प्रत्यक्ष देखना उनके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। पूरे यात्रा के दौरान बच्चे काफी खुश और उत्साहित दिखे मौके पर शिक्षक विरदेव कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, भारती सिंह,नीलम देवी, शिक्षा समिति के अध्यक्ष जगतारिणी देवी, सचिव रुक्मिणी देवी, सदस्य संजिला देवी आदि मौजूद थे।



# अब पटना एयरपोर्ट पर ना लगेगी सर्दी ना ही चिलचिलाती धूप, आसान हुई बोर्डिंग

**अब यात्री टर्मिनल से एयरोब्रिज की मदद से सीधे विमान में कर सकेंगे प्रवेश**

एजेंसी



**पटना।** पटना एयरपोर्ट से सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब विमान में बोर्डिंग के दौरान उन्हें ना ही सर्दियों में ठिठुरन भरी सर्दी का सामना करना पड़ेगा और ना ही गर्मियों में चिलचिलाती धूप और बरसात में परेशान का। अब पैसेंजर्स टर्मिनल से सीधे विमान में बोर्ड कर सकेंगे। यह सब होगा पटना एयरपोर्ट पर हाल में ऑपरेशनल किए गए एयरोब्रिजेस से।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पटना के जयप्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर अभी तक पैसेंजर्स की बोर्डिंग दो-दो चरणों में की जाती थी। पहले चरण में चेक-इन, प्री-इंबार्केशन सिक्योरिटी चेक की प्रक्रिया पूरी करने के बाद यात्री बस गेट पर बोर्डिंग का इंतजार करते थे। दूसरे चरण में बोर्डिंग गेट से यात्रियों को बस में सवार होकर विमान तक जाना पड़ता था, इसके बाद एक बार फिर लाइन में लगकर यात्री विमान में बोर्ड करते थे, लेकिन अब यात्री टर्मिनल से एयरोब्रिज की मदद से सीधे विमान में बोर्ड कर सकेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2025 से फरवरी 2026 के बीच पटना के जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से सफर करने वाले यात्रियों को कई ऐसी सौगात दी गई है, जिन्होंने उनकी ट्रैवल एक्सपीरियंस और बेहतर हुआ है। मई 2025 में पटना एयरपोर्ट से ट्रैवल करने वाले यात्रियों को पार्किंग की परेशानी से निजात दिलाई गई है। एयरपोर्ट पर 750 वाहनों की क्षमता वाली मल्टी-लेवल पार्किंग शुरू की गई है। यह पार्किंग टर्मिनल से 150 मीटर के ट्रैवलेटर से जुड़ी है, जो यात्रियों को आसानी से आने-जाने देती है। पटना एयरपोर्ट से ट्रैवल करने वाले यात्रियों को जून 2025 में नई टर्मिनल बिल्डिंग की सौगात दी गई थी। करीब 65,150 वर्ग मीटर में फैले इस टर्मिनल की क्षमता सालाना एक करोड़ यात्रियों को संभालने की है। इस टर्मिनल को नालंदा और मधुबनी की स्थानीय कला-संस्कृति से सजाया गया है। एयरपोर्ट पर दिल्ली-मुंबई एयरपोर्ट दो एग्जीक्यूटिव लाउंज की सौगात यात्रियों को दी गई। लाउंज में हाई-स्पीड वाई-फाई, मोबाइल चार्जिंग, स्नैक्स, न्यूजपेपर की सुविधा भी दी गई है। पुराने छोटे लाउंज की खामियों को दूर कर बिजनेस ट्रैवलर्स और ट्रांजिट पैसेंजर्स के लिए, तैयार किया गया है।

दिसंबर में पटना एयरपोर्ट में तीन नए एयरोब्रिज चालू किए गए। इससे बोर्डिंग-डिबोर्डिंग तेज हुई। बोर्डिंग गेट ऑपरेशन शुरू होने से तेज धूप-बारिश में यात्रियों को होनी वाली दिक्कत तों से निजात मिल गई है साथ ही बोर्डिंग प्रोसेस भी तेज हो गया। नए टर्मिनल में 64 चेक-इन काउंटरों के साथ स्वचालित काउंटर और 9 एटीआरएस सिस्टम लगाए गए हैं। डिजी यात्री गेट्स से कॉन्टैक्टलेस फ्री यात्रा संभव हो सकी है। डिपार्टर टर्मिनल में सिक्योरिटी चेकिंग वाले एरिया का विस्तार किया गया है और 4 कन्वेयर बेल्ट्स से वेटिंग टाइम को कम किया है। पटना एयरपोर्ट के डिपार्चर टर्मिनल में सभी इंट्री गेट्स को डिजी यात्री से जोड़ा गया है। डिजी यात्रा की मदद से अब पैसेंजर किस रोक-टोक के बिना अपना सिक्योरिटी प्रोटोकॉल पूरा कर सकते हैं। इतना ही नहीं, डिजी यात्रा से चेक-इन से लेक बोर्डिंग तक का प्रॉसेस पेपरलेस और तेज हुआ है। पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल में 8 इनलाइन एक्सिबिस मशीन्स लगाई गई हैं।

# मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह, बिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना का लिया जायजा

## अप्रैल तक शेष कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को कच्ची दरगाहबिदुपुर छह लेन गंगा पुल परियोजना के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और शेष बचे निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है और शेष कार्यों को अप्रैल माह तक पूरा कर लिया जाएगा। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पुल के साथ-साथ पहुंच पथ (एप्रोच रोड) का निर्माण कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित और निर्बाध रूप से प्रारंभ किया जा सके।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूर्ण होने से राजधानी पटना और आसपास के क्षेत्रों से लोगों को निर्बाध सड़क संपर्कता उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि कच्ची दरगाहबिदुपुर पुल परियोजना से इस क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। इससे कृषि, उद्योग और अन्य व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को पटना पहुंचने में काफी सुविधा होगी, जिससे समय पर इलाज संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि कच्ची दरगाह, बिदुपुर छह लेन पुल के प्रथम चरण के लोकार्पण के बाद पटना से राघोपुर तक की सड़क संपर्कता पहले ही बहाल हो चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना के निर्माण कार्य का नियमित निरीक्षण करते रहें, ताकि गुणवत्ता और समयसीमा दोनों का विशेष ध्यान रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इस पुल के पूर्ण होने से महात्मा गांधी सेतु पर यातायात का भार कम होगा। इसके साथ ही उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा, जिससे आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों में आसानी से आवागमन कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह भी बताया कि आमसदरभंगा एक्सप्रेस-वे को कच्ची दरगाह, बिदुपुर पुल परियोजना से जोड़ा जाएगा। इससे समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी की ओर जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी और यात्रा के समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लगातार गुणवत्तापूर्ण सड़कों और पुलों का निर्माण कर प्रदेश में आवागमन व्यवस्था को मजबूत बना रही है। उन्होंने याद दिलाया कि 23 जून 2025 को कच्ची दरगाह (पटना) से राघोपुर दियारा (वैशाली) तक नवनिर्मित पथांश का उद्घाटन किया गया था।

### पूर्णिया सांसद की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**पटना।** पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में बिहार प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रविवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार की बेटियों के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा, न्याय और अधिकारों की लड़ाई कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लड़ी है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव लगातार नीट छात्रा कांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठा रहे थे। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी पूरी तरह निंदनीय है। नेताओं का आरोप है कि यह गिरफ्तारी नीट छात्रा कांड को दबाने और सच्चाई सामने आने से रोकने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को निरंकुश करार देते हुए मांग की कि छात्रा और उसके परिवार को अविलंब न्याय मिले तथा उन्हें सम्मानपूर्वक न्याय की लड़ाई लड़ने दिया जाए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राज्य की राजग सरकार पुलिस बल के दुरुपयोग के माध्यम से लोगों के संवैधानिक अधिकारों को कुचलने का कुत्सित प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक वर्तमान सांसद को आधी रात गिरफ्तार करना लोकतंत्र पर सीधा हमला है और यह सत्ता के दुरुपयोग का स्पष्ट उदाहरण है। विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीतीश सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और बच्ची के परिवार को न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### प्रशांत किशोर ने बगहा से शुरू की बिहार नवनिर्माण यात्रा



**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को बगहा से बिहार नवनिर्माण यात्रा की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन सुराज का उद्देश्य बिहार में एक मजबूत, ईमानदार और जवाबदेह राजनीतिक विकल्प खड़ा करना है। इसके लिए संगठन लगातार जनता के बीच जाकर जमीनी स्तर पर काम कर रहा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भी जन सुराज जनता के बीच सक्रिय रूप से मौजूद है। बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत प्रत्येक जिले में संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पुराने साथियों से मुलाकात करना, नए लोगों को संगठन से जोड़ना और संगठन के ढांचे को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा के दौरान वे संगठन के साथियों के साथ मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे और हर जिले में संगठन के पुनर्गठन पर काम किया जाएगा, ताकि जन सुराज को एक प्रभावी जनआंदोलन के रूप में स्थापित किया जा सके।

# उत्पाद विभाग ने मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर में 4,871 लीटर विदेशी शराब की जब्त, दो आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिलों में उत्पाद विभाग ने शराब तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4,871 लीटर विदेशी शराब जब्त की है। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों मामलों में उत्पाद विभाग की ओर से अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

मुजफ्फरपुर जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सहायक आयुक्त मद्य निषेध, मुजफ्फरपुर विजय शेखर दुबे के पर्यवेक्षण में की गई छापेमारी के दौरान एक 12 चक्का ट्रक से कुल 430 कार्टून विदेशी शराब, लगभग 3,800 लीटर, बरामद की गई। यह कार्रवाई मुजफ्फरपुर शहर से करीब 45 किलोमीटर दूर मैती टोल प्लाजा के समीप एक लाइन होटल के पास की गई।

जब्त किया गया ट्रक राजस्थान पंजीकरण का बताया जा रहा है। तलाशी के दौरान ट्रक के भीतर अत्यंत सुनियोजित तरीके से बनाए गए एक गुप्त तहखाने का खुलासा हुआ, जिसे भारी वजन के सीमेंट से बने मजबूत पिलरों द्वारा सील किया गया था। इसकी मजबूत संरचना के कारण इस गुप्त चैम्बर की पहचान करना और उसे खोलना बेहद कठिन था, जिससे तस्करों की पेशेवर और योजनाबद्ध कार्यशैली सामने आई है। छापेमारी के दौरान ट्रक से शराब की बड़ी खेप के साथ दो व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। उत्पाद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा शराब तस्करी से जुड़े नेटवर्क की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

दूसरी कार्रवाई में समस्तीपुर जिले से एक बोलेरो पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें कुल 1,071 लीटर विदेशी शराब लदी हुई पाई गई। इस मामले में भी वाहन को कब्जे में लेकर नियमानुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि राज्य में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू किया जा रहा है और शराब तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध शराब कारोबार से संबंधित किसी भी सूचना को तुरंत प्रशासन के साथ साझा करें।

### रेलवे ट्रैक सुरक्षा बढ़ाने को लेकर सुरक्षित की गई अनधिकृत क्रॉसिंग

**भागलपुर।** आरपीएफ पोस्ट भागलपुर और इंजीनियरिंग विभाग, मालदा मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों के संयुक्त अभियान के दौरान, तीन- और चार-पहिया वाहनों वाली अनधिकृत क्रॉसिंग को सफलतापूर्वक सुरक्षित किया गया। साथ ही दो- और तीन-पहिया वाहनों वाली अनधिकृत क्रॉसिंग को बैरिकेड किया गया और पहुंच मार्गों को बंद करके अवैध वाहन आवागमन रोका गया, जिससे यात्रियों और ट्रेनों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। इसके अतिरिक्त, धौनीझबाराहाट रेलवे लाइन के पास छह अनधिकृत झोपड़ियाँ हटाई गईं और अन्य संवेदनशील स्थानों पर ट्रेंचिंग एवं बैरिकेडिंग का कार्य जारी है, ताकि ट्रैक सुरक्षा और मजबूत हो सके। उल्लेखनीय है कि मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा रेल सुरक्षा और अवांछित घटनाओं की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाए जा रहे हैं।

### खुले आसमान के नीचे रंगों की छटा बिखेर कर देश को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

**बीहट/बेगूसराय।** नगर परिषद बीहट के प्राथमिक विद्यालय चकिया, दुर्गा मंदिर के प्रांगण में गुनगुनाती धूप में 189 बच्चों ने खुले आसमान के नीचे रंगों की छटा बिखेर कर देश को स्वच्छ रखने का दिया संदेश। मौका था आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी द्वारा आयोजित आर टी राजन स्मृति प्रतियोगिता का। अलग-अलग विद्यालयों से आए अलग-अलग उम्र के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं से रंगों का जादू खड़ा कर दिया। हर रंग में प्रकृति और स्वच्छता के लिए बच्चों की जीती जागती तस्वीर सबके आंखों को भा गयी। बच्चों ने जहां एक तरफ प्रकृति का सजीव चित्रण किया, वहीं समाज में स्वच्छता को लेकर चल रहे मुहिम के प्रति भी लोगों को जागरूक किया। वहीं 2 दर्जन से अधिक बच्चों ने क्राफ्ट में भी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। चकिया दुर्गा मंदिर का मैदान बच्चों की उपस्थिति से गुलजार हो गया। किसी कोने में रंगोली, तो किसी कोने में पेंटिंग की प्रतियोगिता में भाग ले रहे नौनिहाल बच्चों के हाथों से रंग एक नई आकृति गढ़ी जा रही थी। पंक्तिबद्ध बच्चों ने अपने रंगों से समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण जिला खेल महासंघ के अध्यक्ष सुनील कुमार, संरक्षक संजय कुमार ललन, नगर परिषद बीहट के उप मुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, वार्ड पार्षद नेहा पटेल, एनटीपीसी के पृथ्वीराज, सचिव गणेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष अमर ज्योति, नरेश कुमार, मनीष कुमार के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संयोजन आकाश गंगा के सदस्य अंकित कुमार वर्मा सहित अन्य सदस्यों के द्वारा किया गया।

### 10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के सागी पंचायत अंतर्गत सी डी फोर्ट पब्लिक स्कूल नारायणपुर से 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में विद्यालय के नवम वर्ग के छात्र-छात्राओं द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ छात्र-छात्राओं ने स्वागत भाषण व स्वागत गान से किया। इस मौके पर स्कूल के नवम वर्ग के बच्चों द्वारा सुंदर एवं मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिनमें गीत, नृत्य, भाषण आदि शामिल थे। यह सभी कार्यक्रम बहुत ही व्यवस्थित एवं सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक एस के सिंह ने कक्षा 10 वीं के बच्चों को अपने प्रेरणादायक आशीर्वचन से अभिभूत कर दिया।

# सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज

एजेंसी

**गिरफ्तारी के समय सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई थी तीखी नोकझोंक**



**पटना।** बिहार के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव और उनके समर्थकों के खिलाफ बुद्धा कॉलोनी थाना में एक और एफआईआर दर्ज की गई। यह मामला सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस कार्रवाई में रुकावट को लेकर दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार देर रात पुलिस सांसद पप्पू यादव को गिरफ्तार करने उनके घर पहुंची थी, लेकिन उस दौरान उन्होंने गिरफ्तारी देने से इनकार कर दिया। इस दौरान सांसद के समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी। हालात बिगड़ते देख सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए बाद में पप्पू यादव को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। जहां से पीएमसीएच शिफ्ट किया गया था। जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई होना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पप्पू यादव की पटना में आधी रात को हुई गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को पूर्णिया में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जाप कार्यकर्ताओं ने शहर में मशाल जुलूस निकाला और पप्पू यादव को अविलम्ब रिहा करने की मांग की। जन अधिकार पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष बबलू भगत ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। सांसद पप्पू यादव लगातार सदन में आम जनता की आवाज उठाते हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाते हैं, लेकिन सरकार को यह हजम नहीं होता। सांसद पप्पू यादव पूर्णिया के 25 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां की जनता इससे बर्दाश्त नहीं करेगी।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के मामले में कहा कि हर चीज को इतना बड़ा चढ़ा कर पेश करना कि हर चीज में साजिश हो रही है जान से मारने यह नॉर्मल एक प्रक्रिया का हिस्सा है। क्या कोई किसी सांसद को ऐसे ही नहीं गिरफ्तार कर सकता है। यकीनन कहीं ना कहीं कुछ तथ्य सामने आए होंगे। कुछ ऐसे प्रमाण मिले होंगे जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। पप्पू यादव के मामले में राहुल गांधी के समर्थन करने पर एनडीए की सरकार में एक बात स्पष्ट है अगर कोई दोषी है तो वह बक्शा नहीं जाएगा। अगर कोई बेगुनाह है तो उसके ऊपर कोई आंच नहीं आएगी।

बता दें पप्पू यादव को 31 साल पुराने केस में बेल टूटने पर गिरफ्तार किया गया। दरअसल, पटना के शास्त्री नगर थाने में साल 1995 केस दर्ज किया गया था। यह केस विनोद बिहारी लाल ने दर्ज कराया था। बार-बार बुलाने के बाद भी पप्पू यादव और दो अन्य अभियुक्त कोर्ट नहीं आ रहे थे। आरोप था कि पप्पू यादव 1994 में जब पहली बार सांसद बने थे। तब इन्होंने पटना में ऑफिस बनाने के लिए एक मकान किराए के लिए लिया था। रहने के नाम पर और उसमें ऑफिस बनाया। मकान मालिक का आरोप था कि रोज सैकड़ों लोगों के आने जाने से वह परेशान थे। उन्होंने खाली करने को कहा, लेकिन मकान खाली नहीं किया गया।

# उत्तराखंड में जहां गिरती थी बर्फ वहां जंगल में फैली है आग, 1900 फायर अलर्ट

**जलवायु परिवर्तन के चलते शीतकालीन बारिश और बर्फबारी में भारी कमी आई**

एजेंसी

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में जंगल धधकते नजर आए। हालात इतने बिगड़ गए है कि नवंबर से जनवरी के बीच प्रदेश में 1900 से ज्यादा जंगल फॉरेस्ट फायर अलर्ट जारी हुए, जो देश में सबसे ज्यादा हैं। इस दौरान फूलों की घाटी से लेकर नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान तक जलते दिखे। पिछले दो दशकों में बदले मौसम चक्र ने उत्तराखंड के जंगलों को नई चुनौती में डाल दिया है। शीतकाल में सूखे जैसे हालात, बढ़ता तापमान और मानवीय लापरवाही ने आग की घटनाओं को सामान्य बना दिया है।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वन विभाग के लिए यह संकट इसलिए भी गंभीर है क्योंकि पारंपरिक फायर सीजन शुरू होने से पहले ही फायर वॉचर समेत जरूरी संसाधन झोंकने पड़ रहे हैं। वन विभाग का



आधिकारिक फायर सीजन 15 फरवरी से 15 जून तक होता है। पहले मार्च-अप्रैल के बाद ही जंगल सुलगते थे, लेकिन अब नवंबर से ही आग बुझाने की नौबत आने लगी है। ज्यादातर आग सड़क किनारे फेंकी गई माचिस, बीड़ी-सिगरेट या जानबूझकर लगाई गई आग से फैलती है। कंट्रोल बर्निंग में वन विभाग पहले ही सूखी घास, पिरूल और पत्तियां जला देता है, ताकि फायर लाइन बन सके और आग आगे न बढ़े।
जलवायु परिवर्तन के चलते शीतकालीन बारिश और बर्फबारी में भारी कमी आई है। 2012, 2016, 2018 और 2021-23 के बाद 2025 के नवंबर-दिसंबर भी पूरी तरह सूखे रहे। नतीजतन, नवंबर 2025 से ही वनाग्नि की घटनाएं शुरू हो गईं। सैटेलाइट जंगल के ऊपर नजर रखते हैं। जहां तापमान अचानक बढ़ा या धुआं दिखा, वहां तुरंत चेतावनी भेजी जाती है ताकि आग फैलने से पहले कार्रवाई हो सके। इस बार आग ने दुर्गम और सुरक्षित क्षेत्रों को भी नहीं बख्शा। जनवरी 2026 में नंदा देवी नेशनल पार्क की फूलों की घाटी और गोविंद घाट रेंज के जंगल करीब एक सप्ताह तक जलते रहे। खड़ी चट्टानें और दुर्गम इलाका होने के कारण वन कर्मियों को आग बुझाने में भारी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, पिथौरागढ़ के नैनीसैनी और जमतड़ी गांव के जंगलों में आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड और एसएसबी के जवानों को मोर्चा संभालना पड़ा। पंचाचूली क्षेत्र कस्तूरी मृग का निवास स्थान है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि जब बर्फबारी न होने से वन्य जीव निचले इलाकों की ओर आते हैं, तो शिकारी उन्हें फंसाने के लिए झाड़ियों में आग लगा देते हैं।

## मलेशिया में खुलेगा भारतीय महा वाणिज्यिक दूतावास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मलेशिया की आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंधों को नई मजबूती मिली है। यात्रा के परिणामस्वरूप दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, डिजिटल, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा और सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े महत्वपूर्ण समझौतों के साथ जनहित से जुड़ी अहम घोषणाएं भी की गईं, जो भारत-मलेशिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, यात्रा के दौरान भारत और मलेशिया के बीच ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण, आपदा प्रबंधन, भ्रष्टाचार की रोकथाम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में समझौता ज्ञापन, सहमति पत्र और अन्य दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ। इसके साथ ही 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई, जिसमें व्यापार और निवेश सहयोग को आगे बढ़ाने से जुड़े सुझाव शामिल हैं। डिजिटल और वित्तीय क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत की एनपीसीआई इंटरनेशनल लिमिटेड और मलेशिया की पेनेट एसडीएन बीएचडी के बीच सीमा-पार भुगतान को लेकर समझौता किया गया, जिससे दोनों देशों के नागरिकों, पर्यटकों, छात्रों और कारोबारियों को तेज, सुरक्षित और किफायती डिजिटल भुगतान की सुविधा मिलने की उम्मीद है। स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग के तहत आयुर्वेद से जुड़े शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को भी आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है।

## आईएसआईएस ने इस्लामाबाद शिया मस्जिद में धमाके की जिम्मेदारी ली

**इस्लमाबाद।** पाकिस्तान में एक्टिव आतंकी संगठन आईएसआईएस ने इस्लमाबाद की शिया मस्जिद में हुए ब्लास्ट की जिम्मेदारी ली है। इस मामले में पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में इस हमले का मास्टरमाइंड भी शामिल है। इस हमले में 31 लोग मारे गए थे और 169 अन्य घायल हो गए थे। आत्मघाती हमलावर ने खदीजा अल-कुबरा मस्जिद (इमामबाड़ा) में खुद को उड़ा लिया था। दूसरी ओर भारत ने हमले की निंदा करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्रालय ने देर रात बयान जारी कर कहा कि हमले में भारत के शामिल होने का दावा निराधार है। विदेश मंत्रालय ने कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान इन मुद्दों का हल ढूंढने के बजाय, दूसरों को अपनी परेशानियों के लिए दोषी ठहरा रहा है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा- पाकिस्तान खुद को ही धोखा दे रहा है। भारत का ये बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस दावे के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि हमले में भारत और अफगानिस्तान शामिल थे। हमलावर की पहचान पेशावर निवासी 32 वर्षीय यासिर के रूप में हुई, जिसने मस्जिद के गेट पर सुरक्षा गार्ड पर गोली चलाई और फिर अंदर नमाज पढ़ रहे लोगों के बीच खुद को उड़ा लिया। शुरू में 31 मौतें और 169 घायल होने की खबर आई, लेकिन बाद में कुछ गंभीर घायलों की मौत के कारण मृतकों की संख्या बढ़कर 36 हो गई। यह हमला 2008 के मैरियट होटल बम विस्फोट के बाद इस्लामाबाद में सबसे घातक हमला माना जा रहा है, जिसने राजधानी में सुरक्षा की चिंताओं को और बढ़ा दिया।

## भारी छंटनी के बाद वाशिंगटन पोस्ट के सीईओ विल लुईस ने दिया इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के पब्लिशर और सीईओ विल लुईस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब अखबार में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की छंटनी की गई है। लुईस ने कहा कि अखबार के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए कठिन फैसले लेने पड़े। वॉशिंगटन पोस्ट ने शनिवार को बताया कि विल लुईस अखबार छोड़ रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा कि उनके कार्यकाल में अखबार के लंबे समय तक टिके रहने के लिए मुश्किल फैसले जरूरी थे। लुईस ने कहा कि उनका मकसद यह था कि अखबार आने वाले कई सालों तक लाखों पाठकों तक निष्पक्ष और उच्च गुणवत्ता की पत्रकारिता पहुंचाता रहे। विल लुईस को 2023 में सीईओ बनाया गया था, जब अखबार को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था। उन्होंने फ्रेड रयान की जगह ली थी, जो करीब एक दशक तक इस पद पर रहे। नया अंतरिम सीईओ कौन होगा : अखबार के मुख्य वित्त अधिकारी जेफ डीइओनोफ्रियो को अंतरिम पब्लिशर और सीईओ बनाया गया है। वॉशिंगटन पोस्ट के मालिक अमेजन संस्थापक जेफ बेजोस हैं। डीइओनोफ्रियो पिछले साल जून में अखबार से जुड़े थे। इससे पहले वह गूगल और याहू जैसी कंपनियों में काम कर चुके हैं। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे ईमेल में कहा कि आगे के फैसले पाठकों के डेटा के आधार पर लिए जाएंगे, ताकि पाठकों को वही दिया जा सके जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। वॉशिंगटन पोस्ट के कर्मचारियों की यूनियन ने लुईस के इस्तीफे का स्वागत किया। यूनियन ने कहा कि उनका जाना बहुत पहले हो जाना चाहिए था। यूनियन का आरोप है कि लुईस के कार्यकाल में अखबार को नुकसान पहुंचा और अब भी हालात सुधारे जा सकते हैं। यूनियन ने जेफ बेजोस से छंटनी वापस लेने या अखबार बेचने की मांग की। वहीं, जेफ बेजोस ने नेतृत्व में बदलाव को अखबार के लिए एक बड़ा अवसर बताया और कहा कि पाठक ही सफलता का रास्ता दिखाते हैं। विल लुईस का इस्तीफा ऐसे समय आया है, जब अखबार ने अपने लगभग एक-तिहाई कर्मचारियों की छंटनी की। यह छंटनी सभी विभागों में हुई। छंटनी के दौरान लुईस की गैरमौजूदगी को लेकर आलोचना हुई। अखबार के पूर्व कार्यकारी संपादक मार्टी बैरन ने इसे अखबार के इतिहास के सबसे अंधेरे दिनों में से एक बताया। लुईस के कार्यकाल में अखबार ने बड़ी संख्या में सब्सक्राइबर भी खोए।

## रूस के मेडिकल कॉलेज में खूनी खेल चार भारतीय छात्र भी घायल

**बश्कोर्तोस्तान।** रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य के एक विश्वविद्यालय में शनिवार को चाकूबाजी की घटना में कम से कम चार भारतीय छात्र भी बुरी तरह घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक इस हमले में कुल आठ लोगों को निशाना बनाया गया है। मीडिया में आई खबरों और यहां भारतीय मिशन की तरफ से यह जानकारी दी गई। रूस के गृह मंत्रालय ने कहा कि प्रारंभिक खबरों के अनुसार, चाकू लिए एक किशोर रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य के उफा में स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्रावास में घुस गया, उसने वहां रहने वाले छात्रों पर हमला किया और उनमें से कई को चाकू मार दिया। खुद को भी मारा चाकू : आरटीवीआई डॉट कॉम वेबपोर्टल ने यहां के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता मेजर जनरल इरिना वोल्क के हवाले से कहा, 'हमलावर ने गिरफ्तारी का विरोध किया, जिसके दौरान दो पुलिस अधिकारियों को चाकू लग गया। इसके अलावा, संदिग्ध ने खुद को भी शारीरिक नुकसान पहुंचाया।'

## संक्षिप्त समाचार

### लंदन में टूर गाइड सेवा से मौके दे रहा भारतीय, केरल का जेम बना थॉमस टूर्स का उद्यमी

**लंदन।** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) से मैक्रो-इकोनॉमिक्स में मास्टर्स कर चुके केरल के एक गांव के छात्र ने ब्रिटेन के कठिन रोजगार बाजार में साथियों का मनोबल बढ़ाने के लिए एक अनूठी टूर गाइड सेवा शुरू की है। थिरुवल्ला के मल्लापल्ली निवासी जेम थॉमस मैथ्यू ने अपने दादा के नाम पर थॉमस टूर्स नाम से एक सामाजिक उद्यमी बनने का फैसला किया, जो उनके जैसे नई नौकरी चाहने वालों को अंशकालिक आधार पर लाभकारी रोजगार का मौका देता है। 23 वर्षीय जेम ने एलएसई के एक तंगहाल छात्र के रूप में सीखी अपनी बजट-अनुकूल सोच का उपयोग किया। उन्होंने ऐसे यात्रा कार्यक्रम तैयार किए, जो आगंतुकों को लंदन को स्थानीय लोगों की तरह किफायती और यादगार तरीके से घूमने का मौका देते हैं। एजेंसी जेम ने कहा, लंदन आकर मैं साइकिल चलाता रहा हूं और शहर में घूमने के कई शॉर्टकट व पैदल यात्रा सीखी। मैं शहरी स्नातकों को सशक्त बनाने के मिशन के साथ अन्य पर्यटन विकल्पों की तुलना में आधे बजट में यात्रा कार्यक्रम बनाना जानता हूं। वे छात्रों को ब्रिटेन में नौकरी खोजने की अनुमति देकर रोजगार बाजार में आगे रखना चाहते हैं। जेम थॉमस मैथ्यू की योजना सामाजिक उद्यम की अवधारणा स्नातकों को लंदन में जीवन निर्वाह के लिए 14.80 पाउंड प्रति घंटा अर्जित करने में मदद करते हुए उन्हें सम्मान दिलाने की है। वह बोले, स्नातकों को लचीलापन चाहिए ताकि वे शहर में गुजारे के लिए कमाई करते हुए औपचारिक नौकरी के लिए आवेदन कर सकें। उनका प्रयास इसमें मदद करेगा।

### अमेरिका में आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) और संघीय आव्रजन प्रवर्तन कार्रवाइयों के खिलाफ अमेरिका में विरोध उग्र होता जा रहा है। लोग आईसीई एजेंटों के खिलाफ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों में चल रहे प्रदर्शनों में लोगों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर आव्रजन कार्रवाइयों के दौरान संघीय एजेंट मानवीय मूल्यों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को मिनेसोटा राज्य के सेंट पॉल में मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज के आवास के बाहर लोगों ने व्यापक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां व पोस्टर बैनर लेकर आईसीई एजेंटों के खिलाफ नारे लगाए और विरोध जताया। पिछले दिनों एजेंटों की गोली से एक महिला व एक पुरुष की मौत हो गई थी। इसके बाद से पूरे देश में प्रदर्शन उग्र रूप से जारी हैं।

### सूडान : अर्धसैनिक समूह के हमले में 24 लोग मारे गए

**खार्तूम।** एक कुख्यात अर्धसैनिक समूह ने शनिवार को मध्य सूडान में विस्थापित परिवारों को ले जा रहे एक वाहन पर ड्रोन से हमला करके 8 बच्चों समेत 24 लोगों की जान ले ली। युद्ध पर नजर रखने वाले डॉक्टरों के समूह डॉक्टर्स नेटवर्क ने बताया, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किया गया यह हमला उत्तरी कोरदोफान प्रांत के रहाद शहर के पास हुआ। मृतकों में दो नवजात शिशु भी शामिल थे। वाहन में उत्तरी कोरदोफान में लड़ाई से भागे विस्थापित लोग सवार थे। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, इस विनाशकारी युद्ध में 40,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, लेकिन सहायता समूहों का कहना है कि यह आंकड़ा कम है और वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक हो सकती है।

# आर्मेनिया ने पहली बार सीडीएस जनरल चौहान के सामने दिखाए भारत से खरीदे हथियार

**भारत और आर्मेनिया में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और रणनीतिक सहयोग मजबूत करने पर हुई वार्ता**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत से खरीदे गए हथियारों का आर्मेनिया ने पहली बार सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शन किया है। भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल अनिल चौहान इस समय आर्मेनिया दौरे पर हैं। उनके सामने आर्मेनियाई और भारतीय हथियारों के अलग-अलग यूएवी और आर्मेनिया में बनाए गए हवाई बमों के लिए सुधार मॉड्यूल भी दिखाए गए। प्रदर्शित किये गए हथियारों में भारत से मिले आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, पिनाका मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर सिस्टम और सेल्फ प्रोपेल्ड हॉवित्जर हैं। हाल के वर्षों में आर्मेनिया के साथ भारत के रक्षा संबंध और भी गहरे हुए हैं। आर्मेनिया ने साल 2022 में पहले विदेशी खरीदार के तौर पर भारत को 720 मिलियन डॉलर में 15 आकाश मिसाइल प्रणालियों का ऑर्डर दिया था। यह आकाश-1एस प्रणाली लड़ाकू विमानों, निर्देशित मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई खतरों के



खिलाफ विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करती है। डीआरडीओ निर्मित यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमानों का 30 किलोमीटर पहले ही पता लगाकर उसे नीचे ला सकती है। आकाश मीडियम रेंज की हवा में मार करने वाली मिसाइल है। इसे डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन, भारत डायनामिक्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने तैयार किया है। चीन के साथ तनाव की शुरूआत के समय से ही पूर्वी लद्दाख सीमा पर भारत ने स्वदेश निर्मित आकाश एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर रखा है।
भारतीय सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट 155 मिमी/52 कैलिबर टोड गन की उपयोगिता अपने पड़ोसी अजरबैजान से आत्मरक्षा में लगे आर्मेनिया को भी पसंद आई है। इसलिए नवंबर, 2022 में आर्मेनिया ने आर्टिलरी गन की आपूर्ति के लिए भारत को 155.5 मिलियन डॉलर का ऑर्डर दिया था, जो 155 मिमी हथियार प्रणाली के लिए किसी स्थानीय कंपनी को दिया गया पहला ऑर्डर था। भारत से 06 एडवांस टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) खरीदने के बाद आर्मेनिया ने मार्च, 2024 में 84 गन के दूसरे बड़े बैच का ऑर्डर दिया है। अब आर्मेनियाई सेना के पास 90 एटीएजीएस हो गई हैं। टोड होवित्जर की फायरिंग रेंज 45 किमी. से ज्यादा है, इसे मुश्किल इलाकों में हाई एक्यूरेसी, तेजी से तैनाती और असरदार ऑपरेशन के लिए डिजाइन किया गया है।
इससे पहले भारत ने साल 2020 में 350 करोड़ रुपये का सौदा हासिल करके दुश्मन के खतरनाक हथियारों को खोजने में माहिर चार स्वाति वेपन लोकेटिंग राडार (डब्ल्यूएलआर) की आपूर्ति की थी। भारतीय सेना के लिए डिजाइन किए गए इन रडार का उपयोग दुश्मन की तोपों के गोले, मोर्टार और रॉकेट को ट्रैक करने के लिए किया जाता है। दुश्मन के लॉन्चरों पर निगाह रखने के लिए भारत ने इस रडार को पाकिस्तान और चीन की सीमा पर लगाया है। 50 किलोमीटर की रेंज में एक साथ कई दिशाओं से आ रहे गोले और रॉकेट की सही दिशा बताने में ये राडार माहिर है। इसके बाद आर्मेनिया ने रूस निर्मित सुखोई-30 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए भी भारत से मदद मांगी है। भारत को सितंबर, 2022 में आर्मेनिया से मिसाइल, रॉकेट और गोला-बारूद के लिए 245 मिलियन डॉलर का ऑर्डर मिला था। इन सौदों में मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम, एंटी टैंक रॉकेट और गोला-बारूद का अधिग्रहण शामिल था।

# तोशाखाना केस में इमरान खान और बुशरा बीबी को 17-17 साल की सजा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराते हुए 17-17 साल की सजा सुनाई है। यह मामला विदेशी सरकार से मिले महंगे तोहफों को नियमों के खिलाफ बेचने से जुड़ा है। दोनों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। रावलपिंडी की हाई-सिक्योरिटी अदियाला जेल में स्थित विशेष अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। जज शाहरुख अरजुमंद ने इमरान खान और बुशरा बीबी को कुल 17 साल की सजा दी।
अदालत ने उन्हें पाकिस्तानी दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) के तहत 10 साल और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की अलग-अलग धाराओं में 7 साल की सजा सुनाई। इसके अलावा दोनों पर 1 करोड़ 64 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। अदालत ने उम्र और महिला होने को देखते हुए



सजा में कुछ नरमी बरतने की बात कही।

**तोशाखाना-2 केस की पूरी कहानी**

यह मामला 2021 में सऊदी अरब सरकार से मिले महंगे तोहफों से जुड़ा है। आरोप है कि इनमें महंगी घड़ियां, हीरे और सोने के गहनों के सेट शामिल थे, जिन्हें नियमों के अनुसार तोशाखाना में जमा नहीं किया गया। सरकार का कहना है कि इन तोहफों की असली कीमत करीब 7 करोड़ रुपये थी, लेकिन उनका मूल्यांकन सिर्फ 58-59 लाख रुपये दिखाया गया। आरोप है कि इमरान खान और बुशरा बीबी ने इन्हें बेहद कम कीमत पर खरीदने की कोशिश की। तोशाखाना कैबिनेट डिवीजन के तहत आने वाला विभाग है, जहां विदेशी नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों से मिले तोहफे जमा किए जाते हैं। तय नियमों के तहत इन्हें बाद में खरीदा जा सकता है।

**कोर्ट की कार्यवाही**

इस केस में कुल 21 गवाहों ने अदालत में बयान दिए। फैसले के समय इमरान खान और बुशरा बीबी दोनों अदालत में मौजूद थे। इमरान खान ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए खारिज किया। इससे पहले अक्टूबर 2024 में बुशरा बीबी और नवंबर में इमरान खान को इस केस में जमानत मिली थी। हालांकि, दोनों पहले से ही अल-कादिर ट्रस्ट केस में सजा काट रहे हैं। दोनों दोषी हाईकोर्ट में इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकते हैं। इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं और उनसे मुलाकात पर पिछले एक महीने से रोक लगी हुई है। संयुक्त राष्ट्र ने भी उनकी जेल में हालत को लेकर चिंता जताई है।

### अजित पवार की मौत पर संदेह बरकरार, 10 तारीख को दूंगा प्रेजेंटेशन : रोहित पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) नेता रोहित पवार ने हवाई दुर्घटना में अजित पवार की मौत पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि मृत्यु की परिस्थितियों के बारे में सभी को संदेह है और वह 10 फरवरी को इस बारे में विस्तार से बताएंगे। बारामती में जिला परिषद चुनाव में अपना वोट डालने के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि अजित पवार ने एनसीपी गुटों के एकजुट होने की इच्छा जताई थी और विलय की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। महाराष्ट्र में 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के लिए चुनाव शनिवार को हुए। पुणे जिले में 28 जनवरी को बारामती हवाई अड्डे पर उतरने का प्रयास करते समय विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। दिवंगत राकांपा प्रमुख के भतीजे रोहित पवार ने कहा, 'हर किसी के मन में (दुर्घटना के बारे में) सवाल और संदेह हैं। मैं 10 फरवरी को मुंबई में एक प्रेजेंटेशन दूंगा। दुर्घटना क्यों हुई और यह कैसे हुई होगी, ये मुद्दे 10 फरवरी को उठाए जाएंगे।

# दूल्हा स्वरूप में दर्शन देंगे बाबा काशी विश्वनाथ, असम का चेलेंग-गसोमा करेंगे धारण

एजेंसी

**वाराणसी।** महाशिवरात्रि पर्व पर इस वर्ष बाबा विश्वनाथ असम का पारंपरिक परिधान धारण कर दूल्हा स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे। यह विशेष परिधान असम के ऐतिहासिक नगर शिवसागर से मंगाया गया है। टेढ़ीनीम स्थित पूर्व महंत आवास पर होने वाले अनुष्ठानों के दौरान बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा को असमिया पुरुष परिधान चेलेंग और गसोमा धारण कराया जाएगा। यह परिधान असम की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक माना जाता है, जिसमें बाबा का स्वरूप अत्यंत राजसी और दिव्य दिखाई देगा। पूर्व महंत परिवार के प्रतिनिधि पं. वाचस्पति तिवारी ने बताया कि चेलेंग-गसोमा न केवल परिधान के रूप में, बल्कि सांस्कृतिक



संदेश के लिहाज से भी विशेष महत्व रखता है। इसके माध्यम से काशी और असम की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराओं का सुंदर संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि से पूर्व 13 फरवरी को बाबा की हल्दी की रस्म होगी, जबकि महाशिवरात्रि के दिन शिव-विवाह का आयोजन किया जाएगा। महाशिवरात्रि के पश्चात टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास को गौरा-सदनिका में परिवर्तित किया जाएगा। यहीं से अमलका (रंगभरी) एकादशी के दिन माता गौरा की गौना पालकी यात्रा निकाली जाएगी। परंपरा के अनुसार, काशीवासी रजत पालकी में बाबा विश्वनाथ और माता गौरा को विराजमान कर विश्वनाथ मंदिर तक ले जाएंगे, जहां बाबा से होली खेलने की अनुमति मांगी जाएगी। इसी के साथ काशी में फागोत्सव का शुभारंभ होगा। महंत आवास आयोजन समिति के संयोजक संजीव रत्न मिश्र ने बताया कि महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शिव बारात में भी इस वर्ष एक नया आकर्षण जोड़ा गया है।
काशीवासियों की ओर से निकाली जाने वाली शिव बारात में बाबा विश्वनाथ की प्रतीकात्मक प्रतिमा को काशी में निर्मित मलमल और जरी से तैयार राजसी परिधान धारण कराए जाएंगे। मंदिर प्रशासन ने समस्त दर्शनार्थियों से अपील की है कि वे खाली पेट दर्शन के लिए न आएं। वह अपने साथ कोई प्रतिबंधित वस्तु न रखें।

# बांग्लादेश के टॉप हिंदू नेता और पूर्व मंत्री की हिरासत में मौत

एजेंसी

**ढाका।** जेल में बंद बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और अवामी लीग नेता रमेश चंद्र सेन की मौत हो गई है। उन्होंने देश के शीर्ष हिंदू नेताओं में गिना जाता था, जो शेख हसीना की सरकार में जल संसाधन मंत्री रहे चुके थे। पांच बार के सांसद सेन ने साल 2024 में अपना आखिरी चुनाव जीता था। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रथम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, रमेश चंद्र सेन को शनिवार सुबह करीब 9.10 बजे तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन की मौत ने जेल में रखे गए अवामी लीग के सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। जेल सुपरिडेंटेंड के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्व मंत्री की तबीयत शनिवार सुबह करीब 9:00 बजे अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए। उन्होंने तुरंत दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। 9.30 बजे डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 86 साल के रमेश चंद्र सेन कई बीमारियों से जूझ रहे थे। वहीं, मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार, उन्हें जेल के अंदर देखभाल नहीं मिल रही थी।

**हाथ में रस्सी बंधी तस्वीर हुई थी वायरल :** रमेश चंद्र सेन को अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर हत्या समेत तीन आरोप लगाए थे। अगस्त 2024 में सेन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आईं, जिसमें उनके हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। शेख हसीना की सरकार के बाद अवामी लीग के नेता हमलों से बचने के लिए देश छोड़कर भाग रहे थे या गुप्त जगहों पर छिप रहे थे, उस दौरान सेन ने घर पर रहना चुना। उन्हें यकीन था कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है।

**कौन थे रमेश चंद्र सेन :** ठाकुरगांव-1 निर्वाचन क्षेत्र से 5 बार सांसद रहे रमेश चंद्र सेन की गिनती देश के शीर्ष अल्पसंख्यक हिंदू नेताओं में होती थी। उनका जन्म 30 अप्रैल 1940 को ठाकुरगांव जिले के रुहिया यूनियन में हुआ था। वे 2009 से 2014 तक शेख हसीना सरकार में जल संसाधन मंत्री रहे।

# सुमित नागल को डेविस कप क्वालिफायर में मिली शुरुआती हार



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** डेविस कप क्वालिफायर मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका लगा है। देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को पहले सिंगल्स मैच में नीदरलैंड के गाइ डे ओउडेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। तीन सेट तक चले इस मुकाबले में नागल 0-6, 6-4, 3-6 से पराजित हुए, जिसके बाद भारत सीरीज में 0-1 से पीछे हो गया है।

### मैच का हाल

मैच की शुरुआत नागल के लिए बेहद कठिन रही। पहले सेट में गाइ डे ओउडेन ने आक्रामक खेल दिखाते हुए नागल को कोई मौका नहीं दिया और सेट 6-0 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में नागल ने शानदार वापसी की, अपनी लय हासिल की और निर्णायक ब्रेक के साथ 6-4 से सेट जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।

### फैसले में चूके नागल

तीसरे और निर्णायक सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, लेकिन अहम मौकों पर गाइ डे ओउडेन ने बेहतर खेल दिखाया और 6-3 से सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### भारत पर दबाव

इस हार के साथ ही बेंगलुरु में खेले जा रहे डेविस कप क्वालिफायर टाई में भारत पर दबाव बढ़ गया है। अब भारतीय टीम को अगले मुकाबलों में वापसी कर सीरीज में बराबरी हासिल करने की जरूरत होगी, ताकि क्वालिफिकेशन की उम्मीदें बनी रहें।आगामी मैचों में भारतीय खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है, जिससे घरेलू दर्शकों के सामने टीम वापसी कर सके।

# सूर्यकुमार ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अमेरिका के खिलाफ टी20 विश्व कप के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। सूर्यकुमार की दमदार पारी की मदद से ही भारत अमेरिका के सामने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा और उनकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया जिससे भारतीय टीम जीत दर्ज कर सकी। सूर्यकुमार को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

भारत ने टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मुकाबले में अमेरिका को 29 रन से हराकर शानदार आगाज किया है। शनिवार को वानखेड़े में खेले गए ग्रुप मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सूर्यकुमार यादव की नाबाद 84 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में अमेरिका निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 132 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

सूर्यकुमार ने अमेरिका के खिलाफ अपनी शानदार पारी से कई उपलब्धियां अपने नाम दर्ज की। सूर्यकुमार इसके साथ ही भारत के लिए टी20 में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। सूर्यकुमार 105 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 17 बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीत चुके हैं, जबकि विराट कोहली ने 125 मैचों में 16 बार यह अवॉर्ड जीता है। तीसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं जिन्होंने 14 बार पीओटीएम अवॉर्ड जीता है, जबकि अक्षर पटेल आठ बार यह पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं।

### हसरंगा की बराबरी पर पहुंचे अर्शदीप

### युवराज-रोहित से आगे निकले

सूर्यकुमार टी20 विश्व कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने के मामले में युवराज सिंह, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन से आगे निकल गए हैं।

### अर्शदीप के नाम जुड़ी उपलधि

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के नाम भी उपलब्धि दर्ज हो गई है। अर्शदीप टी20 विश्व कप में 15 मैचों के बाद सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से दूसरे गेंदबाज हैं। अर्शदीप के नाम 29 विकेट हैं और वह श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा की बराबरी पर पहुंच गए हैं। हसरंगा के नाम भी 29 विकेट थे। इस मामले में दक्षिण अफ्रीका के एनरिच नॉर्त्जे के नाम सबसे ज्यादा विकेट हैं।

**सर्वाधिक पीओटीएम पुरस्कार**

| खिलाड़ी | पीओटीएम अवॉर्ड | मैच |
|---|---|---|
| सूर्यकुमार यादव | 17 | 105 |
| विराट कोहली | 16 | 125 |
| रोहित शर्मा | 14 | 159 |
| अक्षर पटेल | 8 | 88 |




# छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म शतरंज : अलीशेर सुलेमेनोव 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत में ज़्यादा से ज़्यादा ग्रैंडमास्टर बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए प्रथम छोला शतरंज ग्रैंडमास्टर्स नॉर्म टूर्नामेंट में अब पहला पड़ाव ख़त्म हो चुका है और अब सिर्फ़ अंतिम चार राउंड बाक़ी है . आज खेले गए पाँचवें राउंड के बाद कजाकिस्तान के अलीशेर सुलेमेनोव 3.5 अंक बनाकर सबसे आगे चल रहे है ।ग्रैंड मास्टर नार्म हासिल करने की दौड़ में भारत के एथन वाज, आरोण्यक घोष और औदी अमेय 3 अंक बनाकर उम्मीद क़ायम किए हुए है दरअसल उन्हें 9 राउंड के बाद कम से कम छह अंक हासिल करने है ऐसे में बच्चे हुए चार राउंड में 3 अंक बनाने की चुनौती तीनो के सामने है।




पाँचवें राउंड में क्यूबा के ग्रैंडमास्टर नूरिस देलगाड़ो जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे उन्होंने फ्रांस के माहेल बॉयर को पराजित किया , यह माहेल की प्रतियोगिता में तीसरी हार रही , अन्य मुकाबलों में हर्ष सुरेश नें अलीशेर से , एथन नें फ्रांस के जोसफ गिरेल से, अक्षय बरगोंकर नें मयंक चक्रवर्ती से और अमेय नें आरोण्यक घोष से ड्रा खेला ।

**एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026**

# इलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन ने एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का कॉन्टिनेंटल खिताब सफलतापूर्वक बचाव किया। 26 वर्षीय इलावेनिल ने फाइनल में 252.0 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।इलावेनिल वलारिवन ने छठी सीरीज में निर्णायक बढ़त बनाई और अंत तक उसे कायम रखते हुए अपना तीसरा व्यक्तिगत एशियन खिताब जीता। उन्होंने इससे पहले साल 2019 में अपना पहला एशियन स्वर्ण पदक हासिल किया था फाइनल में जापान की ओलंपियन मिसाकी नोबाटा ने 251.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। वहीं, भारत की मेघना सज्जनार ने 229.5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

**वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी इयान बिशप ने कहा-**

# भारत वर्ल्डकप का दावेदार

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी और दिग्गज कमेंटेटर और इयान बिशप ने अहम बातें कही हैं।



उनका मानना है कि इस वर्ल्ड कप में सिर्फ पावर-हिटिंग नहीं, बल्कि गेंदबाजी की गहराई भी असली अंतर पैदा करेगी।आईसीसी एक्सपर्ट बिशप के मुताबिक वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमें बल्लेबाजी में तो बेहद ताकतवर हैं, लेकिन खिताब जीतने के लिए बॉलिंग यूनिट का मजबूत होना जरूरी है।शुक्रवार को जियोस्टार मीडिया डे के दौरानसबकॉन्टिनेंट की परिस्थितियों पर बात करते हुए बिशप ने कहा, यहां तेज गेंदबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती छोटे मैदान और फ्लैट पिचें हैं। ऐसे में उन्हें यॉर्कर, स्लोअर बॉल, कटर और वैरिएशन पर भरोसा करना होगा।

# दिल्ली से शुरू हुई भारत की पहली प्रोफेशनल किकबॉक्सिंग लीग, 8 टीमों के साथ नया दौर

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत में किकबॉक्सिंग को पेशेवर खेल के रूप में नई पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए किकबॉक्सिंग सुपर लीग (केएसएल) की आधिकारिक शुरूआत दिल्ली में की गई। यह पहल वाको (हअङड) इंडिया नेशनल चैंपियनशिप के दौरान सामने आई और इसे देश की पहली सुव्यवस्थित प्रोफेशनल किकबॉक्सिंग लीग माना जा रहा है। लॉन्च कार्यक्रम में खेल जगत से जुड़े अधिकारी, कोच, खिलाड़ी और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। लीग का उद्देश्य किकबॉक्सिंग को संगठित ढांचे में लाना, खिलाड़ियों को प्रोफेशनल अवसर देना और ग्रासरूट स्तर से लेकर एलीट स्तर तक स्पष्ट प्रगति का मार्ग तैयार करना है।

**8 टीमें, 34-34 फाइटर :** पहले सीजन में आठ फ्रेंचाइजी टीमें भाग लेंगी, जिन्हें वॉरियर क्लान नाम दिया गया है। हर टीम में 34 फाइटर शामिल होंगे। लीग ने पुरुष और महिला खिलाड़ियों की भागीदारी का अनुपात 60:40 रखा है, जिससे महिला खिलाड़ियों को भी पर्याप्त अवसर मिल सकें। सीजन के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी या खिलाड़ियों को कुल मिलाकर एक करोड़ रुपये तक का मेगा परफॉर्मेंस अवॉर्ड देने की भी घोषणा की गई है। लीग के सह-संस्थापक अजय अडलखा ने कहा कि ङरछ को मजबूत प्रशासनिक ढांचे, पारदर्शी प्रक्रियाओं और टिकाऊ आर्थिक मॉडल के साथ विकसित किया जा रहा है।



# इंग्लैंड ने नेपाल को दिया 185 रनों का टारगेट, बेथल-ब्रूक ने लगाई फिटी

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आगाज 7 फरवरी से हो गया है, जिसमें पहले दिन तीन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। वहीं 8 फरवरी को दिन का दूसरा मुकाबला जिसपर सभी की नजरें टिकी हुई हैं वह इंग्लैंड और नेपाल की टीम के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड टीम के कप्तान हैरी ब्रूक ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया है। इंग्लैंड टीम की इस मुकाबले में शुरुआत काफी खराब देखने को मिली है जिसमें दूसरे ओवर में ही उन्होंने अपना पहला विकेट के 5 के स्कोर पर




फिल साल्ट के रूप में गंवा दिया तो वहीं इस मैच में जोस बटलर भी बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा सके और 26 रन बनाकर नंदन यादव की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे।इंग्लैंड को इस मैच में तीसरा झटका टॉम बैंटन के रूप में लगा जो 2 रन बनाकर संदीप लामिछाने की गेंद पर स्क्ब्ब आउट हुए। वहीं जैकब बेथेल ने इस मैच में 28 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया तो वहीं इसके बाद वह 55 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठे। इंग्लैंड टीम के कप्तान हैरी ब्रूक के बल्ले से इस मैच में 32 गेंदों में 53 रनों की पारी देखने को मिली। टी20 इंटरनेशनल में अभी तक इंग्लैंड और नेपाल की टीम ने कभी भी एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला नहीं खेला है, ऐसे में दोनों टीमों के बीच में ये पहली भिड़ंत देखने को मिलेगी। इंग्लैंड की टीम ने अब तक दो बार टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी को अपने नाम किया है, जिसमें उन्होंने साल 2010 और उसके बाद साल 2022 में इसे जीता था। पिछले टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की टीम ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था, जहां उन्हें भारतीय टीम के खिलाफ हुए मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। इस बार इंग्लैंड के लिए टी20 वर्ल्ड कप में कप्तानी की जिम्मेदारी उनके स्टार खिलाड़ी हैरी ब्रूक संभाल रहे हैं।

# बीसीपीएल कॉर्पोरेट पेशेवरों के सपनों को देगा उड़ान : सौरव गांगुली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय दिग्गज क्रिकेटर सौरव गांगुली और जहीर खान ने रविवार को भारतीय कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग (बीसीपीएल) सीजन 4 के ट्रॉफी और जर्सी अनावरण समारोह में शामिल हुए। लीग अपने अब तक के सफर में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्वरूप अपनाने जा रही है, जिसमें दस टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सौरव गांगुली ने कहा कि जब मेरी मुलाकात बीसीपीएल के चेयरमैन सौरभ झा से हुई, तो मैंने उनसे कहा कि हम सभी की शुरूआत कुछ इसी तरह से हुई थी। हमारे शुरूआती दिनों में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसी कोई व्यवस्था नहीं थी। मैंने टाटा स्टील के लिए काम किया और काफी कॉर्पोरेट क्रिकेट खेला, जिससे मुझे जरूरी एक्सपोजर मिला और मैं चयनकताओं की नजर में आया।

गांगुली ने कहा कि बीसीपीएल एक बेहतरीन मंच है, क्योंकि देशभर में क्रिकेट को जुनून के साथ देखा जाता है और अनगिनत लोग प्रतिस्पर्धी स्तर पर क्रिकेट खेलने का सपना देखते हैं। भारतीय कॉर्पोरेट प्रीमियर लीग प्रतिभाशाली कॉर्पोरेट पेशेवरों के लिए दरवाजे खोलेगा और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने तथा क्रिकेट में करियर बनाने का मार्ग प्रदान करेगा। जहीर खान ने भी कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि बीसीपीएल प्रतिभाशाली कॉर्पोरेट पेशेवरों के लिए अपने कौशल को प्रदर्शित करने और अपने क्रिकेटिंग सफर को आगे बढ़ाने का एक शानदार मंच है। क्रिकेट हमेशा से हमारे देश की धड़कन रहा है और भारत में प्रतिभा शायद ही कभी अनदेखी रह जाती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले वर्षों में बीसीपीएल कॉर्पोरेट समुदाय के भीतर छिपी क्रिकेट प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें निखारने का एक मजबूत मंच बनकर उभरेगा। मैं इस शानदार पहल की परिकल्पना करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए सौरभ झा को बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं।

# टी-20 विश्व कप : श्रीलंका ने आयरलैंड को 20 रन से हराया

**तीक्ष्णा-हसरंगा की फिरकी और मेंडिस जोड़ी की दमदार बल्लेबाजी से**

एजेंसी

**कोलंब।** स्पिन जोड़ी महीश थीक्षाणा और वानिंदु हसरंगा की शानदार गेंदबाजी तथा कुसल मेंडिस और कामिंदु मेंडिस की उपयोगी पारियों की बदौलत श्रीलंका ने पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप-बी मुकाबले में आयरलैंड को 20 रन से मात दी। आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए इस मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 163/6 का स्कोर बनाया और जवाब में आयरलैंड की टीम 19.5 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की शुरूआत अच्छी रही, लेकिन मध्य ओवरों में रन गति थम गई और टीम 87/4 पर दबाव में दिखी। इसके बाद कुसल मेंडिस (नाबाद 56, 43 गेंद) और कामिंदु मेंडिस (44, 19 गेंद) ने तेज 67 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से श्रीलंका ने अंतिम पांच ओवर में 60 से ज्यादा रन जोड़े और प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने 105/2 तक मजबूत स्थिति बना ली थी। हैरी टेक्टर और लॉर्कन टकर साझेदारी जमाकर मैच में बने हुए थे, लेकिन लगातार ओवरों में दोनों के आउट होते ही पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद मध्यक्रम दबाव झेल नहीं सका। तीक्ष्णा ने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि हसरंगा ने हैमस्ट्रिंग में तकलीफ के बावजूद 3/25 का प्रभावी स्पेल डाला। अंत में श्रीलंकाई तेज गेंदबाजों ने औपचारिकताएं पूरी करते हुए आयरलैंड की पारी समेट दी। यह जीत भले ही एकतरफा नहीं रही, लेकिन श्रीलंका के लिए दो अहम अंक लेकर आई, जिससे ग्रुप-बी में उसकी स्थिति मजबूत हुई है।

## सवालों के घेरे में पशुओं का चारा

# अमेरिका संग ट्रेड डील को लेकर भारतीय किसानों की बढ़ी चिंताएं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की कई चीजें सामने



आ गई हैं। इस डील में पशुओं का चारा भी शामिल है जो अमेरिका से भारत आएगा। इसे लेकर भारतीय किसानों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं। खासकर पशुओं के चारे के तौर पर मक्का और सोयाबीन तेल के आयात को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। भारत ने मक्का और सोयाबीन पर अपनी सुरक्षा बनाए रखी है। ये दोनों ही फसलें अमेरिका में जेनेटिकली मॉडिफाइड यानी आनुवंशिक रूप से संशोधित होती हैं। लेकिन, भारत ने पशुओं के चारे के लिए सूखे डिस्टिलर्स ग्रेन्स और लाल ज्वार के आयात पर सहमति जताई है। इसके अलावा मेवे , ताजे व प्रोसेस्ड फल और सोयाबीन तेल का भी आयात होगा। क्या है किसानों की चिंता पशुओं के चारे के आयात को मंजूरी मिलने से किसान संगठनों में बेचैनी है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक किसानों के संगठनों का कहना है कि डीडीजी जो मक्के से बनता है, वह भी जेनेटिकली मॉडिफाइड होता है। उन्होंने सोयाबीन तेल के आयात पर भी सवाल उठाए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े भारतीय किसान संघ ने भी इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आश्वासन दिया है कि हमारी सभी फसलें सुरक्षित हैं। भारत में डीडीजीमक्के और चावल से एक उप-उत्पाद के रूप में निकाले जाते हैं। इनकी गुणवत्ता ब्रॉयलर मुर्गियों और डेयरी गायों के चारे के लिए उपयुक्त नहीं होती है। अमेरिका में मक्के से इथेनॉल प्रोडक्शन के उप-उत्पाद के रूप में बनने वाले डीडीजीकी गुणवत्ता बेहतर और कीमत भी कम होती है। किसान संगठनों ने यह भी कहा कि डीडीजी और लाल ज्वार के आयात से लाखों किसानों की आय प्रभावित होगी, जो जानवरों और मुर्गीपालन के लिए चारा और दाना उगाने वाली फसलें उगाते हैं। वहीं सोयाबीन तेल के आयात से भी आर्थिक नुकसान होगा। क्ष्यर के अखिल भारतीय महासचिव मोहिनी मोहन मिश्रा ने कहा कि सरकार को इस पर अपनी स्थिति और स्पष्टता से पेश करनी चाहिए।

## सोना 175000 और चांदी 330000 तक जाएगा तेजी ने फिर बदला माहौल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक बार फिर से सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली। सोने का भाव सर्राफा



बाजार में शुक्रवार की शाम को 150882 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, चांदी का 244929 रुपये प्रति किलो के स्तर पर पहुंच गई थी। इस तेजी के बाद अब निवेशकों के मन में एक बार फिर संशय बन गया है कि आने वाले समय में गोल्ड और सिल्वर का रेट कहां जा कर रुकेगा एक्सपर्ट्स के अनुसार गोल्ड का रेट 175000 रुपये के स्तर तक आने वाले सत्रों में जा सकता है। एक्सपर्ट का मानना है कि गोल्ड इस समय बुलिश ट्रेंड को दिखा रहा है। उनका कहना है कि सोने का भाव अगर 147000 रुपये के पार बना रहा तो यह बुलिश ट्रेंड आगे भी देखने को मिलेगा। सिल्वर का रेट अपने आल टाइम हाई 420048 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंचने के बाद तेजी से नीचे आया। हालिया गिरावट निवेशकों के लिए खरीदारी करने का एक बेहतर मौका लेकर आया है। एक्सपर्ट्स के अनुसार चांदी की कीमतों में कोई भी गिरावट निवेशकों के लिए इन्वेस्टमेंट का मौका लेकर आएगी। ईरान और अमेरिका के बीच हुई सकारात्मक बातचीत और डॉलर के मजबूत होने की वजह से सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली थी। तो यहां शादियों के सीजन की वजह से डिमांड में इजाफा हुई है। इसका भी असर सोने और चांदी की कीमतों पर दिखा है। अपने आल टाइम रेंज पर पहुंचने के समय पर इस बात की चर्चा तेज हो गई थी कि कहीं सोना और चांदी आम - आदमी की पहुंच से बाहर ना हो जाएं।

# 118 अरब डॉलर के अमेरिकी बाजार का दरवाजा खुला

**● भारत-अमेरिका व्यापार समझौता ● भारतीय वस्त्र उद्योग को बड़ा मौका, भारतीय निर्यात को मिलेगा सीधा लाभ**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते ने भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए बड़ा अवसर खोल दिया है। इस समझौते के बाद अमेरिका का 118 अरब डॉलर का आयात बाजार भारतीय कपड़ा और परिधान क्षेत्र के लिए ज्यादा सुलभ हो जाएगा। सरकार ने इसे निर्यात, निवेश और रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम कदम बताया है। अमेरिका पहले से ही भारत के वस्त्र निर्यात का सबसे बड़ा बाजार माना जाता है। वस्त्र मंत्रालय के मुताबिक इस समझौते से भारतीय वस्त्र और परिधान उत्पादों पर लगने वाला 18 प्रतिशत जवाबी शुल्क घटेगा। इससे भारतीय निर्यातकों को कीमत के मामले में सीधा फायदा मिलेगा। मंत्रालय का कहना है कि अब भारत की स्थिति बांग्लादेश, चीन, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मजबूत होगी। बड़े अंतरराष्ट्रीय खरीदार भी अब अपनी खरीद



रणनीति में भारत को प्राथमिकता दे सकते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अमेरिका को भारत का मौजूदा वस्त्र निर्यात करीब 10.5 अरब डॉलर का है। इसमें लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा परिधान का और करीब 15 प्रतिशत मेड-अप्स का है। शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद सस्ते और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। इससे नए ऑर्डर मिलने और निर्यात बढ़ने की उम्मीद जताई गई है। उद्योग को लागत के मोर्चे पर राहत मिलेगी। सरकार ने वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के वस्त्र निर्यात का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय का कहना है कि नया व्यापार समझौता इस लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। अनुमान है कि कुल वस्त्र निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी पांचवें हिस्से से ज्यादा रह सकती है। इससे बाजार जोखिम भी बंटेगा और निर्यात ढांचा मजबूत होगा। इस अंतरिम व्यापार समझौते का फायदा सिर्फ कपड़ा क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा।

# शीर्ष आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4.55 लाख करोड़ बढ़ा

**बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज नंबर वन रही**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में शानदार तेजी देखी गई जिससे निवेशकों के बीच उत्साह का माहौल बना। इस तेजी के पीछे बड़ी कंपनियों के मजबूत प्रदर्शन को मुख्य कारण माना जा रहा है। शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। लाभ में रहने वाली इन आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 4,55,336.36 करोड़ रुपये बढ़ा।

इस सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,41,887.97 करोड़ रुपये बढ़कर 19,63,358.79 करोड़ रुपये हो गया। इसके अलावा एलआईसी का मूल्यांकन 64,926.1 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल 52,516.39 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक 52,476.97 करोड़ रुपये बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, इस तेजी के बावजूद टीसीएस और इंफोसिस के शेयर पीछे रहे। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 88,172.8 करोड़ रुपये घटकर 10,64,242.35 करोड़ रुपये और इंफोसिस का 63,462.66 करोड़ रुपये घटकर 6,26,067.95 करोड़ रुपये रह गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, एलआईसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का क्रम रहा।

### इस सप्ताह शेयर बाजार की निगाहें मुद्रास्फीति और तिमाही नतीजों पर रहेगी

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का मानना है कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी। 12 फरवरी को खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े आने वाले हैं, जो बाजार को महंगाई और आरबीआई की मौद्रिक नीतियों के बारे में संकेत देंगे। इसके एक दिन बाद 13 फरवरी को विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े जारी होंगे, जो विदेशी निवेशकों के रुझान और रुपये की स्थिति पर असर डाल सकते हैं। इस सप्ताह कई प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और आयशर मोटर्स के परिणाम निवेशकों की रुचि का केंद्र होंगे। बाजार के जानकारों के अनुसार, इन नतीजों से न केवल इन कंपनियों के शेयर बल्कि व्यापक बाजार पर भी असर दिखाई देगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और नैस्डैक कंपोजिट के हालिया प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। इसके साथ ही, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और जिंस (कमोडिटी) बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी महत्वपूर्ण रहेगा। भारत और अमेरिका ने हाल ही में एक अंतरिम व्यापार समझौते पर सहमति जताई है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी होगी। यह कदम द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही बाजार में सकारात्मक संकेत दे सकता है। अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जायेगा।

## हर शेयर पर डिविडेंड का ऐलान, रिकॉर्ड डेट भी तय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महानगर गैस लिमिटेड ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। इस तिमाही में कंपनी का ऑपरेशंस से रेवेन्यू 12 प्रतिशत बढ़कर 2265.97 करोड़ हो गया है। रेवेन्यू में बढ़ोतरी के बावजूद कंपनी ने प्रॉफिट में गिरावट दर्ज की। कंपनी का नेट प्रॉफिट 9.4 प्रतिशत घटकर 201.97 करोड़ हो गया, जो एक साल पहले 223 करोड़ था। एबिटा की बात करें तो 352.07 करोड़ था। शेयरहोल्डर्स को इनाम देने के लिए कंपनी के बोर्ड ने एक बड़ा अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। महानगर गैस लिमिटेड निवेशकों के लिए अच्छी खबर यह है कि कंपनी के बोर्ड ने एफवाय 2025-26 के लिए प्रति इक्विटी शेयर 12 का अंतरिम डिविडेंड (10 की फेस वैल्यू पर 120 प्रतिशत) देने की घोषणा की है। कंपनी ने शेयरधारकों की पात्रता तय करने के लिए शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 को रिकॉर्ड डेट तय की है। डिविडेंड की घोषणा के 30 दिनों के अंदर इसका भुगतान कर दिया जाएगा। अब सोमवार को कंपनी के शेयर पर निवेशकों की नजर रहेगी। बता दें कि बीते शुक्रवार को महानगर गैस लिमिटेड के शेयर की बात करें तो 7.66 प्रतिशत चढ़कर 1153.30 रुपये पर पहुंच गया। शेयर का ट्रेडिंग रेंज 1164.40-1072.45 रुपये के बीच रहा। मोतीलाल ओसवाल ने शेयर का टारगेट प्राइस 1535 रुपये तय किया है। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 1586 रुपये है। शेयर के 52 हफ्ते का लो 1,019 रुपये है। महानगर गैस के प्रमोटर के पास 32.50 फीसदी हिस्सेदारी है। वहीं, पब्लिक शेयरहोल्डर्स के पास 67.50 फीसदी हिस्सेदारी है। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ।

## आईडीबीआई को खरीदने की रेस में कोटक महिंद्रा नहीं, बैंक ने खुद बता दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक लिमिटेड को खरीदने में प्राइवेट सेक्टर के कोटक महिंद्रा बैंक ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है। बैंक ने शनिवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि उसने आईडीबीआई बैंक के लिए कोई फाइनेंशियल बिड सबमिट नहीं किया है। दरअसल, मीडिया में ऐसी खबरें चल रही थीं कि कोटक ने आईडीबीआई बैंक की खरीदारी के लिए कदम बढ़ाए हैं। अब कोटक बैंक ने खुद इसे खारिज कर दिया है। सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने शुक्रवार को कहा कि सरकार को आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश के लिए वित्तीय बोलियां प्राप्त हुई हैं। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। दीपम सचिव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा- आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक विनिवेश के लिए वित्तीय बोलियां प्राप्त हो गई हैं। निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप उनका मूल्यांकन किया जाएगा। आईडीबीआईबैंक के निजीकरण की प्रक्रिया पिछले तीन वर्षों से अधिक समय से लटकी हुई है। सरकार ने अक्टूबर, 2022 में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में कुल 60.72 प्रतिशत हिस्सेदारी को बेचकर इसके निजीकरण के




लिए अभिरुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए थे। इसमें केंद्र सरकार की 30.48 प्रतिशत और एलआईसी की 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी शामिल है। इसके बाद विभाग ने जनवरी, 2023 में कहा था कि उसे आईडीबीआई बैंक के लिए कई ईओआई मिले हैं। आईडीबीआई बैंक के संभावित खरीदार को गृह मंत्रालय की तरफ से पहले ही सुरक्षा मंजूरी दी जा चुकी है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी मंजूरी दे दी है। रणनीतिक विनिवेश प्रक्रिया के अगले चरण में लेनदेन सलाहकार और संपत्ति मूल्यांकनकर्ता की मदद से एक आरक्षित मूल्य तय किया जाएगा। इसके बाद पहले से प्राप्त सीलबंद वित्तीय बोलियों को बोलीदाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। सफल बोलीदाता वही होगा, जिसकी बोली सभी वैध बोलियों में सबसे अधिक होगी और आरक्षित मूल्य से अधिक होगी।

# डेयरी में करीब पांच प्रतिशत गिरावट

**लगातार 5वें माह विश्व खाद्य कीमतें गिरीं, चावल की महंगाई बनी चुनौती**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की एफएओ रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2026 में वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार पांचवें महीने गिरावट दर्ज हुई। दूध, चीनी और मांस सस्ते हुए हैं, जिससे महंगाई के दबाव में कुछ राहत के संकेत मिले हैं। हालांकि चावल और वनस्पति तेल की कीमतें बढ़ी हैं।

भारत सहित दुनिया भर में महंगाई से जूझ रहे करोड़ों लोगों के लिए जनवरी 2026 ने कुछ राहत के संकेत दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार पांचवें महीने गिरावट दर्ज की गई है। दूध, चीनी और मांस जैसे जरूरी उत्पादों के सस्ते होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में नरमी आई है, हालांकि चावल और वनस्पति तेल की बढ़ती कीमतें अब भी चिंता का कारण बनी हुई हैं। एफएओ का फूड प्राइस इंडेक्स, जो दुनिया भर में कारोबार होने वाले प्रमुख खाद्य उत्पादों की मासिक कीमतों में बदलाव को दर्शाता है, जनवरी 2026 में औसतन 123.9 अंक पर रहा। यह दिसंबर 2025 की तुलना में 0.4 फीसदी कम और पिछले साल की समान अवधि से 0.6 फीसदी नीचे है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल मिलाकर वैश्विक बाजार में राहत के संकेत हैं,




लेकिन कुछ जरूरी वस्तुओं की महंगाई आने वाले महीनों में चुनौती बन सकती है।

जनवरी में अनाज की कीमतों में दिसंबर 2025 की तुलना में मामूली 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई और अनाज मूल्य सूचकांक औसतन 107.5 अंक पर रहा। इस दौरान गेहूं और मक्के की वैश्विक कीमतों में हल्की गिरावट देखने को मिली।

एफएओ के अनुसार दुनिया में गेहूं का पर्याप्त भंडार होने के कारण रूस और अमेरिका में मौसम से जुड़ी चिंताओं का असर सीमित रहा। अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया में अच्छी फसल की उम्मीद और वैश्विक स्तर पर ऊंचे भंडार भी कीमतों को नियंत्रित रखने में मददगार रहे। इसके उलट, जनवरी में चावल की कीमतों में 1.8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। खास तौर पर खुशबूदार किस्मों की मांग बढ़ने से बाजार में मजबूती आई। इससे आयातित खाद्य उत्पादों की लागत कम होने की संभावना है। चीनी उत्पादन में भारत की बड़ी वृद्धि से घरेलू आपूर्ति मजबूत रहने और निर्यात संभावनाएं बढ़ने के संकेत हैं। इसका लाभ किसानों, चीनी मिलों को हो सकता है। हालांकि चावल, वनस्पति तेल चुनौती में हैं।

भारत-थाईलैंड में चीनी के उत्पादन में वृद्धि के संकेत : एफएओ के आंकड़ों के मुताबिक जनवरी 2026 में चीनी मूल्य सूचकांक में 1 प्रतिशत की गिरावट रही। दिसंबर 2025 में 90.7 अंक पर रहा यह सूचकांक जनवरी में घटकर 89.8 पर आ गया। इसके पीछे भारत में उत्पादन में वृद्धि, थाईलैंड से सकारात्मक संकेत और ब्राजील में अच्छे उत्पादन अनुमानों के चलते वैश्विक आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

# ट्रेड डील के बाद भी रुस से तेल खरीदी पर ट्रंप दे रहे धमकी

**केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर अब तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया, बहस अब भी जारी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हुई है। इस डील का फ्रेमवर्क बीते दिन वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विस्तार से बताया था। इस दौरान उन्होंने कई पहलुओं पर जानकारी दी, जिन पर दोनों देशों के बीच सहमति बनी है। हालांकि भारत के रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर बहस अब भी जारी है। केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर अब तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। बता दें अमेरिका की तरफ से पहले ही दबाव बनाया जा रहा था कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदे, तभी किसी समझौते को आगे बढ़ाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने



एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत भारत पर लगाए गए 25 फीसदी टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया है। ट्रेड डील का ऐलान भी ट्रंप ने ही किया था। ट्रंप का दावा था कि पीएम नरेंद्र मोदी रूस से तेल नहीं खरीदने पर सहमत हुए हैं और भारत अब अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

इसके ऐलान के साथ अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में ट्रंप ने रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को कम करने पर अलग से प्रतिक्रिया नहीं दी थी। ट्रंप ने कहा कि भारत ने आश्वासन दिया है कि वह सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल नहीं खरीदेगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दस सालों में भारत अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाएगा। यह टिप्पणी इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत रूस के साथ रक्षा उपकरणों के क्षेत्र में लंबे समय से सहयोग करता रहा है। एग्जीक्यूटिव आदेश में ट्रंप ने धमकी भरे अंदाज में कहा है कि अगर अमेरिकी वाणिज्य मंत्री को यह पता चलता है कि भारत रूसी तेल खरीद रहा है, तो ट्रंप प्रशासन भारत के खिलाफ आगे की कार्रवाई या 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ दोबारा लगाने पर विचार कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन टिप्पणियों पर भारत सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# इनकम टैक्स रूल्स के ड्राफ्ट पेपर जारी

नई दिल्ली। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इनकम-टैक्स नियम, 2026 का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। ये ड्राफ्ट नियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होने का प्रस्ताव है। इन ड्राफ्ट नियमों में कई दूसरी पहलों के साथ-साथ इनकम टैक्स रिटर्न फाइलिंग फॉर्म को आसान बनाया गया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने एक बयान में कहा कि ड्राफ्ट नियम और फॉर्म करीब 15 दिनों के लिए पब्लिक डोमेन में रहेंगे। सभी स्टेकहोल्डर्स और आम जनता से अनुरोध है कि वे इन ड्राफ्ट नियमों और फॉर्म को देखें और उन पर सोच-समझकर फीडबैक दें ताकि और बेहतर किया जा सके । आपको बता दें कि 15 दिन की अवधि 22 फरवरी, 2026 को पूरी हो रही है। सीबीडीटीका कहना है कि ड्राफ्ट नियमों का हिस्सा नए फॉर्म को भी टैक्स देने वालों की आसानी के लिए काफी हद तक आसान बनाया गया है। बीते दिनों सीबीडीटीके चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बताया था कि इसके अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा था कि सीबीडीटीनए कानून पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और एक प्रस्तुति तैयार करने पर भी काम कर रहा है। यह नए अधिनियम के लागू होने के साथ जनता के लिए उपलब्ध होगी ताकि उन्हें चीजों को समझने में आसानी हो। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। नांगिया ग्लोबल के पार्टनर संदीप झुनझुनवाला ने ईटी से कहा- इनकम टैक्स फॉर्म्स को आसान बनाया गया है। फॉर्म को ज्यादा साफ, आसानी से समझ में आने वाली भाषा में तैयार किया गया है ताकि ऑपरेशनल, एडमिनिस्ट्रेटिव या कानूनी अनिश्चितता से बचा जा सके और उनसे जुड़े नोट्स को भी उसी हिसाब से आसान बनाया गया है। खास बात यह है कि ड्राफ्ट फॉर्म नंबर 26, ऑडिट रिपोर्ट और इनकम-टैक्स एक्ट, 2025 की धारा 63 के तहत दी जाने वाली जानकारियों का स्टेटमेंट, एडजस्टमेंट का प्रावधान करता है।

# कुसुम टिकरा में आयोजित बिज्ञान परदरसनी में भाग लेवल प्रतिभागी सम्मानित

सोनू सपवार

**सिल्ली।** बेदिया युवा मंच द्वारा सिल्ली कर कुसुम टिकरा में आयोजित बिज्ञान परदरसनी युवा महोत्सव में भाग लेवेक वाला छउवामन के सम्मानित करल गेलक। बेदिया युवा मंच कर कुच्चु पंचायत मुखिया सहदेव बेदिया ग्राम बदरी बुटगोड़ा कर छउवामन के सिछा, स्वास्थय, बिज्ञान, कला, संस्कृति कर छेतर के बढ़ावा देवेक कर काम करेक वाला छउवामन के मेडल आउर परसस्ति पत्र देइ के प्रोत्साहन करल गेलक। बिज्ञान परदरसनी कर आयोजक कर्ता गिरधारी कुमार मांझी (डीआरडीओ डायरेक्टर) अजय कुमार मांझी, लखींद्र बेदिया, दिनेश बेदिया, इंदु बेदिया, चारु प्रसाद मांझी, त्रिदेव बेदिया, गुहीराम बेदिया, अनूप बेदिया, छोटू बेदिया सामिल रहयं। जेकर में कुसुम टिकरा गांव कर गनमान्य गोतियामन आउर ग्रामवासी सोहराय बेदिया, ललकु भोक्ता, लहरु बेदिया, सिकंदर बेदिया शिकारी बेदिया, जयनंदन बेदिया, तिलका बेदिया, अघनु बेदिया रामू बेदिया संगे आउरों गंवईयामन सामिल रहयं।





## गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा बिसेस दीवान कर करलक आयोजन



**300 गो छउवामन पढ़लयं श्री जपजी साहिब जी कर सामूहिक पाठ**

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा आगामी फाइनल एग्जाम में सामिल होवेक वाला छउवामन ले एगो बिसेस दीवान कर आयोजन करल गेलक। एतवार के बिहाने 9.15 बजे से सजाल गेल ई दीवान में समाज कर लगभग 300 गो छउवामन स्वयं उच्चारन कर श्री जपजी साहिब जी कर पाठ सामूहिक रूप से करलयं।

छोट-छोट छउवामन स्टेज में बैइठ के श्री जपजी साहिब साहिब जी कर पाठ करलयं आउर दूसर के भी जाप करालयं। पाठ समाप्ति कर बाद श्री आनंद साहिब जी कर पाठ पढ़ल गेलक। अरदास हुकुमनामा आउर कढ़ाह प्रसाद बितरन कर संगे साथ दीवान कर समाप्ति बिहाने 10.15 बजे भेलक। ई मौका में सत्संग सभा द्वारा आसीस कर तौर में छउवामन कर बीच रबर आउर पेंसिल कर बितरन करल गेलक। मंच संचालन मनीष मिड्ढा करलयं। सत्संग सभा कर सचिव सुरेश मिड्ढा बतालयं कि ई दीवान कर आयोजन कर मकसद छउवामन कर फाइनल एग्जाम कर सफलता ले उनकर हौसला आफजाई करेक रहे। दीवान समाप्ति कर बाद चाय नासता कर लंगर भी चलाल गेलक।

आइज कर दीवान में सत्संग सभा कर अध्यछ अर्जुन देव मिड्ढा, सुरेश मिढ़ा, बिनोद सुखीजा, हरविंदर सिंह बेदी, हरगोबिंद सिंह, लेखराज अरोड़ा, अनूप गिरधर, अशोक गेरा, कवलजीत मिड्ढा, मनीष गिरधर, रमेश पपनेजा, इन्दर मिढ़ा, शैंकी मिढा, दिनेश गाबा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, रमेश तेहरी, वेद प्रकाश मिढ़ा सामिल रहयं। इकर अतिरिक्त प्रकाश अरोड़ा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजेन्द्र मक्कड़, सूंदर दास मिढ़ा, जीतू काठपाल, पाली मुंजाल, बसंत काठपाल, हरीश मिढ़ा, हरविंदर सिंह, सूरज झंडई, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल मुंजाल, प्रवीण मुंजाल, पंकज मिड्ढा, पवनजीत सिंह खत्री संगे अन्य भी सामिल रहयं।







# बेस खबर, अब 15 फरवरी तक खुलल रही लोक भवन उद्यान

## एतवार के उमड़लक भीड़, ढाई लाख से बेसी अदमीमन करलयं भरमन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** आम अदमी ले बेस खबर। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार लोक भवन, रांची उद्यान के आम नागरिकमन कर घुमेक ले 15 फरवरी, 2026 तक खुलल राखेक कर निरदेस देइ हयं। एतवार के भीड़ ढेइर बगरा रहे। ढाई लाख से बेसी अदमीमन भरमन करलयं। लोक भवन उद्यान देखेक कर प्रति अदमीमन कर उत्साह आउर सहभागिता बढ़ते जाथे। इके धेयान में राखते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पहिले निर्धारित अवधि (2 फरवरी से 8 फरवरी) के आगामी एक हप्ताह ले बढ़ायेक कर आदेस देइ हयं। अब लोक भवन उद्यान 15 फरवरी, 2026 तक आम नागरिकमन कर भरमन आउर परिदरसन ले खुलल रही।

उद्यान भरमन कर बेरा पहिले कर भाँति रोज दिन बिहाने 10 बजे से दूपहर 3 बजे तक निर्धारित आहे। लोक भवन उद्यान घुमेक कर इच्छुक नागरिक लोक भवन कर गेट संख्या 2 से सुरछा जांच कर बाद दूपहर 1 बजे तक प्रवेस कइर सकयंना। छुट्टी कर दिन रहेक कर चलते एतवार के उद्यान के देखेक वालामन कर भीड़ उमइड़ गेलक। आइज 2,66,816 झन लोक भवन उद्यान कर भरमन आउर परिदरसन करलयं। एखन तक 492470 झन लोक भवन उद्यान कर भरमन आउर परिदरसन करलयं।



# ट्रस्ट करालक झारखंड फूड आउर चित्रकला प्रतिजोगिता





प्रातः नागपुरी संवाददाता

पिठोरिया। कांके परखंड कर मनातू गांव में आदर्श स्वयं सहायता ग्रामीण विकास समूह ट्रस्ट झारखंड फूड आउर चित्रकला प्रतिजोगिता कर आयोजन करलक। स्व अनिल टाइगर कर याइद में इकर आयोजन करल जाए रहे। ई अवसर में बतौर मुध गोतिया सत्तारुढ़ दल कर मुध सचेतक सह टुंडी बिधायक मथुरा प्रसाद महतो, बिसिस्ट गोतिया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी कर एचओडी डॉ विनय भरत रहयं।

सम्मानित गोतिया कर तौर में कुर्मी विकास मोर्चा कर केन्द्रीय अध्यछ शीतल ओहदार, जिला परिसद सदस्य सुषमा देवी, समाजसेवी लता देवी (स्व अनिल टाइगर कर धर्मपत्नी), आसिस्टेंट प्रोफेसर करमा कुमार, मुखिया पूनम देवी, उपमुखिया प्रतिमा देवी, ग्राम प्रधान राजेश मुंडा, अनुज महतो, रंजीत महतो आउर अनेक गनमान्य अदमी पहुंचल रहयं। ट्रस्ट कर अध्यछ अनुप कुमार महतो घोसना करलयं कि फूड प्रतिजोगिता में ललिता देवी ग्रुप के पहिल पुरस्कार, सुदाम देवी ग्रुप के दूसर पुरस्कार आउर रिया कुमारी ग्रुप के तीसर पुरस्कार देवल जात हे।

मनातू गांव कर सरकारी आउर गैर सरकारी दुईयों बिद्यालय कर सउब वर्ग कर छउवामन के चित्रकला प्रतिजोगिता ले पहिल, दूसर आउर तीसर पुरस्कार देल गेलक। ई अवसर में ट्रस्ट कर सचिव संजय कुमार महतो, कोसाध्यछ उमेश कुमार, कार्यकारिनी सदस्य अजित कुमार,आशीष कुमार, रामप्रसाद महतो, प्रेम किशोर महतो अर्जुन महतो बल्लू, फुलेश्वर महतो अन्य गनमान्य अदमी मौजूद रहयं।



मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर** : शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड** : कुमार राजेश। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com